जबलपुर, सोमवार
दिनांक 02 मार्च 2026
वर्ष 31 अंक 247
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'हर सुबह खुद को साबित करने का और अपनी दिशा निर्धारित करने का एक नया अवसर लाती है'

2 92 हजार की वसूली आदेश...
5 अवैध शराब ने ठेकेदार की...
7 खामेनेई की मौत : कहीं...
11 वन्य-जीव संरक्षण और संवर्धन...

# भीषण बमवारी...खत्म हुई खामेनेई की पारी

## आसमान पर ईरान का गुस्सा, दोहा से दुबई तक धमाके

नई दिल्ली/तेहरान

रविवार को ईरान ने इजराइल और खाड़ी अरब देशों को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं। यह कदम सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद जवाबी कार्रवाई के रूप में बताया गया। दोहा, दुबई, अबू धाबी और मनामा में जोरदार धमाके सुनाई दिए, कई जगह धुआं उठा। दोहा में प्रत्यदर्शियों ने बताया कि उन्होंने कई तेज धमाके सुने और शहर के दक्षिण में सुबह के साफ़ आसमान में घना काला धुआँ उठते देखा।यूएई, कतर और अन्य खाड़ी देशों पर ईरान के मिसाइल-ड्रोन हमलों के दावे हैं। इजराइल ने ईरान में 30 से अधिक ठिकानों पर हमले की बात कही। अमेरिकी राष्ट्रपति




डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान हमले तेज न करे, वरना अमेरिका अभूतपूर्व ताकत से जवाब देगा। वहीं, इजराइली सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जमीर ने कहा कि वायुसेना ने पूरे ईरान में सैकड़ों ठिकानों को निशाना बनाया। एक अधिकारी के मुताबिक, अभियान में सैन्य, सरकारी और खुफिया ठिकाने शामिल थे। रिपोर्ट्स में ईरानी सैन्य प्रमुख जनरल अब्दोल रहीम मूसावी और रक्षा मंत्री जनरल अजीज नासिरजादेह के मारे जाने का दावा है। साथ ही रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़े अली शमखानी की मौत की घोषणा भी की गई। इसके बाद से ईरान का मिडिल ईस्ट के राज्यों पर लगातार हमला जारी है। आज सुबह से कतर, दुबई, अबू धाबी में मिसाइल-ड्रोन से अटैक हो रहे हैं। कतर में मौजूद भारतीयों ने हमले के वीडियो भी शेयर किए हैं। उधर, ओमान की खाड़ी में अमेरिकी सेना के हमले के बाद एक ईरानी जहाज समुद्र में डूब गया है।

### पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास पर हमला, 12 मौतें

ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के विरोध में पाकिस्तान के कराची में हजारों शिया मुसलमानों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया। इजराइल-अमेरिका के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी दूतावास में घुसने की कोशिश की। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों की फायरिंग में 12 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। कई युवक घायल भी हैं। पाकिस्तान के ही स्कर्दू में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस के ऑफिस में आग लगा दी है।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तीखा टकराव

अमेरिका-इजरायल के ईरान पर हुए हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की हुई आपातकालीन बैठक में अमेरिका-इजरायल का ईरान के साथ तीखा टकराव हुआ। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने दोनों पक्षों से हमलों को रोकने और संघर्ष को और अधिक फैलने से बचाने के लिए बातचीत की मेज पर लौटने की अपील का नेतृत्व किया। अमेरिका-इजरायल दोनों ने इन हमलों को एहतियाती बताया है। इसका उद्देश्य एक ऐसे शासन को रोकना है, जो इजरायल के अस्तित्व के लिए खतरा बना हुआ है। संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा, हम उग्रवाद को अजेय होने से पहले ही रोक रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि परमाणु हथियारों और बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस कोई भी कट्टरपंथी शासन हमारे लोगों या पूरी दुनिया को डरा न सके।

### कई देशों ने जताया विरोध

ईरान पर अमेरिका-इजरायली हमले को लेकर कुछ देशों ने खुलकर विरोध किया है।संयुक्त राष्ट्र समेत रूस, यूरोपीय संघ, चीन, दक्षिण अफ्रीका, उत्तर कोरिया, मलेशिया, चीन, ओमान, इराक आदि देशों ने रविवार को खुले शब्दों में ईरान पर हमले का विरोध किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस प्रमुख ने रविवार को ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हवाई हमलों की निंदा की और क्षेत्र तथा दुनिया को तबाही के कगार से वापस लाने के लिए तत्काल बातचीत शुरू करने का आह्वान किया। गुटेरेस ने कहा कि अमेरिका-इजरायल का हमला संयुक्त राष्ट्र चार्टर सहित अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। उन्होंने बहरीन, इराक, जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करने के लिए ईरान के जवाबी हमलों की भी निंदा की।

## एक घंटे में 2.5 लाख पौधे रोपे

वाराणसी (वार्ता)। काशी ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया। वाराणसी के सुजाबाद डोमरी क्षेत्र में आयोजित वृहद पौधरोपण अभियान के दौरान मात्र एक घंटे में 2,51,446 पौधे रोपकर चीन के आठ वर्ष पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया गया। इससे पूर्व 10 मार्च 2018 को चीन के हेनान प्रांत में 1,53,981 पौधे लगाकर रिकॉर्ड बनाया गया था। इस उपलब्धि की आधिकारिक पुष्टि के बाद गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के जज ऋषिनाथ ने महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल को प्रमाणपत्र प्रदान किया।

## सीजेआई ने 16 नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स की नींव रखी

**तिरुपति।** भारत के चीफ जस्टिस, जस्टिस सूर्यकांत ने रविवार को तिरुपति जिले के दमिनेदु में 16 नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स की नींव रखी। सीजेआई ने भूमि पूजन में हिस्सा लिया और फाउंडेशन प्लाक का भी अनावरण किया। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश पुलिस ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। इस इवेंट में आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस जस्टिस धीरज सिंह ठाकुर, सुप्रीम कोर्ट के जज पीएस नरसिम्हा, प्रशांत कुमार मिश्रा, एसवी एन भट्टी और जॉयमाल्या बागची भी शामिल हुए।



# नागपुरः बारूद कंपनी में विस्फोट से 17 की मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र में नागपुर जिले के राउलगांव स्थित गोला-बारूद निर्माण कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में रविवार सुबह करीब 7 बजे धमाका हो गया। हादसे में 17 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हो गए। घायलों में से कई की हालत गंभीर है। हादसे की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची। फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। फायर ब्रिगेड ने बताया कि ब्लास्ट से कंपनी में चारों तरफ मलबा फैल गया है। मलबे में दबे कुछ कर्मचारियों को निकाला गया है। 15 घायलों को नागपुर के अस्पताल ले जाया गया है। वहीं पीएम मोदी ने घटना पर शोक जताया, साथ ही मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। नागपुर के कलमेश्वर में स्थित एसबीएल एनर्जी लिमिटेड (पूर्व में स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड) औद्योगिक विस्फोटकों की एक प्रमुख निर्माता कंपनी है। यह कंपनी खनन परियोजनाओं के लिए विस्फोटक, डेटोनेटर जैसे विस्फोटक बनाती है। रविवार सुबह कर्मचारियों ने काम शुरू ही किया था, तभी प्लांट में डेटोनेटर बनाने की प्रोसेस के दौरान एक तेज धमाका हो गया। विस्फोट इतना भीषण था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। हादसे के दौरान कंपनी में 30 से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे थे।

**18 लोगों की हालत गंभीर, मटेरियल बनाते वक्त हुआ धमाका**

### सीएम फडणवीस ने खेद जताया

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट कर कहा- एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी घटनास्थल पर मौजूद हैं। 17 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। मैं मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इस घटना में 18 लोग घायल हुए हैं। घायलों को तुरंत नागपुर ले जाया गया है। आपातकालीन आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## मिडिल ईस्ट में सीबीएसई की परीक्षा रद्द

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने मध्य पूर्व क्षेत्र में कक्षा 10वीं और 12वीं की 2 मार्च 2026 को निर्धारित परीक्षाएं स्थगित कर दी है। वर्तमान जंगी स्थिति को देखते हुए बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई में सीबीएसई संबद्ध स्कूलों की परीक्षाएं टाली गई हैं। बोर्ड ने 3 मार्च को बैठक कर 5 मार्च से आगे की परीक्षाओं पर फैसला लेने का ऐलान किया है।

## दुबई में फंसे महाकाल के पुजारी, इंदौर के पूर्व विधायक

**इंदौर।** अमेरिका-इजराइल का ईरान पर लगातार दूसरे दिन हमला जारी है। ईरान मिडिल ईस्ट के देशों पर हमले जारी रखे हुए है। सुबह से कतर, दुबई और अबू धाबी में मिसाइल और ड्रोन हमले हो रहे हैं।कई इंटरनेशनल फ्लाइट कैंसिल की गई हैं। इन सबके बीच दुबई गए इंदौर के नेता और बिजनेसमैन के साथ-साथ उज्जैन के महाकाल मंदिर के पुजारी भी फंसे हुए हैं। दुबई में फंसे पूर्व विधायक संजय शुक्ला ने एक वीडियो जारी कर हालात की गंभीरता बताई है। वीडियो में वे अपने पीछे उठते धुएं और आग के गुबार दिखा रहे हैं। वह कह रहे हैं कि शहर में लगातार बम गिर रहे हैं। यहां स्थिति सामान्य नहीं है। उनकी और अन्य भारतीयों की जान को खतरा है। शुक्ला ने बताया कि दुबई में बमों से हमले हो रहे हैं। एयरपोर्ट पर भी बम से हमला हुआ है। उनकी जान को खतरा है।

# गुरुओं का बलिदान और एकता हमारी ताकत: मोदी

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी समागम हिंद-दी-चादर को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया। उन्होंने गुरु साहिब को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का इतिहास वीरता और आपसी सहयोग का रहा है। उन्होंने जोर दिया कि जब गुरुओं ने त्याग की मिसाल पेश की, तब समाज की एकता ने बड़ी भूमिका निभाई। पीएम के मुताबिक, आज के समय में भी देश को वैसी ही सामाजिक एकता की जरूरत है और संगत का यह जज्बा हमें भरोसा दिलाता है कि संतों का आशीर्वाद हमारे साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमारी सरकार सिखों के सम्मान और न्याय को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने 1984 के दंगों की जांच के लिए एक विशेष जांच समिति का गठन किया और 1984 के दंगों के मामलों को फिर से खोला गया। कई मामलों में दोषियों को सजा दी गई। 1984 के पीड़ितों के परिवारों के लिए अतिरिक्त मुआवजे की घोषणा की गई और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को अधिक सक्रिय भूमिका दी गई।



प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, जब अफगानिस्तान में सिख भाइयों की सुरक्षा और गुरु ग्रंथ साहिब के सम्मान की बात आई, तो हमारी सरकार ने मिशन मोड में काम किया। हम गुरु ग्रंथ साहिब के अवशेषों को सुरक्षित और सम्मान के साथ वापस लाए। हमने अफगान सिखों और हिंदुओं के लिए नागरिकता का मार्ग प्रशस्त किया। हमने सीएए के माध्यम से सताए गए सिख शरणार्थियों को राहत प्रदान की। जम्मू और कश्मीर में सिख परिवारों के लिए पुनर्वास पैकेज भी लागू किए गए। इसी तरह, ओसीआई और वीजा नियमों को सरल बनाया गया। हजारों ब्लैकलिस्टेड सिखों को ब्लैकलिस्ट से हटाया गया। भारत यात्रा की प्रक्रिया को सरल बनाया गया।

# बड़वानी के नागलवाड़ी में होगी कृषि केबिनेट

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की कृषक कल्याण वर्ष में अनूठी पहल

भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में मनाए जा रहे किसान कल्याण वर्ष में किसानों के हित में लगातार कार्य किया जा रहा है। हमारा यह संकल्प है कि प्रदेश के अन्नदाताओं को आत्म-निर्भर बनाते हुए उनकी आय को दोगुना किया जाये। इसी क्रम में सोमवार 2 मार्च को जनजातीय बहुल जिले बड़वानी के नागलवाड़ी में किसान कल्याण वर्ष की पहली कृषि केबिनेट होने जा रही है। इस दिन नागलवाड़ी से ही सरकार किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेगी। राज्य सरकार का मंत्री-मंडल पूरा दिन नागलवाड़ी में रहेगा, जहाँ कृषि केबिनेट सहित प्रबुद्धजन एवं किसानों के साथ संवाद होगा और कृषि एवं जनजातीय



कल्याण पर केन्द्रित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। लगभग 6 हजार की जनसंख्या वाला ग्राम नागलवाड़ी जनजातीय बहुल ग्राम है। यहाँ मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में होने वाली कृषि केबिनेट न केवल बड़वानी जिले अपितु पूरे निमाड़ क्षेत्र के विकास के लिए निर्णायक साबित होगी। नागलवाड़ी स्थित 800 वर्ष पुराना प्राचीन भिलट देव मंदिर जनजातीय आस्था में विशेष महत्व रखता है। कृषि केबिनेट के बाद पूरा मंत्री-मंडल इस मंदिर में दर्शन भी करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कृषि केबिनेट के बाद किसानों और प्रबुद्धजन से संवाद भी करेंगे। संवाद के दौरान एक ओर प्रदेश एवं किसानों के हित में किये जा रहे कार्यों एवं योजनाओं को साझा किया जायेगा, वहीं क्षेत्र विकास के लिये किसानों एवं प्रबुद्धजन के विचारों और उनकी अपेक्षाओं को जाना जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर जनजातीय विकास और कृषि आधारित विकास प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं मंत्रि-परिषद के सदस्य जनजातीय समाज के जुलवानिया में आयोजित भगोरिया हाट की परम्परा में भी शामिल होंगे। केबिनेट के अलावा होने वाले सभी कार्यक्रमों में जनजातीय परम्परा की स्पष्ट झलक दिखाई देगी।

# मोदी सरकार की विदेश नीति बहुत कमजोर: कांग्रेस

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल और देशहित के विपरीत बताते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की स्थिति कमजोर हुई है इसलिए इसमें पुनर्विचार की जरूरत है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार की विदेश नीति के कारण भारत के प्रति दुनिया के रुख में बदलाव दिख रहा है और अमेरिका का रुख भारत की तुलना में पाकिस्तान की तरफ नरम है जिसे विफल विदेश नीति का परिणाम कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रुख पाकिस्तान के प्रति नरम है और यही कारण है कि श्री ट्रम्प पहलगाम आतंकवादी हमलों की पृष्ठभूमि से जुड़े व्यक्ति की सार्वजनिक सराहना कर रहे हैं। उनका कहना था कि अमेरिका ने अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की कार्रवाई का समर्थन किया है।



राष्ट्रपति ट्रंप कई बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने 10 मई 2025 को आयात शुल्क बढ़ाने की धमकी देकर ऑपरेशन सिंदूर रुकवाया, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उनके अनुसार, अभियान रोकने की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गत 2 फरवरी को राष्ट्रपति ट्रंप ने इसकी घोषणा की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मामला उठाया लेकिन मुद्दों से ध्यान हटाने की सरकार ने कोशिश की। बाद में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप की आयात शुल्क नीति को अवैध करार दिया।

### पुनर्विचार की जरूरत

कांग्रेस ने अमेरिका के साथ समझौते को एकतरफा बताया और कहा कि भारत ने आयात को उदार बनाने की प्रतिबद्धता जताई लेकिन अमेरिका ने इसका कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया। रूस से तेल खरीद के मुद्दे पर भी सरकार ने स्थिति स्पष्ट नहीं की। पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की इजरायल यात्रा और 19 जून 2020 को चीन पर दिए गए बयान ने भारत की स्थिति कमजोर की है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की विदेश नीति की दिशा और शैली पर पुनर्विचार की जरूरत है।

# ईरान-इजराइल युद्ध से कारोबारियों की बढ़ी चिंता

## जूता उद्योग पर संकट, व्यापार में 40 प्रतिशत गिरावट की आशंका

**आगरा।** ईरान और इजराइल के बीच छिड़े युद्ध ने वैश्विक राजनीति में हलचल मचा दी है बल्कि शहर के व्यापारिक गलियारों में भी चिंता की लहर दौड़ गई है। युद्ध के कारण यूरोपीय देशों को होने वाले चमड़ा (लेदर) और हस्तशिल्प निर्यात के सामने लॉजिस्टिक्स और रूट का गंभीर संकट खड़ा होने की आशंका है। आगरा का जूता उद्योग, जो अपनी गुणवत्ता के लिए दुनिया भर में मशहूर है। अब युद्ध की अनिश्चितता के साए में है। युद्ध के कारण हॉर्मुज जलडमरू मध्य और लाल सागर के रास्तों पर जहाजों के लिए जोखिम बढ़ गया है। ऐसे में आगरा के निर्यातकों को अब माल केप ऑफ गुड होप अफ्रीका के नीचे से घूमकर भेजना पड़ेगा। सामान्य रूट की तुलना में अब माल पहुंचने में 30 से 50 दिन अधिक लगेंगे। लंबा रास्ता होने के कारण माल ढुलाई की लागत दोगुनी होने के आसार



हैं। आगरा से दुनिया भर में सालाना करीब 4,000 करोड़ का फुटवियर निर्यात होता है। इसमें से अकेले इजराइल और मध्य पूर्व के देशों में 250 से 500 करोड़ का कारोबार होता है।

आगरा से बड़े पैमाने पर हाई-एंड लेदर जूते और सेफ्टी शूज का निर्यात होता है, जिनकी यूरोप की सुरक्षा एजेंसियों और औद्योगिक क्षेत्रों में भारी मांग है। इसके अलावा ईरान और इजराइल में आगरा की पच्चीकारी, पीतल के बर्तन और जरी-जरदोजी के सजावटी सामान की अच्छी खपत है।

# दिग्विजय सिंह ने कान्हा दौरे पर भाजपा सरकार को घेरा

**मंडला (स्वतंत्र मत)।** पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने रविवार को मंडला जिले के कान्हा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार करते हुए पर्यटन, पानी और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर सवाल उठाए। सिंह ने कलाकारों, बैगा आदिवासियों और मनरेगा श्रमिकों से सीधे संवाद कर उनकी जमीनी समस्याओं को जाना। दिग्विजय सिंह ने अपने दौरे की शुरुआत कान्हा किसली मंडला गेट स्थित कान्हा सरई आर्ट गैलरी से की। यहाँ उन्होंने पत्थर और लकड़ी के मूर्तिकारों सहित अन्य लोक कलाकारों से मुलाकात की। कलाकारों की व्यथा सुनने के बाद उन्होंने कहा कि स्थानीय कला और संस्कृति को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराना और उन्हें संरक्षण देना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसमें वर्तमान सरकार विफल दिख रही है। कान्हा टाइगर रिजर्व के प्रबंधन और पर्यटन नीति पर सवाल उठाते हुए दिग्विजय सिंह ने गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कान्हा में पर्यटन से होने वाली आय का वास्तविक लाभ यहाँ के मूल निवासी आदिवासियों और ग्रामीणों को नहीं मिल रहा



है। गाइड, जिप्सी संचालन और बड़े रिसोर्ट्स पर बाहरी रसूखदारों का कब्जा है, जबकि स्थानीय युवा रोजगार के अवसरों से वंचित हैं। उन्होंने मांग की कि कान्हा के पर्यटन व्यवसाय में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। दौरे के दौरान सिंह बैगा आदिवासियों की बस्ती पहुंचे, जहां उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और वनाधिकार जैसे संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने जिले में व्याप्त भीषण जल संकट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार के बड़े-बड़े दावों के विपरीत ग्रामीण इलाकों में लोग आज भी पीने के पानी के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। उन्होंने इसे जनता के मौलिक अधिकारों का हनन बताया।

**जंतर-मंतर पर बोले अरविंद केजरीवाल**

# भाजपा के सत्ता से जाने का काउंटडाउन शुरू

नई दिल्ली।

आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से बरी होने के 48 घंटे बाद आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला बोला और दावा किया कि भाजपा के सत्ता से हटने का काउंटडाउन शुरू हो गया है। जंतर-मंतर पर पार्टी की रैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आबकारी घोटाले मामले को राजनीतिक केस कहा और प्रधानमंत्री और शाह पर इस केस में उन्हें फंसाने की साजिश करने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने कहा कि



कोर्ट ने इस ऐतिहासिक फैसले में साबित कर दिया कि वह कट्टर ईमानदार व्यक्ति हैं। रैली में कई राज्यों से आए पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री सबसे डरते हैं और कहा कि जब उच्च पद पर बैठा कोई व्यक्ति डरता है, तो यह उसके राज के खत्म होने का संकेत होता है। केजरीवाल ने कहा कि सोनम वांगचुक को जेल भेज दिया, जो एक बड़े साइंटिस्ट हैं और बच्चों की शिक्षा के लिए काम करते थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि देश में भाजपा के 12 साल के राज में सभी सेक्टर बर्बाद हो गए और सड़कों, हेल्थकेयर, शिक्षा और सफाई वगैरह की हालत खराब हो गई है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत विजन पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा कि लोग चाहते हैं कि रहने लायक भारत ही बना दो। केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सत्ता के लिए काम करते हैं और वह देश के लिए काम करते हैं।

### केजरीवाल ने कांग्रेस का किया जिक्र

केजरीवाल ने कहा कि 4 अप्रैल, 2011 को जंतर-मंतर पर जमा हुए लोगों ने जब हुंकार लगाई थी तो उस समय कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई थी। उन्होंने कहा कि आप की रैली ऐतिहासिक है और भाजपा के सत्ता से हटने का काउंटडाउन शुरू हो गया है। केजरीवाल ने दिल्ली की भाजपा सरकार पर भी हमला बोला और दिल्ली शहर को बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़कें टूटी हुई हैं, घरों में गंदा पानी आ रहा है और वायु प्रदूषण की वजह से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर 10 हजार बस मार्शल, डीटीसी चालकों, कंडक्टरों, मोहल्ला क्लीनिक के कर्मचारियों और अस्पताल में काम करने वाले डेटा इंट्री ऑपरेटर को भी नौकरी से निकालने का आरोप लगाया।

# 92 हजार की वसूली आदेश के साथ सचिव पर गिरी निलंबन की गाज

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।



जिला पंचायत ने ग्राम पंचायत बिलाईखार के सचिव बिरसिंह धुर्वे के खिलाफ बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह आदेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डिण्डौरी द्वारा जारी किया गया है।

जारी आदेश के मुताबिक जानकारी के अनुसार, बिलाईखार ग्राम पंचायत में शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही, योजनाओं के क्रियान्वयन में रुचि न लेने और कार्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। बताया गया कि पंचायत क्षेत्र में समग्र ई-केवाईसी के 545 हितग्राहियों का कार्य लंबित है, जिससे पंचायत की प्रगति प्रभावित हुई। ग्रामीणों और सरपंच के बीच विवाद की स्थिति भी निर्मित हो रही थी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, बजाग जनपद पंचायत द्वारा पूर्व में कई बार कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, लेकिन कार्यप्रणाली में सुधार नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त, वित्तीय अनियमितता के आरोपों की जांच के लिए जनपद स्तरीय समिति गठित की गई थी। जांच में 1 लाख 84 हजार रुपये की अनियमितता सामने आई, जिसके आधार पर देयता निर्धारण प्रकरण दर्ज कर 92 हजार रुपये की वसूली का आदेश 29 जनवरी 2026 को पारित किया गया।

जिला पंचायत ने अपने आदेश में उल्लेख किया है कि संबंधित सचिव का कृत्य म.प्र. पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम 3 का उल्लंघन है, जो अनुशासनहीनता, कर्तव्य के प्रति उदासीनता और वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है। इसी के तहत म.प्र. पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 के नियम-4 के अंतर्गत उन्हें निलंबित किया गया है।

निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा तथा उनका मुख्यालय जनपद पंचायत बजाग निर्धारित किया गया है। पंचायत कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए ग्राम रोजगार सहायक सुखदेव सिंह धुर्वे को सचिव का अतिरिक्त प्रभार आगामी आदेश तक सौंपा गया है। जिला पंचायत के इस कड़े कदम को प्रशासनिक सख्ती के रूप में देखा जा रहा है, जिससे पंचायतों में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने का संदेश गया है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया, चालक की मौके पर मौत

### गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गिरवरपुर का मामला

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गिरवरपुर के समीप शनिवार को एक हृदयविदारक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान महेंद्र मरावी (40 वर्ष) पिता मोलेराम मरावी निवासी ग्राम गिरवरपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महेंद्र मरावी ट्रैक्टर लेकर किसी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

# विकास कार्यों का किया निरीक्षण, गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



विकासखंड अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान माध्यमिक शाला खुरपार सहित ग्राम पंचायत कलगी टोला, चौबीस, राय, सरसडोली, देवलगढ़ और मेंहदवानी में पहुंचकर निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि हितग्राही बरसात के पहले अपने नए मकान में रह सकें।

ग्राम पंचायत सरसडोली में ग्रामीणों की मांग के आधार पर ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच एवं पीएचई विभाग के अधिकारियों को गांव तथा श्मशान घाट के पास पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश भी दिए गए।

## आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन अब प्रातः 9 बजे से

शहडोल (स्वतंत्र मत)।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अखिलेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि शीतऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले अन्तर्गत संचालित आंगनवाडी केन्द्रों के संचालन के समय में आंशिक परिवर्तन करते हुए सुबह 10 बजे से दोपहर 04 बजे तक नियत किया गया था। शीतऋतु समाप्त होने के पश्चात 1 मार्च से आंगनवाडी केन्द्रों का संचालन पूर्ववत् निर्धारित समय अनुसार सुबह 09 बजे से दोपहर 04 बजे तक आगामी आदेश तक संचालित किया जाएगा।

# आगामी त्यौहार को देखते हुए थाना सिंहपुर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई



**शहडोल (स्वतंत्र मत)।** जिले में आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक शहडोल के निर्देशन में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, शांति समिति के सदस्यों की उपस्थिति में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान होलिका दहन स्थल, जुलूस मार्ग, यातायात व्यवस्था, डीजे ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, कानून व्यवस्था एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। थाना प्रभारी द्वारा उपस्थित नागरिकों से अपील की गई होली पर्व आपसी भाईचारे एवं सद्भाव के साथ मनाया जाए।किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें एवं सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश प्रसारित न करें। अवैध शराब, नशीले पदार्थों के सेवन एवं हुड़दंग करने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नियमानुसार निर्धारित समयावधि में ही करें। पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया कि त्योहार के दौरान असामाजिक तत्वों, हुड़दंग करने वालों एवं कानून व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, पेट्रोलिंग व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। सिंहपुर पुलिस द्वारा समस्त आमजन से अपील की गई है कि होली का पर्व शांतिपूर्वक, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-सम्मत तरीके से मनाते हुए जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

# बुढ़ार में पधारे महामण्डलेश्वर के सानिध्य में श्री नारायण दास शास्त्री संस्कृत वेद विद्यालय का शुभारंभ एवं गौशाला निर्माण कार्य का किया गया भूमिपूजन



**बुढार (स्वतंत्रमत)।** श्रीराम जानकी मंदिर बुढार में श्री नारायण दास शास्त्री संस्कृत वेद विद्यालय का शुभारंभ नगर में पधारे जाने-माने महामण्डलेश्वर एवं महन्तों के गौरवमयी उपस्थिति में किया गया, वहीं गौशाला निर्माण कार्य का भूमिपूजन धर्मप्रेमियों के उपस्थिति में किया गया। श्री नारायण दास शास्त्री संस्कृत वेद विद्यालय का शुभारंभ तथा गौशाला निर्माण का भूमिपूजन श्रीराम जानकी मंदिर बुढार के पूज्य महन्त श्री अर्जुन दास महाराज तथा धर्मानुरागी छोटेलाल सरावगी पूर्व विधायक ने वेदाचार्यों के वैदिक मन्त्रोच्चारण के साथ विधि-विधान पूजन-अर्चन किये, वहीं गौशाला निर्माण का भूमिपूजन व कुदाल चलाकर किया गया। महामण्डलेश्वर पंचकुइया पीठाधीश्वर 1008 श्री रामगोपाल दास जी महाराज इन्दौर, महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 श्री गंगादास महाराज श्रीमूलक पीठाधीश्वर वृन्दावन के सानिध्य में तथा महन्त श्री 108 श्री राघवेन्द्र दास महाराज सीवर्धन पीठाधीश्वर उ.प्र., महन्त श्री 108 श्री जानकी वल्लभ दास महाराज खातीपुरा इन्दौर तथा मानव कल्याण आश्रम गीताधाम कटकोना के गीतानुरागी श्रीकान्त शर्मा एवं नगर में पधारे सन्तों के गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। श्रीराम जानकी मंदिर के पूज्य महन्त साकेतवासी श्री नारायण दास शास्त्री एवं साकेतवासी श्री महन्त श्री राम बालक दास महाराज के आशाओं एवं आकांक्षाओं के अनुरूप श्रीराम जानकी मन्दिर बुढार के वर्तमान महन्त श्री अर्जुन दास महाराज ने बुढार मंदिर में श्री नारायण दास शास्त्री संस्कृत वेद विद्यालय का शुभारंभ करवाये जाकर सौगात अर्पिज करायी गई है, वहीं गौमाता की सेवा में हाथ बढ़ाते हुए नवीन गौशाला के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन सम्पन्न कराया गया है। बुढार में संस्कृत वेद विद्यालय के शुभारंभ हो जाने से संस्कृत वेद की दिशा में भावी कर्णधारों को नि:शुल्क संस्कृत वेद अध्ययन की सुविधा अर्जित हो सकेगी। नगर में इस निमित्त पधारे महामण्डलेश्वर पंचकुइया पीठाधीश्वर श्री रामगोपाल दास महाराज ने संस्कृत वेद विद्यालय के शुभारंभ तथा गौशाला भूमिपूजन अवसर पर धर्मप्रेमियों को शुभाशीर्वचन देते हुए कहा कि श्रीराम जानकी मंदिर के पूज्य साकेतवासी महंत श्री ने इस अंचल में सदैव धर्मध्वजा फहराते हुए धर्मप्रेमियों के मंगलमय जीवन का शुभाशीष दिये और उनकी भावनाओं के अनुरूप वर्तमान महंत श्री अर्जुन दास महाराज सतत समर्पित हैं, जिससे निश्चित ही यहाँ शुभारंभ किये गये संस्कृत वेद विद्यालय से वेद व उपनिषद की अच्छी व संस्कारित शिक्षा भावी कर्णधार अर्जित कर संस्कृत के क्षेत्र में नगर एवं संभाग व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन 7 मार्च तक

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत किसानों का पंजीयन 7 फरवरी 2026 से प्रारंभ होकर 7 मार्च 2026 तक किया जाएगा। सभी जिलों में निर्धारित अवधि के भीतर अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार किसान पंजीयन के दौरान फसल का विवरण पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी के आधार पर लिया जाएगा। वर्तमान में लगभग 98 प्रतिशत किसानों की गिरदावरी हो चुकी है, शेष किसानों की गिरदावरी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

सिकमी एवं बटाईदार किसानों के पंजीयन के लिए भूमि के मूल भू-स्वामी का आधार नंबर लिया जाएगा तथा ओटीपी सत्यापन के बाद ही पंजीयन किया जा सकेगा। साथ ही सिकमी/बटाईदार अनुबंध को ई-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य रहेगा। पंजीयन केंद्रों के प्रभारी एवं ऑपरेटर को निर्देशित किया गया है कि वे आवेदन पत्र, सिकमी/बटाईदार अनुबंध सहित आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर पोर्टल पर सही तरीके से अपलोड करें तथा पंजीयन प्रक्रिया की पुष्टि सुनिश्चित करें।

समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं की राशि किसानों के आधार लिंक बैंक खाते में सीधे भुगतान की जाएगी, जिसके लिए किसानों के बैंक खाते का आधार से लिंक होना आवश्यक है। संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# जैतपुर विधायक ने श्री महावीर द्वार निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**बुढार (स्वतंत्रमत)।** बुढार नगर के विश्राम गृह के निकट नवीन निर्माणाधीन श्री महावीर द्वार का भूमिपूजन नगर में पधारे पूज्य मुनिश्री के सानिध्य में रविवार को किया गया। नगर के मुख्य मार्ग विश्राम गृह के निकट श्री महावीर द्वार निर्माण कार्य की सौगात जैतपुर क्षेत्र के विधायक ने अर्जित करवायी है, जिस दिशा में नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी सरावगी का स्तुत्य प्रयास रहा है, और श्री महावीर द्वार का निर्माण कार्य आने वाले समय में पूर्ण हो सकेगा। सन्त शिरोमणि परम पूज्य विद्यासागर महाराज के परम शिष्य भावनायोग प्रणेता मुनिश्री 108 प्रमाण सागर श्री महाराज, मुनिश्री संधान सागर, मुनि श्री शीतल सागर महाराज के परम सानिध्य में नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी सरावगी के विशिष्ट उपस्थिति में निर्माणाधीन श्री महावीर प्रवेश द्वार का भूमिपूजन नागरिकों, पार्षदों के उपस्थिति में जैतपुर क्षेत्र के विधायक ने भूमिपूजन कर व कुदाल चलाकर शिलान्यास किये। श्री महावीर द्वार निर्माण भूमिपूजन अवसर पर-नगर परिषद सी.एम.ओ. सौरभ श्रीवास्तव, उपयंत्री सी.पी. पाण्डेय, पूर्व पार्षद विक्रम बारी, रविकुमार रजक, नीलेश जैन, योगेन्द्र सिंह, संजय द्विवेदी, पार्षद सविता सिंह भदौरिया, जूली जैन, रश्मि सिंह, जूली रजक, सुधा बारी, काजल सरावगी, पार्षद हरीश चन्द्र केवट की विशिष्ट उपस्थिति रही।

# दो चरणों में कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

शहडोल (स्वतंत्रमत)।



पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा विद्यार्थियों एवं आम प्रतिभागियों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 12 जनवरी से 30 जनवरी तथा 2 फरवरी से 18 फरवरी तक दो चरणों में कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं कौशल विकास प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को एम.एस. ऑफिस, डिजिटल पेमेंट प्रणाली, साइबर सुरक्षा एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे समसामयिक एवं उपयोगी विषयों पर सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाना, उनकी तकनीकी समझ को सुदृढ़ करना तथा उन्हें रोजगारोन्मुखी कौशल से लैस करना रहा। प्रशिक्षण सत्रों के दौरान विशेषज्ञों द्वारा डिजिटल लेन-देन की सुरक्षित प्रक्रियाओं, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, साइबर सुरक्षा के आवश्यक उपायों तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। प्रतिभागियों को कंप्यूटर के दैनिक उपयोग, कार्यालयीन कार्यों में तकनीक के प्रभावी प्रयोग एवं आधुनिक डिजिटल टूल्स के व्यावहारिक उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे वे अपने शैक्षणिक एवं व्यावसायिक जीवन में इसका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। आयोजन को सफल बनाने में नोडल अधिकारी डॉ. रचना दुबे, समन्वयक डॉ. मनीष तरम, सीईडीएमईपी समन्वयक रवि वर्मा, सह-समन्वयक डॉ. बालेंद्र कुमार गर्ग, मोनिका विश्वकर्मा एवं पवन जायसवाल सहित विभागीय सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर एवं कुलसचिव सरिता चौहान ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मनिर्भरता एवं डिजिटल सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे उपयोगी एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

# राजकुमार दुबे बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर ऐसोसिएशन के अध्यक्ष आर एल तिवारी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि अखिल भारतीय सरकारी राज्य पेंशनर्स फेडरेशन की विगत दिनों हरियाणा कुरुक्षेत्र में हुई बैठक में तीन वर्षीय कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर पुनः एड राजकुमार दुवे को नियुक्त किया गया है। एड. राजकुमार दुवे वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन भोपाल मध्य प्रदेश के प्रांताध्यक्ष है जिनको राष्ट्रीय स्तर पर उपाध्यक्ष बनाए जाने पर प्रदेश के पेंशनरों में खुशी की लहर छाई हुई है तथा बधाई प्रेषित की जा रही है शहडोल से प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष रामनरेश तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पी महेंद्रा जिला अध्यक्ष आर एल तिवारी, सम्भागीय अध्यक्ष रविकरण त्रिपाठी, कार्यवाहक सम्भागीय अध्यक्ष लोकेंद्र प्रसाद तिवारी, जिला संरक्षक संतोष कुमार पाण्डेय,एच व्ही नगाइच, कार्यवाहक अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव उपाध्यक्ष राजाराम शर्मा सचिव अशोक द्विवेदी कोषाध्यक्ष राममिलन शर्मा तहसील अध्यक्ष लालमणि जायसवाल ने बधाई प्रेषित की है।

# होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए शहडोल एवं बुढ़ार नगर के खाद्य प्रतिष्ठानों की सघन जांच



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** होली त्यौहार के मद्देनज़र रखते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को सतत रूप से सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में संचालित मिष्ठान दुकानों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों की सघन जांच एवं निरीक्षण की कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर.के. सोनी द्वारा शहडोल एवं बुढार नगर क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बुढार स्थित गणेश मिष्ठान, श्याम मिष्ठान, अंकुर स्वीट्स, जोधपुर स्वीट्स तथा आदर्श भोग भंडार की जांच की गई। वहीं शहडोल नगर में शिव डेरी, गोकुल डेयरी, राजस्थान स्वीट्स, बबलू डेरी, पंजाब डेरी, कोलकाता डेरी सहित अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तथा विभिन्न मिष्ठानों एवं खाद्य सामग्रियों के सैम्पल लेकर जांच हेतु लैब को भेजे गए। जांच के समय अधिकारियों द्वारा प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था एवं निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन किया गया। सभी संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें तथा उच्च गुणवत्ता की खाद्य सामग्री का निर्माण एवं विक्रय सुनिश्चित करें, ताकि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का समझौता न हो। खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण के दौरान रसगुल्ला, कलाकंद, खोवा सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच हेतु लिए गए हैं। संबंधित सैंपल खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित खाद्य प्रतिष्ठान के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि होली पर्व के दौरान आम नागरिकों को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, इसके लिए आगे भी निरंतर निरीक्षण की कार्रवाई जारी रहेगी।

# पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संदेश के साथ मनाया जाएगा गौकाष्ठ होलिका दहन उत्सव

**शहडोल (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के निर्देशों के परिपालन में इस वर्ष जिले में होली का पर्व पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संदेश के साथ मनाया जाएगा। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को गौकाष्ठ एवं उपलों से बनी हुई होली जलाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए अभियान चलाने तथा उनके फोटोग्राफ्स एवं वीडियो बनाने के निर्देश दिए हैं।

**लकड़ी के स्थान पर गौकाष्ठ का उपयोग** - शासन के निर्देशानुसार, पर्यावरण संरक्षण व वनों की कटाई से बचाने के लिए इस बार होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर गौकाष्ठ गोबर से निर्मित लकड़ी और उपलों के उपयोग को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए जन-सहभागिता और सामाजिक संगठनों के माध्यम से व्यापक स्तर पर गौकाष्ठ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**प्राकृतिक रंगों और भाईचारे का संदेश** - जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल संरक्षण के दृष्टिगत प्राकृतिक और हर्बल रंगों से होली खेलें। पशु-पक्षियों पर रंग न डालने का संकल्प लें। हुड़दंग और नशे से दूर रहकर आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ उत्सव मनाएं।

# तनाव प्रबंधन, स्वास्थ्य संतुलन और आनंदित जीवन पर आधारित कार्यशाला का आयोजन

## चिकित्सकों ने बताई स्वस्थ्य जीवनशैली जीने की तकनीकें

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं डायवेल कोर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में निरामय शीर्षक से तनाव प्रबंधन, स्वास्थ्य संतुलन एवं आनंदित जीवन पर आधारित एक प्रेरणादायी कार्यशाला का आयोजन गत दिवस किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फेडरेशन के उपाध्यक्ष हिमांशु खरे ने कहा कि यह आयोजन केवल एक कार्यशाला नहीं, बल्कि चेतना का आह्वान है।

आज उपलब्धियाँ बढ़ रही हैं, पर संतोष घट रहा है, साधन बढ़ रहे हैं, पर शांति कम हो रही है। ऐसे समय में स्वयं से पुनः जुड़ना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान जीवनशैली में तनाव अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य स्थिति बन चुका है। व्यवसाय, प्रशासन, पेशेवर जीवन और पारिवारिक दायित्वों के



बीच व्यक्ति स्वयं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की अनदेखी कर देता है। निरामय का उद्देश्य इसी असंतुलन को सकारात्मक दिशा देना है

### रिवर्सल की तकनीक

कार्यशाला में मुंबई से आए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अक्षय मेहता ने रिवर्सल ऑफ हार्ट डिजीज, रिवर्सल ऑफ डायबिटीज तथा रिवर्सल ऑफ ब्लड प्रेशर पर रोचक व्याख्यान पेश किया। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि मानव शरीर में विभिन्न रोगों से उपजी विसंगतियों को खान-पान, संतुलित जीवन शैली एवं व्यायाम के माध्यम से किस तरह रिवर्स किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय के विभिन्न प्रश्नों का जवाब दिया तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

### तनाव प्रबंधन

कार्यशाला के सह आयोजक डायवेल कोर फाउंडेशन के संस्थापक चिकित्सक डॉ परिमल स्वामी ने अपने उद्बोधन में शॉर्ट टर्म तकनीक का प्रस्तुतीकरण दिया की किस तरह से छोटे-छोटे प्रयासों से व्यक्ति फिट रह सकता है। उन्होंने कहा कि विरासत में पायी गयी (परिवारिक ) बीमारियां जैसे हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीस, हृदय रोग को भी एक आदर्श जीवनचर्या के द्वारा रोका जा सकता है या उनकी तीव्रता को कम किया जा सकता है। डॉ स्वामी ने बताया कि मांसपेशियों की ताकत भविष्य में होने वाले रोगों का एक बहुत बड़ा परिचायक है। कार्यक्रम का संचालन विनोद शर्मा ने किया तथा आयोजन को सफल बनाने में हिमांशु राय, मनु शरत तिवारी, अरुण पवार, सुनील श्रीवास्तव अजीत पवार, मजहर अली आदि की भूमिका रही।

# जैविक हाट बाजार में बढ़ रही खरीददारों की संख्या

## प्रत्येक रविवार को कृषि उपज मंडी में लगाया जा रहा बाजार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयासों से कृषि उपज मंडी में प्रत्येक रविवार को आयोजित किए जा रहे जैविक हाट में लगातार खरीदारों की संख्या में वृद्धि हो रही है। जैविक खेती को प्रोत्साहित करने तथा किसानों और उपभोक्ताओं के मध्य प्रत्यक्ष संपर्क स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित इस हाट को नागरिकों का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

इस रविवार को आयोजित जैविक हाट में जिले के विभिन्न विकासखण्डों से आये लगभग 23 जैविक कृषकों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। हाट में फल, सब्जियां, अनाज, दलहन, देशी घी, दुग्ध उत्पाद, शहद सहित विभिन्न रसायन मुक्त एवं प्राकृतिक उत्पाद उपलब्ध रहे, जिन्हें उपभोक्ताओं द्वारा विशेष रूप से सराहा गया।




### देशी उत्पादों का प्रदर्शन

जैविक हाट में ड्रोन दीदी सपना काछी द्वारा देशी उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। गोकलपुर बरगी के देशी घी, छाछ एवं देशी हल्दी, श्री रघुवीर कृपा उद्योग के मूंगफली एवं ड्राई फ्रूट फ्लेवर गुड़, अर्चना गोविंद प्राकृतिक कृषि फार्म के जैविक खाद्य सामग्री, गोबर के उपले, अनाज एवं दलहन तथा गोदावरी जैविक कृषि फार्म बरेला के कमरख, अमरूद, सुजाता गेहूं का आटा, कुटकी एवं जैविक मसाले प्रदर्शित किए गए। इसी प्रकार के पी सिंह के रेड

डायमंड प्रजाति के अमरूद एवं स्ट्रॉबेरी, भाग्योदय ऑयल मिल के तिल, सरसोंए मूंगफली एवं नारियल का कोल्ड प्रेस्ड ऑयल तथा विश्वकर्मा नर्मदा प्रसाद जैविक मार्ट के लौकी, धनियाए मटर एवं शहद सहित विभिन्न जैविक उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे।

# चिलचिलाती धूप में यात्री कर रहे बसों का इंतजार



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** जनपद पंचायत सिहोरा के नक्शे में शामिल बडी पंचायत यानि ग्राम पंचायत गोसलपुर जो की पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बसी हुई है। यहां के बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षालय न होने के कारण लोगों को मजबूरी में चिलचिलाती दुपहरी घनघोर बारिश में भी खुले आसमान के नीचे सड़क पर खड़े होकर सवारी वाहनों का इंतजार करना पड़ता है। गौरतलब है की गोसलपुर आसपास के लगभग दो दर्जन गांव का केंद्र बिंदु माना जाता है।

जहां पर बुधवार के दिन साप्ताहिक बाजार भी भरता है। यहां के बस स्टैंड से लगभग दो दर्जन गांवों के मुसाफिर अपनी यात्रा सवारी वाहनों के माध्यम से करते हैं। परंतु इन यात्रियों के लिए धूप बारिश ठंड से बचने के लिए समुचित बैठने हेतु यात्री प्रतीक्षालय न होने से लगभग दो दर्जन गांवों के सैकड़ो यात्रियों को प्रतिदिन परेशान होना पड़ता है। मजबूरी में इन्हें सड़क पर खड़े होकर सवारी वाहनों का इंतजार करना पड़ता है जिससे अनेकों बार सवारी के साथ वाहनों का इंतजार कर रहे सवारी के साथ दुर्घटना भी घटित हो चुकी है। इस संबंध में अनेकों बार पीडब्ल्यूडी विभाग स्थानीय ग्राम पंचायत तहसील प्रशासन के अधिकारियों से मांग की गई परंतु आज दिनांक तक बस स्टैंड गोसलपुर में यात्री प्रतीक्षालय नहीं बनाया गया। लोगों ने इस दिशा में जिला प्रशासन के मुखिया से ध्यान देने की मांग की है।

# मावा, घी और पनीर में यूरिया, डिटर्जेंट का पता लगाने की गई जांच

## होली से पहले खाद्य विभाग की प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ जांच

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत होली के त्यौहार को देखते हुये रविवार को भी मिष्ठान्न विकय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा प्रशासन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को किये गये निरीक्षण में आईटीआई पाटन रोड़ स्थित रूपाली स्वीट्स से मावा एवं बेसन सेवए त्रिमूर्ति नगर स्थित अग्रवाल स्वीट्स से गुझिया एवं



रसगुल्ला, ग्राम मझगवां स्थित शिवम स्वीट्स से बेसन लड्डू और नमकीन, सिहोरा स्थित आकाश डेयरी से मावा, विजय स्वीट्स से चकली और सलौनी, खोवा मण्डी जबलपुर में मुकेश खोवा भण्डार से खोवा, सरावगी खोवा भण्डार से खोवा, रोहित खोवा भण्डार से खोवा, जितेन्द्र पेड़ा भण्डार से खोवा और खोवा पेड़ा, मेडिकल स्थित बडकुल मिष्ठान्न भण्डार से मावा एवं नमकीन, बीकानेर स्वीट्स से खोवा बर्फी एवं नमकीन, गोराबाजार स्थित आर्यन स्वीट्स से खोवा बर्फी तथा गुप्ता स्वीट्स से सलौनी के नमूने लिये गये । निरीक्षण के दौरान मावा, घी, पनीर जैसे दुग्ध उत्पादों में मिलावट की पहचान हेतु मौके पर ही यूरिया, डिटर्जेंट तथा स्टार्च एवं शक्कर की जांच भी की गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मिठाई तथा नमकीन आदि का निर्माण तथा संग्रहण स्वच्छ परिवेश में करने, ढंक कर रखने तथा अधिक मात्रा में मिठाइयों का निर्माण नहीं करने के निर्देश खाद्य पदार्थों के विक्रेताओं को दिये गये।



## 8 मार्च को खेली जाएगी समरसता की होली

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** समरसता सेवा संगठन के तत्वाधान में रंगपंचमी के अवसर पर लगातार इस तीसरे वर्ष में संस्कारधानी में समरसता की होली का आयोजन आगामी रविवार 8 मार्च को किया जायेगा। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने बैठक में बताया कि विगत तीन वर्षों से आप सभी के सहयोग और सहभागिता से समरसता सेवा संगठन सर्व समाज को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य कर रहा है और प्रत्येक माह संतो, महापुरुषों, देवियों और अपने आराध्य की जन्मजयंती पर हम आयोजन करते है साथ साथ समरसता के प्रतीक पर्व होली और क़ज़ालिया पर सर्व समाज मिलकर संस्कराधानी में एतेहासिक आयोजन करती है। इस वर्ष भी 8 मार्च को रंगपंचमी पर दोपहर 3 बजे समरंग यात्रा कलेही माता मंदिर मिलोनीगंज से प्रारम्भ होंगी, जो छोटा फुहारा, कोतवाली, सराफा, कमानिया गेट, बड़ा फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट, मालवीय चौक से होते हुए डी एन जैन कॉलेज प्रांगण पहुंचेगी जहाँ होली महोत्सव का आयोजन होगा। बैठक में डॉ जितेंद्र जामदार, पं वासुदेव शास्त्री, शरदचंद्र पालन आदि उपस्थित रहे।

# शादी में 18 लाख मिलने के बाद भी ललचाया साफ्टवेयर इंजीनियर पति

## शहपुरा थाने में महिला ने दर्ज कराई ससुराल पक्ष पर एफआईआर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहपुरा थाने में शैलजा राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम रमखिरिया ने लिखित शिकायत कर बताया कि उसकी शादी वर्ष 2023 में हिन्दू रीति रिवाज से व्यावरा निवासी राजबहादुर राजपूत से हुई थी। शादी में उसके माता पिता द्वारा 18 लाख रूपये राजबहादुर राजपूत को दिये थे। उसके पति साफ्टवेयर इंजीनियर हैं। उसके पिता ने मुंह मांगा दहेज ससुराल वालों को दिया था। शादी के बाद ससुराल विदिशा गयी वहां तीन दिन रूकी, शादी में फोर व्हीलर न देने एवं 9 लाख रूपये कम देने का ताना मारने लगे। उसने अपने पिता को बतायी थी, ससुराल में पति राजबहादुर मायके से कार एवं 9 लाख रूपये लाने का दबाव बनाने लगा।

### महिला से छुड़ाए गहने

महिला ने बताया कि उसके ससुर पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद से रिटायर्ड हैं। ससुराल वालों ने उसका स्त्रीधन (गहने) उससे छुड़ाकर अपने पास रख लिये। पति राजबहादुर, ससुर गोपाल सिंह राजपूत, आये दिन दहेज में कार एवं 9 लाख रूपये रूपये न दिये जाने के कारण उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। पति ने कई बार उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की थी। उसके माता पिता द्वारा कई बार ससुराल वालों के साथ बैठक कर शादी संबंध बनाये रखने के लिय बातचीत की गई जो ससुर द्वारा हर बार उसके पिता जी के साथ बदतमीजी से से बात कर बैठक करने से मना कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मोबाइल में झपट्टा मारकर भागे बदमाश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। अधारताल थाने में अरविंद रजक उम्र 36 वर्ष निवासी संस्कार कालोनी अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह कारपेंटर का काम करता है। रविवार सुबह सुराही बिल्डिंग से पदैल-पैदल काम पर चंडाल भाटा जाने के लिये धनी कुटी रोड से मेनरोड की तरफ जा रहा था। उसी दौरान अपने मोबाइल से जरूरी बात कर रहा था कि लाल मंदिर के पास पहुंचा तभी पीछे से काले रंग की बिना नंबर की स्कूटी में सवार दो लडके उम्र लगभग 25 वर्ष के आये और उसके हाथ से मोबाइल कीमती करीब 10,000 रूपये का झपटकर धनी कुटिया तरफ भाग गये है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



## अटल कार्यकर्ता सम्मान का आयोजन

**जबलपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जन्म शताब्दी के अवसर पर जनसंघ कालखंड के नेताओं को घर घर जाकर रजत पत्र से सम्मनित किया जा रहा है। अटल कार्यकर्ता सम्मान का समापन भोपाल मे होगा तीन शेष जिलों मे कार्यकर्त्ता सम्मान के बाद यात्रा राजधानी भोपाल पहुंचेगी। इसी कड़ी में रविार को भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक अजय विश्नोई के साथ 19 कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर आयोजक धीरज पटेरिया के साथ पुरे प्रदेश भर के कार्यकर्ता यात्रा मे सम्मलित हुए है। अलग अलग जिलों में यात्रा मे प्रमुख रूप से मोती यादव श्याम सिंह ठाकुर, मुकेश पटेल, बबलू जायसवाल, रवि शर्मा, मनदीप दुबे, फैसल अंसारी, ताज अंसारी, दीपक पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।



## फूलों की होली खेलते हुए निकाली गई भव्य संकीर्तन यात्रा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मण्डल जाबालपुरम के संयोजन में महाप्रभु श्री चैतन्य के जन्मोत्सव के शुभ प्रसंग पर रविवार को विशाल संकीर्तन शोभा यात्रा स्वामी पगलानंद महाराज, मानस पीठाधीश्वर स्वामी डॉ.गिरजानंद सरस्वती, संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन दुबे के सानिध्य में श्री शिवकल्याण मंदिर कछियाना से भव्य फूलों की होली खेलते हुये नृत्य, गाजे बाजे शंख, घंटा,मृदंग की मनोहारी गूंज़ के साथ तेंदूखेड़ा सीताराम संकीर्तन मंडल द्वारा राधे कृष्ण राधे सीताराम की अखण्ड धुन गाकर निकाली गई। उक्त कार्यक्रम के संबंध में चेतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल के संयोजक देवेंद्र नेमा ने बताया कि चैतन्य महाप्रभु ने हरिनाम संकीर्तन को एक नई संचेतना नवीन शैली प्रदान की है, नाम संकीर्तन की अलख घरों घर जगाने के लिए संस्कारधानी के विभिन्न क्षेत्रों में नौ दिन प्रातः प्रभात फेरी का आयोजन पूर्ण श्रद्धा,समर्पण भाव के साथ किया गया। एक से बढ़कर एक कर्णप्रिय सुमधुर होली गीत पर गुंजायमान मंदिर प्रांगण में भक्तजन भावभोर होकर झूम उठे,तपश्चात पुष्प वर्षा कर महाआरती की गई, गुलाल तिलक लगाकर सभी धर्मावलंबियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य देवेंद्र त्रिपाठी, डॉ.सुधीर अग्रवाल, सत्यप्रकाश नामदेव, मोहित तिवारी, मनोज गुलाबवानी, सुरेश नागौद, कृष्णा नामदेव, मंजू दुबे, माधुरी विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अंतिम संस्कार के लिए दर-दर भटक रहे लोग, बदहाली के आंसू रो रहा मुक्तिधाम

## कछपुरा ग्राम पंचायत के सैंकड़ों रहवासी वर्षो से कर सुव्यवस्थित मुक्ति धाम की मांग

सिहोरा (स्वतंत्र मत)।

घोराकोनी में पंचायत द्वारा बनाए गए मुक्तिधाम में अव्यवस्थाओं का बोलवाला है। दस साल पूर्व मनरेगा योजना से पांच लाख नब्बे हजार की स्वीकृत राशि से इस मुक्तिधाम में सिर्फ एक चबूतरा बनाकर इतिश्री कर ली गई है। मौजूदा समय मे चबूतरा झाडियों से घिरा है ना ही टीन का सेड बना है और ना ही शमशान मे चार दीवारी बनाई गई जिसके चलते अब घोराकोनी के लोगों को हमेशा परेशानी झेलनी पडती है सबसे ज्यादा फजीहत बारिश के मौसम मे होती है। मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण व आवश्यक सुविधा संसाधनों की मांग को लेकर जनपद पंचायत सिहोरा के



अधिकारियों व ग्राम पंचायत कछपुरा के सरपंच सचिव का ध्यान आकर्षित कराया गया परंतु इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया । ग्राम के शिवकुमार शर्मा जागेश्वर बर्मन रोहणी, राकेश, रोहित, नवल सिंह ठाकुर ने बताया की घोराकोनी गांव में कछपुरा ग्राम पंचायत के तीन वार्ड समाहित है जहां पर लगभग 700 के लगभग आबादी है और इस गांव में मात्र एक ही मुक्तिधाम है परंतु उस मुक्तिधाम में घोर अवयस्था है।

### राशि में किया फर्जीवाड़ा

बताया जाता है की पूर्व की पंचायत द्वारा कछपुरा पंचायत ने मुक्तिधाम में मनरेगा योजना के तहत लंबी राशि निकाल ली गई थी और यहां पर सिर्फ चबूतरा बनाकर रस्म अदायगी कर ली गई थी। मुक्तिधाम का चबूतरा भी साफ सफाई के अभाव मे जर्जर व झाड़ियां में गुम हो गया है। ग्रामीणों ने बताया की जब गांव में किसी के यहां निधन होता है तो पीड़ित परिवार के परिजनों स्वजनों को स्वयं साफ सफाई करने के बाद अंतिम संस्कार करना पडता है। जहां एक ओर सरकार मुक्तिधामों के सौंदर्यीकरण उक्त स्थल को संरक्षित करने के कार्य कराना सरकार की प्राथमिकता में है। इस बाबद पंचायत संचनालय भोपाल से भी आदेश जारी किए गए थे परंतु आदेश भोपाल से आते-आते जनपद पंचायत सिहोरा में हवा हवाई साबित हो जाता है। ग्राम के लोगों का कहना है की मुक्तिधाम में चबूतरा शैड पहुंच मार्ग निर्माण बाउंड्रीवॉल व अन्य सुविधा उपलब्ध कराना शासन प्रशासन की प्राथमिकता में है इसके बावजूद भी घोराकोनी गांव में बने मुक्तिधाम की अनदेखी की जा रही है।

**इन्होंने कहा**

ग्रामीणों से शिकायत पत्र मिला है, संबंधित पंचायत सचिव को आवश्यक सुविधाऐ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जाएंगे।

**आशादेवी पटले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिहोरा**

# विधायक के करीबी ठेकेदार और कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष का ऑडियो वायरल

## कांग्रेस किसान संगठन ने अबू शाह के खिलाफ लालबर्रा थाना में सौंपा ज्ञापन, उग्र आंदोलन की चेतावनी

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

बालाघाट विधानसभा की विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के कार्यालय और उनके करीबियों के बीच चल रहा घटनाक्रम थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक माह पूर्व विधायक के निज सहायक का ऑडियो वायरल होने के बाद अब एक और नया ऑडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है। इस नए घटनाक्रम ने न केवल विधायक की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि कांग्रेस के भीतर चल रही गहरी गुटबाजी को भी सार्वजनिक कर दिया है। जिसको लेकर ब्लॉक कांग्रेस किसान संगठन ने कांग्रेस विधायक के करीबी अबू शाह के खिलाफ लालबर्रा थाना में शिकायत दी है।

जानकारी अनुसार, कथित तौर पर लालबर्रा ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष मुनेंद्र ठाकरे और अबू शाह नामक व्यक्ति के बीच बातचीत हुई हैं। यह बातचीत 28 फरवरी की शाम की बताई जा रही हैं। अब सोशल प्लेटफार्म पर जमकर वायरस हो रहीं है। जो ऑडियो की अख़बार पुष्टि नहीं करता है। बताया जा रहा है कि अबू शाह विधायक का बेहद करीबी है और किसी समिति में विधायक प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत है। वैसे तो अबू शाह पर पूर्व में भाजपाइयों ने भी कई गंभीर आरोप लगाए थे। ऑडियो में जिस लहजे और विषय पर चर्चा हो रही है, उससे साफ प्रतीत होता है कि विधायक का अपने ही करीबियों और सहयोगियों पर प्रभावी अंकुश नहीं रह गया है। सूत्रों के अनुसार, अबू शाह नामक व्यक्ति विधायक अनुभा मुंजारे के बेहद करीबी है जो विधायक निधि, विधायक द्वारा स्वीकृत कार्य, खनिज मद से स्वीकृत कार्य के निर्माण करता हैं।



मुनेंद्र ठाकरे ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष लालबर्रा

अबू शाह विधायक करीबी ठेकेदार

### यह है मामला

लालबर्रा ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष मुनेंद्र ठाकरे के द्वारा लोक निर्माण विभाग से लालबर्रा विश्राम गृह में निर्माण कार्य को लेकर आरटीआई लगाकर जानकारी मांगी थी, लेकिन ठेकेदार अबू शाह को नागवार गुजरा और उन्होंने 28 फरवरी की शाम को मुनेंद्र ठाकरे को किया और बोला रहा हैं कि आरटीआई क्यों लगाया है, आरटीआई उठाएगा कि नहीं, मेरा काम ठेकेदारी करना है, विधायक के कहने पर काम किया हूं। मेरे को भूरू पटेल और सम्राट सरस्वार मत बता। उन्होंने कहा कि मैं क्यों मिलूं आपके बाप का नौकर हूं क्या, विधायक के कहने पर काम कर रहा हूं तो विधायक से ऊपर नहीं है तू ब्लॉक अध्यक्ष है। पैसा फंसाकर काम कर रहा हूं काम गलत होगा तो विधायक बताएंगे। अबू शाह यह कह रहे हैं कि आरटीआई उठाना हैं कि नहीं तो सेलवा में आकर बताता हूं। धमकाते हुए अश्लील गलीगलोच करते हुए मारपीट (बीच से चिर दूंगा) करने की भी बात कहा रहा हैं। इसी को लेकर 1 मार्च को ब्लॉक कांग्रेस किसान संगठन ने अबू शाह के खिलाफ एक शिकायत लालबर्रा थाना प्रभारी को दी है। उन्होंने कहा है कांग्रेस किसान जिलाध्यक्ष भूरू पटेल और जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार का नाम लेकर छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा हैं। पुलिस प्रशासन से निवेदन किया है कि उक्त व्यक्ति पर जल्द कार्रवाई की जाए नहीं तो अग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### विधायक के एक्शन का इंतजार

ऑडियो के संवादों से यह स्पष्ट झलक रहा है कि संगठन के भीतर खींचतान और गुटबाजी पूरी तरह हावी है। एक गुट दूसरे को नीचा दिखाने या प्रभाव जमाने की कोशिश में लगा है, जिसका सीधा असर विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे की छवि पर पड़ रहा है। गौरतलब है कि करीब एक महीने पहले जब ऑडियो वायरल हुआ था, तब विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें कार्यालयीन कार्यों से मुक्त कर दिया था। लेकिन एक के बाद एक सामने आ रहे इन विवादों ने यह साबित कर दिया है कि मामला केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है। विधायक के बेहद खास माने जाने वाले लोगों के बीच इस तरह की बयानबाजी से जनता के बीच गलत संदेश जा रहा है। अब देखना यह होगा कि इस नए च्ऑडियो कांडज् के बाद विधायक अनुभा मुंजारे अपने करीबियों पर क्या अनुशासनात्मक कार्रवाई करती हैं या फिर गुटबाजी की यह आग कांग्रेस की जड़ों को और कमजोर करेगी।



# जिला चिकित्सालय की तत्परता एवं 108 स्टाफ की सजगता बनी खुशियों की मिशाल

उमरिया (स्वतंत्रमत)

रविवार 1 मार्च को 108 जननी वाहन एवं जिला चिकित्सालय उमरिया की तत्परता एवं कुशलता का मिसाल देखने को मिला जब गर्भवती 22 वर्षीय पार्वती बैगा, पति छत्रपाल बैगा निवासी गौरैया ब्लॉक करकेली को करकेली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सामान्य डिलीवरी संभव न होने के कारण जिला चिकित्सालय उमरिया रेफर किया गया..परंतु 108 ईएमटी सत्य नारायण गौतम एवं पायलट अनिल साहू द्वारा 108 परिवहन के समय पाया कि गर्भवती माता को अत्यधिक प्रसव पीड़ा तथा 108 वाहन में ही डिलीवरी होने लगी है तो उसकू सूचना सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय डॉ के सी सोनी को फोन पर दिया और उनके द्वारा तुरंत संबंधित मातृत्व वार्ड में उपस्थित नर्सिंग ऑफिसर को दी गई तो तत्काल उनके द्वारा नर्सिंग ऑफिसर रोशनी सिंह, नेहा सोनी, तथा महिला गार्ड मीना खरे , सपोर्ट स्टाफ ,तथा अन्य स्टाफ सम्पूर्ण तैयारी के साथ बाहर आ गई और तत्काल स्टाफ द्वारा डिलीवरी वार्ड में शिफ्ट कराया गया और सामान्य डिलीवरी सफलता पूर्वक कराया गया जिसमें जच्चा एवं बच्चा दोनों स्वस्थ है एवं परिजन एवं पिता प्रसन्न है। उक्त सफलता में 108 जननी वाहन के स्टाफ की सजगता और डिलीवरी वार्ड स्टाफ की तत्परता ने एक परिवार की खुशियों की सौगात दी है।

### एमपीटॉस पोर्टल पर ऑनलाइन 20 तक किए जा सकते है आवेदन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डा पूजा व्दिवेदी ने बताया कि अनुसूचित जनजाति प्रतिभा योजना लागू की गई है जिसके अनुसार योजना अंतर्गत पात्रता हेतु अभ्यर्थी के माता, पिता, पालको, स्वयं के समस्त स्त्रोतो से वार्षिक आय रूपये 6 लाख से अधिक नही होनी चाहिए।उन्होने बताया कि योजना के तहत जेईई आईआईटी के लिए 50 हजार रूपये, एम्स के लिए 50 हजार, एनडीए के लिए 50 हजार, क्लेट से एनएलयू के लिए 50 हजार, नीट मेडिकल कालेज शासकीय कालेज के लिए 25 हजार तथा जेईई एनआईटी के लिए 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि देय होगी। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति प्रतिभा योजना अंतर्गत एमपी टॉस पोर्टल पर आवेदन किए जाने हेतु 20 मार्च तक पोर्टल खोले गए हैं।

# वर्दी के साथ अंधेरगर्दी

## कोर्ट के सामने बवाल, वीडियो वायरल होते ही एक्शन



उमरिया (स्वतंत्रमत)

शनिवार 28 फरवरी की रात को जिले में कोर्ट परिसर के सामने हुई मारपीट की घटना ने पूरे शहर में हलचल मचा दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शासकीय ड्यूटी से लौट रहे एक आरक्षक के साथ सार्वजनिक स्थल पर हाथापाई की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया और पुलिस ने तत्काल प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना कोतवाली उमरिया में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 10 मुकेश सिंह पिता स्व. आनंद सिंह परस्ते, उम्र 40 वर्ष, ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि डाक वितरण संबंधी शासकीय कार्य से लौटने के बाद वे अपने किराये के कमरे की ओर जा रहे थे। उसी दौरान न्यायालय के सामने उन्होंने देखा कि न्यायालय कर्मचारी विमल लडिया एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति से मारपीट कर रहा है। मिली के अनुसार, जब आरक्षक ने बीच-बचाव कर समझाइश देने की कोशिश की तो आरोपित कर्मचारी ने उनसे अभद्र भाषा में गाली-गलौज की और विवाद करते हुए हाथापाई शुरू कर दी। मौके पर मौजूद दीपक मरावी, अनिल कुमार कोल और बाहिद खान ने हस्तक्षेप कर स्थिति को संभाला और आरक्षक को छुड़ाया। घटना में आरक्षक की वर्दी फटने और चेहरे व गर्दन में चोट लगने की बात सामने आई है। मारपीट का वीडियो किसी व्यक्ति द्वारा रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया गया, जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। इस संबंध में पन्नू सिंह परस्ते, एसडीओपी उमरिया ने बताया कि वायरल वीडियो संज्ञान में आने के बाद संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शासकीय कर्मचारी के साथ सार्वजनिक स्थान पर की गई मारपीट गंभीर विषय है। कानून को हाथ में लेने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती। फिलहाल गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और वीडियो की तकनीकी जांच भी कराई जा रही है। वही आरोपी पर बीएनएस की धारा 79,296बी,115(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है पुलिस ने आरोपी को अपने अभिरक्षा में लेकर मामले की विवेचना कर रही हैं।

### डिप्टी कलेक्टर प्रत्युष श्रीवास्तव को सौंपा गया सीईओ मानपुर जनपद पंचायत का प्रभार

उमरिया (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मानपुर, व्दारा अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर बैकल्पिक व्यवस्था के तहत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मानपुर जिला उमरिया का प्रभार अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ श्री प्रत्युष श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर, जिला उमरिया को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक सौपा है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। विदित हो कि मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के आदेश द्वारा अंकित कुमार सीरोठिया,को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मानपुर के पद पर पदस्थ किया गया है, किन्तु आदेशानुसार श्री सिरोठिया,मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थागत वाल्मी हिल्स,कलियासोत बाँध, भोपाल मध्यप्रदेश में 45 दिवस तक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

# होली पर खाद्य विभाग की टीम लगातार कर रही जाँच

उमरिया (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर के निर्देशानुसार दिनाक 26.02.2026 को जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमरिया मंजू वर्मा के द्वारा होली के त्योहार को देखते हुए लगातार किये जा रहें अचौक निरीक्षण। विगत दिनों उमरिया नगर में संध्याकाल के समय खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मनोहर चाय के पाउडर का सैंपल लिया गया ज्ञानेंद्र गुप्ता गांधी चौक के दो सैंपल मावा (खोवा) के लिए गए वहीं चौपाटी के सामने धारा डेयरी दीपक गुप्ता के दुकान से खोवा दही के सैंपल संग्रहित किए गए , घाघरी नाका ब सुरेंद्र किराना स्टोर से बेसन तेल नमकीन एवं सूजी के सैंपल संग्रहित किए गए सभी सैंपल को मानकों की जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगसाला भोपाल भेजा गया साथ ही निकटतम दुकानों एवम होटल का निरीक्षण किया गया जिसमें साफ सफाई एवं एक्सपायरी सामग्रियों को निस्तार करने हेतु निर्देशित किया गया।खाद लाइसेंस एवम रजिस्ट्रेशन की जांच किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा आम जन से यह अपील की गई है कि खाद्य पदार्थों को लेने से पहले देख कर सूंघकर प्राथमिक रूप से जाना जा सकता। उन्होंने जनता से अपील की है कि यदि जिले में किसी प्रकार की मिलावट के संबंध में शंका होती है तो जानकारी तत्काल 993541779 पर संपर्क कर सूचना प्रदान करे।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू वर्मा ने बताया कि विगत वर्ष 2025 में 144 सैंपल राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए थे जिसमें से प्राप्त रिपोर्ट के दो सैंपल अमानक पाए गए हैं जिसके आधार पर अनुशासनात्मक कार्यवाही न्यायालय हेतु प्रक्रियाधीन है।

वही नौरोजाबाद में शुक्रवार दिनांक 27 फरवरी को द्विवेदी होटल, बीकानेर होटल, बिरासनी डेयरी में कार्यवाही की गई, जिसमें कलाकंद, छेना रसगुल्ला, खोवा बर्फी, नमकीन के नमूने लिए गए एवं दूध के नमूने लिए गए। शनिवार 28 फरवरी को चंदिया के बीकानेर होटल में नमकीन, मिल्क केक और खोवा का नमूना लिया गया और चंदिया के गुप्ता होटल में खोवा एवं नमकीन का नमूना लिया गया और साथ मे दूध का भी सेम्पल लिया गया है। खाद्य सुरक्षा के मद्देनजर होली में आम जन तक शुद्ध खाद्य प्रदार्थ मिले जिसके लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी जिले के सभी बड़े कस्बो तक लगातार जाँच कर मिलावट की आशंका वाले प्रदार्थो के नमूने एकत्रित कर भोपाल भेजे जा रहे हैं।

# सड़क हादसे में पति पत्नी सहित बच्ची घायल



उमरिया (स्वतंत्रमत)

चंदिया थाना अंतर्गत एनएच-43 स्थित बांका चौराहा के पास शनिवार शाम करीब 5 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी और उनकी डेढ़ साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ग्राम भुंडी (तहसील चंदिया) निवासी राजीव कोल पिता इंद्रभान कोल अपनी पत्नी सरस्वती कोल और डेढ़ वर्षीय पुत्री त्रिसा कोल के साथ मोटरसाइकिल से ससुराल ग्राम करेला (जिला कटनी) से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे बांका मोड़ (चंदिया) के पास पहुंचे, कटनी की ओर से आ रही 407 मालवाहक वाहन क्रमांक सीजी 10-एएफ -2825 ने बाइक को बगल से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राजीव और उनकी पत्नी सरस्वती कोल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि डेढ़ साल की बच्ची त्रिसा के सिर में गंभीर चोट आई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदिया लाया गया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सभी को जिला अस्पताल उमरिया रेफर कर दिया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस द्वारा वाहन और हादसे के संबंध में जांच की जा रही है।

## पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संदेश के साथ गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन का उत्सव मनाये जाने के संबंध में निर्देश जारी

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** राज्य शासन द्वारा इस वर्ष पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संदेश के साथ आने वाले होली के पावन पर्व को मनाए जाने पर नागरिकों को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है। आपसी मतभेदों को मिटाकर भाईचारे, सामाजिक, एकता और हर्षोल्लास के साथ होली का त्यौहार मनाने के लिए जन सामान्य को प्रोत्साहित किया जाए।कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से कहा है कि जनसहयोग एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से यह प्रयास किया जाए कि होलिका दहन में लकड़ी की जगह उपलों और गौकाष्ठ का प्रयोग हो। साथही पर्यावरण संरक्षण और पानी बचाने के लिए प्राकृतिक व हर्बल रंगों से होली खेलने तथा पशु-पक्षियों पर रंग न डालने के संकल्प के साथ हुड़दंग से दूर रहकर भाईचारे के साथ होली का उत्सव मनाने लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होने कहा कि विशेष रूप से लकड़ी की जगह उपलों और गौकाष्ठ के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए जिले में विभिन्न स्तरों पर आयोजित किए जाने वाले सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का नि:शुल्क पंजीयन कराए जाने की व्यवस्था की जाए। यह पंजीयन सभी जिला मुख्यालयों में पंचायत तथा अन्य स्थानों पर तहसील तथा नगरीर निकायों के माध्यम से नि:शुल्क किया जाए।

ग्रामीणों के स्वास्थ्य से खिलवाड़

# बोलेगांव में बिना डिग्री क्लीनिक संचालित करते पकड़ाया झोलाछाप डॉक्टर

### निरीक्षण में डिग्री और शासकीय अनुमति नहीं मिली एफआईआर की तैयारी

**बालाघाट।** ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध क्लिनिक और झोलाछाप चिकित्सकों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। बिना मान्यता प्राप्त डिग्री और शासकीय अनुमति के इलाज किए जाने से जहां ग्रामीणों की जान जोखिम में पड़ रही है, वहीं अब ऐसे मामलों में मकान मालिकों की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। प्रशासनिक हलकों में यह मांग उठ रही है कि यदि कोई व्यक्ति लालचवश अपने मकान या निवास को अवैध क्लिनिक संचालन के लिए उपलब्ध कराता है, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों पर रोक लग सके। 1 मार्च 2026 को दोपहर लगभग 1=12 बजे ग्राम बोलेगांव, तहसील लांजी में निरीक्षण के दौरान यह मामला उजागर हुआ। ग्राम लखनादौन निवासी परमिंदर सिंह पिता रनविर सिंह द्वारा कुंवरलाल बापुरे, बोलेगांव के निवास पर क्लिनिक संचालित करते पाया गया। जानकारी अनुसार संबंधित व्यक्ति पिछले काफी समय से प्रत्येक रविवार को यहां पहुंचकर मरीजों का इलाज कर रहा था। मौके पर वह करीब 100 से 150 मरीजों के बीच उपचार करते पाया गया। पूछताछ में वह किसी भी प्रकार की मान्यता प्राप्त चिकित्सकीय डिग्री प्रस्तुत नहीं कर सका और न ही उसके पास उपचार करने की शासकीय अनुमति पाई गई। निरीक्षण के दौरान उसके बैग से एलोपैथिक, होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक दवाएं तथा बीपी जांच मशीन बरामद की गई।



यह दवाइयां मिली जांच में-- निरीक्षण के दौरान थायरॉयड केयर सिरप, नेव्रोजोम सिरप, कैडिप्रैग-एम कैप्सूल, न्यूरोविज कैप्सूल, ईएसडीओ-डीएसआर कैप्सूल, ब्रेनो-फास्ट सिरप, ओमेप्रा-20 कैप्सूल, जेक्लोफेन एसपी टैबलेट तथा रैबिजो- डीएसआर गोल्ड सहित विभिन्न दवाएं पाई गईं। उक्त क्लिनिक का निरीक्षण नायब तहसीलदार संजय बारसकर एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अक्षय उपराडे की उपस्थिति में किया गया तथा पंचनामा तैयार किया गया। जानकारी के अनुसार शासकीय सिविल अस्पताल लांजी के बीएमओ द्वारा थाना पहुंचकर इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। वहीं नायब तहसीलदार संजय बारसकर ने नियमानुसार आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही है।



## नए बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स में जलभराव से बढ़ी परेशानी, व्यापारियों में आक्रोश

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले के नए बस स्टैंड के पीछे स्थित कॉम्प्लेक्स, खासकर अंग्रेजी शराब दुकान वाली रोड पर जलभराव की समस्या से व्यापारी और ग्राहक परेशान हैं। पूरे कॉम्प्लेक्स में दिनभर आवाजाही बनी रहती है, लेकिन नगर पालिका के घरेलू जल कनेक्शन से बहता पानी और बाइक वॉशिंग सेंटर का गंदा पानी सड़क पर भरने से हालात बदतर हो गए हैं। अंग्रेजी शराब दुकान से लेकर बाइक वॉशिंग दुकान तक सड़क पर पानी जमा रहता है, जिससे आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि दूषित जलभराव के कारण कई छोटी घटनाएं भी हो चुकी हैं। कई बार शिकायत के बावजूद निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। व्यापारियों ने नाली निर्माण कर गंदे पानी की नियमित निकासी सुनिश्चित करने की मांग की है।

# अवैध शराब ने ठेकेदार की तोड़ी कमर, राजस्व राशि जमा न करने पर बम्हनी शराब दुकान का लायसेंस हुआ निरस्त

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

पूरे जिले भर के शराब ठेकेदार जमकर परेशान बताए जाते हैं अवैध शराब की तस्करी से लायसेंसी ठेकेदार परेशान हो गए हैं। पड़ोसी जिलों से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बिकने के लिए रोजाना मंडला पहुंच रही हैं इस काम में दर्जनों नही सैकड़ो लोग और लग्जरी वाहन बेखौफ होकर लगे हुए हैं जो कभी कभार पकड़ में आ जाते हैं लेकिन ठोस कार्यवाही नही होने से वे बच निकलते हैं और फिर इस काम में जुट जाते हैं जिसका सीधा असर लायसेंसी ठेकेदारों को पड़ रहा है करोड़ो रूपए का ठेका लेने के बाद भी मूल कीमत निकलना मुश्किल सा हो गया हैं।

जिले की कई शराब दुकाने भारी घाटे में चल रही हैं। जैसे तैसे दुकानों का संचालन हो रहा है। लायसेंसी ठेकेदार परेशान हो गए है हालात इतने खराब हो गए हैं कि वे राजस्व राशि भी नही जमा कर पा रहे हैं। जिसके चलते दुकानें निरस्त हो रही हैं। ऐसा ही एक मामला बम्हनी बंजर शराब दुकान का सामने आया हैं। जानकारी अनुसार इस शराब दुकान समूह का संचालन छत्तीसगढ़ कोरबा निवासी करणजीत सिंह सलुजा के द्वारा किया जा रहा था। उन्होंने वित्तीय वर्ष में बम्हनी समूह का शराब ठेका अधिकतम बोली लगाकर लिया हुआ था लेकिन समय पर राशि जमा न होने से ठेका निरस्त किया गया है। लाखों रूपए का बकाया बताया जा रहा है। वहीं जिला आबकारी विभाग ने बड़ी कार्यवाही करते हुए बम्हनी बंजर समूह की शराब दुकानों का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। यह कदम शासन को देय निर्धारित राजस्व राशि जमा न करने के कारण उठाया गया है। ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर शासन को देय संपूर्ण ड्यूटी राशि जमा नहीं की गई थी नियमों के उल्लंघन के फलस्वरूप कलेक्टर के आदेश 28 फरवरी के माध्यम से समूह की चारों शराब दुकानों का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। जब तक इन दुकानों का पुर्निनष्पादन नहीं हो जाता तब तक इन सभी दुकानों का संचालन सीधे आबकारी विभाग द्वारा किया जाएगा।

### 2 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

जिला आबकारी विभाग द्वारा नई आबकारी नीति के तहत जिले की शराब दुकानों के निष्पादन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष शराब दुकानों के आरक्षित मूल्य में 20 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। जिले की कुल 21 शराब दुकानों को 7 समूहों (ग्रुप) में विभाजित किया गया है। वर्तमान में बैच-1 के अंतर्गत 7 दुकानों के 3 समूहों के लिए ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक 2 मार्च की दोपहर 2 बजे तक एमपी टेंडर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म खरीदकर जमा कर सकते हैं। टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने के




लिए आवेदकों का ई-आबकारी पोर्टल पर ऑनलाइन कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। आवेदक इस टेंडर प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी विस्तृत जानकारी के लिए जिला आबकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### अवैध शराब की बिक्री बनी मुसीबत

जिले में इन दिनों अवैध शराब का कारोबार चिंताजनक रूप से बढ़ता नजर आ रहा है। विभिन्न स्रोतों से मिली जानकारी के अनुसार बाहर के जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में अवैध शराब मंडला में लाई जा रही है और उसे खुलेआम बेचा जा रहा है। ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी मोहल्लों तक इस अवैध धंधे ने अपनी जड़ें फैला ली हैं जिससे न केवल शासन को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है बल्कि सामाजिक और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जानकारों का कहना है कि शराब माफिया सक्रिय गिरोह के रूप में काम कर रहे हैं।

### पड़ोसी जिलो से आ रही शराब

पड़ोसी जिलों से सस्ती दरों पर शराब लाकर मंडला में ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। कई मामलों में अवैध रूप से तैयार की गई देशी शराब भी बेची जा रही है जिसकी गुणवत्ता संदिग्ध होती है और जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो हालात और भी गंभीर हैं जहां शाम ढलते ही छोटे-छोटे ठिकानों पर शराब की बिक्री शुरू हो जाती है। त्योहारों और विशेष अवसरों पर तो यह कीमत और भी बढ़ जाती है। शराब की दुकानों के बंद होने के बाद या समय सीमा के बाहर भी अवैध रूप से शराब उपलब्ध कराई जा रही है इससे स्पष्ट होता है कि इस कारोबार में संगठित नेटवर्क काम कर रहा है।

### एजेंटो माध्यम से बिक रही शराब

कुछ ग्रामीणों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि गांवों में एजेंटों के माध्यम से शराब की आपूर्ति की जाती है। मोटरसाइकिल और चारपहिया वाहनों से रात के समय खेप पहुंचाई जाती है ताकि प्रशासन की नजर से बचा जा सके। कई बार स्कूलों और धार्मिक स्थलों के आसपास भी शराब की बिक्री की शिकायतें सामने आई हैं जिससे अभिभावकों में रोष व्याप्त है। अवैध शराब की आसान उपलब्धता का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव युवाओं पर पड़ रहा है। कम उम्र के किशोर भी इस जाल में फंसते जा रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि बेरोजगारी और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति ने युवाओं को गलत दिशा में धकेल दिया है। अवैध शराब की बिक्री के कारण नशाखोरी बढ़ रही है जिससे अपराध की घटनाओं में भी इजाफा हो रहा है।

### महिलाएं उठा रही आवाज

महिलाओं ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताई है। कई स्थानों पर महिलाओं ने एकजुट होकर अवैध शराब के खिलाफ आवाज उठाई है। उनका कहना है कि घर की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है और पारिवारिक कलह बढ़ रही है। मजदूरी करने वाले लोग अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा शराब में खर्च कर देते हैं जिससे परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अवैध शराब के कारोबार से शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। लाइसेंसी दुकानों की बिक्री प्रभावित हो रही है क्योंकि सस्ती और अवैध शराब आसानी से उपलब्ध हो रही है। इससे वैध व्यापारियों में भी असंतोष है। उनका कहना है कि वे नियमों का पालन कर टैक्स देते हैं, जबकि अवैध कारोबारी खुलेआम कानून का उल्लंघन कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते इस पर सख्ती नहीं की गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। अवैध शराब का कारोबार अक्सर अन्य आपराधिक गतिविधियों से भी जुड़ा होता है, जैसे तस्करी, जुआ और हिंसा। हालांकि पुलिस और आबकारी विभाग समय-समय पर छापामार कार्रवाई करते हैं और अवैध शराब जब्त करते हैं, लेकिन यह कार्रवाई पर्याप्त नहीं मानी जा रही है।

### कार्यवाही के बाद भी नही सुधरे हालात

कुछ दिनों की सख्ती के बाद स्थिति फिर से पहले जैसी हो जाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार्रवाई केवल दिखावे तक सीमित रह जाती है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। लेकिन जमीनी स्तर पर निगरानी और खुफिया तंत्र को और मजबूत करने की आवश्यकता है। सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेष निगरानी और रात के समय गश्त बढ़ाने की मांग भी उठ रही है। अवैध रूप से तैयार की गई शराब में मिलावट की आशंका अधिक रहती है। इससे जहरीली शराब की घटनाओं का खतरा बना रहता है। प्रदेश के अन्य जिलों में जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले सामने आ चुके हैं जिससे लोगों में डर का माहौल है।

## राष्ट्र के नाम कार्यक्रम आयोजित

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** हम फाउंडेशन के द्वारा प्रतिमाह आयोजित किया जाने वाला दो मिनट राष्ट्र के नाम कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद चौक रानी अवंती बाई उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला के पास प्रात: 9 बजे आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुभागीय अधिकारी पीयूष मिश्रा के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रतनलाल बचावले द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष एचपी झरिया, प्रदेश संरक्षक बीके राय, प्रांतीय कार्य कारिणी से नाहिद तबस्सुम तथा संस्कृति शाखा हम फाउंडेशन से श्रीमती शिखा श्रीवास्तव व शहथ के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि द्वारा भारत माता के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पूजन अर्चन से किया गया कार्यक्रम में उपस्थित राम कुमार पाठक ने उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों को मातृभूमि को नमन करते हुए राष्ट्रगीत के गायन व राष्ट्रगान का गायन कराया।

## उद्यान विभाग को एससीएन जारी

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** संकल्प से समाधान अभियान की विभागवार प्रगति की समीक्षा बैठक में उद्यान विभाग के अंतर्गत संचालित सेवाओं के क्रियान्वयन में प्रगति अत्यंत न्यून है। इसके अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए विशिष्ट वित्तीय सहायता एवं व्यवसायिक उद्यानिकी फसलों की संरक्षित खेती प्रोत्साहन योजना के 24 कुल आवेदन, 11 स्वीकृत, 11 निराकृत एवं 13 आवेदन लम्बित, फल पौध रोपणी की अनुज्ञा जारी करना एवं उसका नवीनीकरण करना के कुल 3 आवेदन, 3 स्वीकृत, 3 निराकृत आवेदन हैं। कलेक्टर ने उद्यान विभाग के सहायक संचालक श्री मोहन मरावी को इस संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है आपके विभागीय दायित्वों एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में रुचि नहीं लिया जा रहा है जो कि अत्यन्त खेदजनक है।

## परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी विभाग एवं कार्यालय जिला आयुष अधिकारी में विभागीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में विभागवार एजेंडावार चर्चा करते हुए सुश्री गीता आर्मो एवं डॉ गायत्री अहाके की अध्यक्षता में विभागीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि सभी अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों के विभिन्न लंबित प्रकरणों के संबंध में निराकरण की जा चुकी है। बैठक में कर्मचारियों के सातवें वेतनमान, के निर्धारण, समयमान वेतनमान, कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका एवं सेवा सत्यापन कर्मचारियों के स्वत् भुगतान,वरिष्ठता सूची, विभागीय भविष्य निधि पर्ची, पेंशन प्रकरण, अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरण सहित अन्य विषयों पर कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारी के साथ विमर्श किया गया इस अवसर राधेलाल नरेटी,केडी दुबे, सतीश चन्द्रौल, सतीश मिश्रा, रविशंकर साहू, मिश्रीलाल यादव, राजेश गोयल,एन के शुक्ला, राजेश कुमार खरे, राजेश अम्पुरी,एकल कुमार पटेल,गजराज मरावीं, प्रकाशचन्द्र वरकड़े सहित संबंधित अधिकारी एवं विभागीय कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## नर्मदा एफपीओ में मिलेट वैल्यू चेन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से एक दिवसीय शैक्षणिक एवं औद्योगिक अवलोकन किया गया इस कार्यक्रम में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय की अंतिम वर्ष की बीएससी कृषि की 13 छात्राओं ने सहभागिता की कार्यक्रम का आयोजन नर्मदा सेल्फ रिलायंट फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड कुटेली परिसर में किया गया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को ग्रामीण कृषि उद्योगों विशेष रूप से मिलेट प्रसंस्करण इकाई की संपूर्ण वैल्यू चेन से परिचित कराना था इस दौरान कच्चे मिलेट की किसानों से खरीद सफाई ग्रेडिंग प्रसंस्करण पैकेजिंग ब्रांडिंग तथा बाजार से जुड़ाव की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही मिलेट आधारित व्यवसाय की संभावनाओं लागत प्रबंधन गुणवत्ता नियंत्रण विपणन की चुनौतियों एवं एफपीओ संचालन की व्यावहारिक बारीकियों पर



विस्तार से चर्चा की गई कार्यक्रम में डॉ. केतकी धुमकेती, कृषि विज्ञान केंद्र मेहमूद खान रिलायंस फाउंडेशन तथा नर्मदा एफपीओ के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया वक्ताओं ने एफपीओ की कार्यप्रणाली किसानों के संगठित प्रयासों तथा मिलेट वैल्यू चेन को सशक्त बनाने की रणनीतियों पर प्रकाश डाला कार्यक्रम ने छात्राओं को ग्रामीण उद्यमिता और कृषि आधारित उद्योगों की व्यावहारिक समझ प्रदान की।

## 53वां होलिका दहन आज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शारदा होलिका उत्सव समिति बड़ चौराहा में स्थित शारदा होलिका उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष होली उत्सव का 53 वां भव्य आयोजन हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया जा रहा है। समिति विगत 53 वर्षों से निरंतर सामाजिक सौहार्द एकता एवं भारतीय संस्कृति की परंपराओं को सहेजते हुए होलिका दहन एवं होली उत्सव का सफल आयोजन करती आ रही है समिति द्वारा आज बड़ चौराहा में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ पारंपरिक होलिका दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## दादा की स्मृति में क्रिकेट का होगा महाकुंभ

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** मंडला की धरती में इतिहास रचने को तैयार क्रिकेट का महाकुंभ मंडला की धरती एक बार फिर क्रिकेट के जोश और जुनून से सराबोर होने जा रही है। पेनजीवा गोंडवाना रत्न दादा हीरा सिंह मरकाम की स्मृति में आयोजित गोंडवाना कप 2026 आगामी 24 मार्च से 3 अप्रैल तक मंडला में होगा। यह टूर्नामेंट केवल खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच देने का एक सशक्त प्रयास है। यह गोंडवाना कप में कुल 20 टीमें भाग लेंगी जिनमें 8 टीमें मंडला जिले से 10 टीमें ऑल इंडिया स्तर से तथा 2 टीमें अंतरराष्ट्रीय स्तर से अफगानिस्तान एवं नेपाल देश की होंगी। गोंडवाना कप का प्रथम पुरस्कार 2,00,750/- एवं भव्य ट्रॉफी




निर्धारित है जबकि द्वितीय पुरस्कार 1,00,750/- रखा गया है। इसके अतिरिक्त मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर और अन्य आकर्षक पुरस्कार भी खिलाड़ियों को प्रदान किए जाएंगे। इस आयोजन के ब्रांड एम्बेसडर राष्ट्रीय महिला क्रिकेटर शुचि उपाध्याय एवं विश्व विजेता क्रांति गोंड है आपकी उपस्थिति में युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी एवं फाइनल मुकाबले के दिन दो महिला क्रिकेट टीम भी मैदान में दिखेगी जो क्षेत्र की बेटियों को खेल के मैदान में आगे बढ़ने का संदेश देगी। प्रतियोगिता आयोजन के अध्यक्ष एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. कमलेश तेकाम ने बताया कि गोंडवाना कप का उद्देश्य केवल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं बल्कि क्षेत्रीय एवं आदिवासी अंचल की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस बार प्रतियोगिता को भव्य और व्यवस्थित रूप देने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

## विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत हाईस्कूल-हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थीयों के लिए राज्य उच्च शिक्षा से जुड़ी शैक्षणिक संस्थाओं में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया जिला प्रशासन के जिसके अंतर्गत विकासखण्ड बिछिया से 200 छात्र छात्राओं को ज्ञान गंगा टेक्निकल इंस्टिट्यूट जबलपुर तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थलों दार्शनिक स्थलों का भ्रमण कराते हुए करियर निर्माण हेतु उचित मार्गदर्शन प्रदान किये गये जिले के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें आधुनिक करियर विकल्पों से अवगत कराने के उद्देश्य से यह एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया मेंटर्स के मार्गदर्शन में संस्कारधानी जबलपुर के विभिन्न व्यवसायिक संस्थानों और इको पर्यटन स्थलों का अवलोकन कराया गया भ्रमण का मुख्य केंद्र ज्ञानगंगा टेक्निकल इंस्टीट्यूट जबलपुर रहा यहां विद्यार्थियों ने करियर की संभावनाओं को समझा जहां संस्थान के विशेषज्ञों ने छात्रों को इलेक्ट्रीकल इंजिनिरिंग के तक नीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम जिला प्रशासन के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, सहायक संचालक एलएस मसराम, जिला नोडल अधिकारी मुकेश पाण्डे, बीईओ आत्मजीतसिंह अहलुवालिया, प्राचार्य श्रीमती अरुणा दीक्षित उत्कृष्ट बिछिया, कल्पना पाण्डेय,सुनीता मरावी,मंजुलता शिवात्री, शब्बो सोनवानी, अशोक राजपूत,अरुण परते स्वेता बरकड़े, विनीत झरिया संदीपनी बिछिया, राजीव मिश्रा माधोपुर, मंशाराम झारिया औरई के संयोजन में संपन्न हुआ।

## प्राकृतिक खेती पर किसानों को दिया प्रशिक्षण

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के सहयोग से ग्राम सेवा ट्रस्ट परसवाड़ा जिला बालाघाट मध्यप्रदेश के द्वारा बाघ वन रिसोर्ट खटिया ग्राम पंचायत खटिया में विकासखंड बिछिया के किसानों के लिए प्राकृतिक खेती पर आधारित तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 26 से 28 फरवरी तक किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखंड बिछिया के 7 गांव से 30 किसानों ने भाग लेकर सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्राकृतिक खेती विषय पर प्रशिक्षण देने के लिए जनक लाल ठाकरे रिटायर्ड वनपाल, रामेश्वर प्रसाद अहिरवार की वैज्ञानिक कृषि



विज्ञान केंद्र, डॉ ममता धुर्वे, आयुष विभाग, वैदिक अगाल इफको जिला प्रबंधक बालाघाट, अनूप कुमार पांडे जी, संभागीय प्रबंधक शांभवी सीट्स एवं योगेंद्र प्रसाद जाटव समन्वयक ग्राम सेवा ट्रस्ट, गंगाराम बोमप्रे सीईओ राह क्रॉप प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। डॉ रामेश्वर प्रसाद अहिरवार वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा किसानों को जैविक खाद, प्राकृतिक खाद एवं प्राकृतिक संसाधनों से कीट नियंत्रण दवा बनाने की प्रायोगिक विधि को बताते हुए प्राकृतिक खेती की जरूरत विषय पर किसानों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसी कड़ी में डॉक्टर ममता धुर्वे के द्वारा वन औषधि एवं औषधीय के उपयोग प्राकृतिक खेती में किस तरह से किया जा सकता है आपने अपने प्रशिक्षण सत्र में किसानों को विस्तृत जानकारी दी वैदिक अगल जी इफको के द्वारा किसानों को रासायनिक खाद के दुष्परिणाम एवं प्राकृतिक खाद के परिणाम इन दोनों विषयों के अंतर को समझाते हुए विस्तृत जानकारी प्रदान किया और आपने बताया कि वर्तमान में भारत को रासायनिक खाद की आपूर्ति विदेश से होती है इसलिए सरकार चाह रही है कि प्राकृतिक खेती की ओर किसान अग्रसर हो जिससे देश खाद के लिए आत्मनिर्भर बन सके। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन रामेश्वर प्रसाद सोनेकर अध्यक्ष ग्राम सेवा ट्रस्ट परसवाड़ा एवं टहल सिंह पटले के द्वारा किया गया।

## पेट्रोल पंप में हेलमेट की अनदेखी

**मण्डला/नारायणगंज (स्वतंत्रमत)।** नारायणगंज क्षेत्र के टिकरिया स्थित हरि जानकी एचपी पेट्रोल पंप पर कलेक्टर गाईडलाइन की अनदेखी किए जाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। जानकारी के अनुसार कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रत्येक मोटर साइकिल चालक के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है तथा बिना हेलमेट पेट्रोल देने पर प्रतिबंध है बावजूद इसके संबंधित पेट्रोल पंप पर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं स्थानीय लोगों का आरोप है कि पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा एक मोटर साइकिल चालक का हेलमेट उतरवाकर दूसरे चालक को पहनाकर पेट्रोल दिया जा रहा है। इस तरह की व्यवस्था न केवल नियमों के विरुद्ध है बल्कि मोटर साइकिल चालकों की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ है लोगों का कहना है कि व्यवसायिक लाभ के लिए इस प्रकार की प्रक्रिया अपनाई जा रही है जिससे सड़क सुरक्षा अभियान की मंशा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार जब इस संबंध में पेट्रोल पंप संचालिका हरि जानकी मैडम से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि उनके पेट्रोल पंप का 3 हजार रुपये का चालान काटा जा चुका है।

## मंत्री का आगमन आज

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री श्रीमती संपतिया उइके 2 मार्च को भोपाल से रवाना होकर रात्रि 8 बजे मंडला पहुंचेंगी। पीएचई मंत्री सम्पतिया उइके आज शाम 6:30 बजे जबलपुर एयरपोर्ट से मंडला के लिए रवाना होंगी।

## रानी दुर्गावती स्मारक का भूमिपूजन

मण्डला/मवई (स्वतंत्र मत)।

विकासखंड मवई के ग्राम पंचायत इंद्री भुआ बिछिया क्षेत्र में समाज के सहयोग से वीरांगना रानी दुर्गावती के स्मारक का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ यह स्मारक गोंडवाना की शूरवीर रानी की वीरता त्याग और बलिदान को समर्पित होगा तथा आने वाली पीढ़ियों को इतिहास से प्रेरणा देने का कार्य करेगा भूमिपूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर अनंत सिंह राठौर जनपद सदस्य, श्रीमति ललती सरोते सरपंच, अक्षय कुमार परते समाज सेवी, श्याम टेलर समाजसेवी, सोगन पूर्व उप सरपंच, कवल सिंह सरोते मुकद्दम, भेन सिंह सरोते, पालन सिंह तेकाम अध्यक्ष वन सुरक्षा समिति, राम सहाय परते, नरेश



धुर्वे, नंदलाल बंजारा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ की गई वक्ताओं ने अपने संबोधन में रानी दुर्गावती के शौर्य का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने मुगल सेना के विरुद्ध साहसपूर्वक युद्ध करते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए उनका जीवन संघर्ष स्वाभिमान और पराक्रम का प्रतीक है जनपद सदस्य अनंत सिंह राठौर ने कहा कि स्मारक निर्माण से क्षेत्र में ऐतिहासिक चेतना का विस्तार होगा और युवाओं को अपने गौरवशाली अतीत की जानकारी मिलेगी सरपंच श्रीमती ललती सरोते ने बताया कि ग्राम पंचायत एवं समाज के सहयोग से स्मारक का निर्माण चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

## बिना नंबर प्लेट वाहनों पर चालान

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले भर में यातायात नियमों के प्रभावी पालन एवं सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष चेकिंग अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा विभिन्न थाना एवं यातायात क्षेत्रों में चेकिंग प्वाइंट स्थापित कर बिना नंबर प्लेट संचालित वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई पिछले दो दिनों के दौरान अभियान चलाकर 50 से अधिक बिना नंबर प्लेट वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक करते हुए वैध नंबर प्लेट लगाने आवश्यक दस्तावेज साथ रखने एवं हेलमेट पहनकर वाहन संचालन करने की समझाईश दी गई।

## सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान की शुरुआत

### 90 दिवसीय अभियान के प्रथम दिवस 10 बालिकाओं को लगाए गए टीके

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

केंद्र सरकार के द्वारा 28 फरवरी से देशभर में 14 वर्ष की लड़कियों के लिए सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ नि:शुल्क टीकाकरण अभियान शुरू किया गया। यह 90 दिवसीय अभियान डोर-टू-डोर रणनीति के तहत किया जाएगा। जिसमें लगभग 1.15 करोड़ लड़कियों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त टीका लगाया जाएगा। जिसके अंतर्गत आज सिविल अस्पताल में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, उपाध्यक्ष संजू लता वैष्णव, एसडीम आशुतोष महादेव ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्ष्मण सिंह सारस, बीएमओ डॉ राजीव चावला, डॉ सुरेंद्र वरकड़े के द्वारा सरस्वती माता के पूजन आराधन के साथ इस विशेष अभियान का सूत्रपात किया गया। नैनपुर चिकित्सालय में डॉक्टर और प्रशिक्षित नर्सों की देखरेख पर 10 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर का टीका लगाया गया। आगामी भविष्य में इस बीमारी से बचने हेतु यह



टीकाकरण बालिकाओं के अभिभावकों की सहमति से लगाया जाएगा। इस टीकारण के लिए कुछ विशेष सावधानियो के लिए भी बालिकाओं और उनके पालको को प्रेरित किया गया है।

बताया गया कि वैक्सीन गार्डासिल-4 वैक्सीन का उपयोग किया जाएगा, जो एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) के टाइप 16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करती है। आयु वर्ग 14-15 वर्ष की लड़कियों को टीका लगाया जाएगा। टीकाकरण केंद्र सिविल अस्पताल नैनपुर रहेगा। टीकाकरण की सम्पूर्ण प्रक्रिया प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ द्वारा पूर्ण की जाएगी। टीका लगने के बाद उचित समय तक निगरानी भी की जाएगी।

इस कार्यक्रम में एस महलवंशी ए.एन.एम., पुनीत झा बी. पी. एम., अमित तिवारी, ममता शानडया ए एन एम, जय श्री पाठक एएनएम, शांति चौकसे बी सी एम,प्रेम कुमारी परस्ते छात्रावास अधीक्षिका उपस्थित रही।

संपादकीय


# खामेनेई का अंत

ईरान की सत्ता पर पिछले 36 सालों से राज करने वाले सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का अंत हो गया है। शनिवार को ईरानी स्टेट मीडिया ने घोषणा की कि मध्य तेहरान स्थित उनके परिसर को नेस्तनाबूद करने वाले अमेरिका और इजरायल के हवाई हमलों में उनकी मौत हो गई। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर दशकों से चल रहे कूटनीतिक प्रयासों के विफल होने के बाद यह चरम कदम उठाया गया। खामेनेई की मौत उस युग की समाप्ति है, जिसने ईरान को एक कट्टर अमेरिका-विरोधी ताकत में बदल दिया और देश के भीतर उठने वाली हर विरोधी आवाज को लोहे के हाथों से कुचला।

अयातुल्ला अली खामेनेई 11 साल की उम्र में ही मौलवी बन गए थे। उनके पिता धर्म और राजनीति को अलग रखने के पक्षधर थे, लेकिन खामेनेई ने इसके विपरीत इस्लामी क्रांतिकारी विचारधारा को अपनाया। 1963 में 24 साल की उम्र में राजनीतिक गतिविधियों के कारण वे पहली बार जेल गए, जहां उन्हें कड़ी यातनाएं दी गईं। 1979 की क्रांति के बाद वे रक्षा उपमंत्री बने और 1980-88 के ईरान-इराक युद्ध में अहम भूमिका निभाई। एक कुशल वक्ता होने के कारण उन्हें जुमे की नमाज का इमाम बनाया गया और बाद में वे देश के राष्ट्रपति पद पर पहुंचने वाले पहले मौलवी बने। खामेनेई ने स्वतंत्र सोच वाले राष्ट्रपतियों की महत्वाकांक्षाओं को कुचला और अपनी नीतियों से ईरान को वैश्विक स्तर पर अलग-थलग कर दिया। 1999, 2002 और 2009 में हुए प्रदर्शनों को उन्होंने सख्ती से दबाया। 2022 में पुलिस हिरासत में 22 वर्षीय महसा अमिनी की मौत के बाद भड़के उग्र प्रदर्शनों का खामेनेई ने क्रूरता से जवाब दिया और कई प्रदर्शनकारियों को सरेआम क्रेन से लटकाकर फांसी दे दी।

खामेनेई ने अपने 36 साल के शासन में अमेरिका का कड़ा विरोध किया और अक्सर भाषणों में उसे बड़ा शैतान कहकर उसकी निंदा की। खामेनेई ने 1990 के दशक में परमाणु हथियारों के खिलाफ फतवा जारी किया था। 2015 में राष्ट्रपति हसन रूहानी के कार्यकाल में हुए परमाणु समझौते का उन्होंने सावधानी से समर्थन किया। लेकिन 2018 में जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौते से पीछे हटे और कड़े प्रतिबंध लगाए, तो यह तल्खी और बढ़ गई। 2025 में ट्रंप के नए समझौते के दबाव को भी उन्होंने सिरे से ठुकरा दिया। कई सालों तक ईरान और इजरायल के बीच शैडो वॉर चला, जिसमें इजरायल ने ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिकों को मारा। अप्रैल 2024 में दमिश्क दूतावास पर हमले के जवाब में ईरान ने इजरायल पर मिसाइलें दागीं। जून 2025 में इजरायल की सेना ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर सैकड़ों लड़ाकू विमानों से बड़े हमले किए, जिससे यह संघर्ष पूर्ण युद्ध में बदल गया। अमेरिका भी 12 दिन चले इस हवाई हमले में शामिल हुआ। इसी कड़ी में शनिवार को हुए अब तक के सबसे बड़े हमले में खामेनेई मारे गए। इससे एक बात स्पष्ट हो जाती है कि परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय हथियारबंद गुटों का समर्थन और अमेरिका से दुश्मनी की नीतियां 1979 में सही हो सकती थीं, लेकिन आज नहीं।

# विश्वविद्यालयों की ब्रांडिंग के युग में मौलिकता का प्रश्न



अविजित पाठक

लेखक समाजशास्त्री हैं

बाजार चालित नव उदारवादी व्यवस्था शिक्षण क्षेत्र पर कब्ज़ा कर लेती है, तो यूनिवर्सिटीज अपनी ब्रांड वैल्यू बेचने लगती हैं। यूं भी औपनिवेशिक काल की सोच के चलते मूल रिसर्च करने के बजाय नकल की प्रवृत्ति बढ़ी। एआई इंपेक्ट समिट में गलगोटिया विवि की प्रोफेसर ने जो किया, उससे यह स्पष्ट होता है कि किसी नकल करने वाले देश के लिए मौलिक बनना आसान नहीं।

यकीन मानिए, मुझे हैरानी नहीं हुई जब मुझे पता चला कि गलगोटिया यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर ने हाल ही में देश की राजधानी में हुई भारत एआई इंपेक्ट समिट में विवाद खड़ा कर दिया है। जी हां, प्रोफेसर नेहा सिंह को अपनी यूनिवर्सिटी की 'उपलब्धि' दिखाने के लिए झूठा दावा करने में ज़रा भी झिझक महसूस नहीं हुई। हां, हम सबने देखा कि किस प्रकार उन्होंने सरकारी टेलीविजन चैनल डीडी न्यूज़ को विवरण दिया-और वह भी उस किस्म की 'चतुराई' के साथ जो हम कॉर्पोरेट कंपनियों के ज़हीन सेल्समैन में देखते हैं- कि 'ओरियन' नाम का रोबोटिक श्वान यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में विकसित किया गया है, जबकि कड़वा सच यह है कि इस रोबोट को चीनी रोबोटिक्स कंपनी, 'यूनिट्री' ने ईजाद किया है, और यह भारत में भी ऑनलाइन बेचा जाता है। इसमें अचरज नहीं है क्योंकि हमारी पीढ़ी ने यूनिवर्सिटी के जिस आदर्श को संजोया था, वह भरभरा कर टूट चुका है। हमने सोचा था कि किसी यूनिवर्सिटी की पहचान उसकी व्यावहारिक सहभागिता, अर्थपूर्ण अनुसंधान, आलोचनात्मक विचार, नैतिक संवेदनशीलता और सबसे ऊपर, शिक्षण की गरिमा से जानी जाएगी। एक यूनिवर्सिटी, जैसा कि हम मानते हैं, वह गुणवत्ता में किसी व्यापारिक प्रतिष्ठान, शॉपिंग मॉल या विज्ञापन एजेंसी से अलग जगह होती है। लेकिन फिर, हम एक बिल्कुल अलग समय में जी रहे हैं। जैसे-जैसे बाजार चालित नव उदारवादी मशीनी तार्किकता शिक्षण क्षेत्र पर कब्ज़ा कर लेती है, शिक्षा पूरी तरह से व्यापार बन जाती है, आलोचनात्मक विमर्श बलि चढ़ जाता है, छात्र उपभोक्ता बनकर रह जाता है और अध्यापक सेवा प्रदाता की भूमिका निभाने लगता है।

कोई हैरानी नहीं कि एक यूनिवर्सिटी भी अपनी 'ब्रांड' वैल्यू बेचने लगी हैं - जैसे कोई कंपनी डिटर्जेंट पाउडर बेचती हो और बेचे जाने वाले अपने उत्पाद के फायदों के बारे में हर तरह के झूठे या बढ़ा-चढ़ाकर दावे करे। असल में, रोबोटिक्स, डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस- ये फैंसी 'उत्पाद' हैं जिन्हें नवउदारवादी यूनिवर्सिटी रणनीतिक विज्ञापनों और बढ़ा-चढ़ाकर किए गए दावों के ज़रिए बेचना चाहती है। इसलिए अगर कोई यूनिवर्सिटी एआई के क्षेत्र में अपनी उपलब्धि के बारे में झूठे दावे करती हो तो आपको और मुझे हैरानी क्यों होनी चाहिये? एक प्रकार से, प्रोफ़ेसर नेहा सिंह को दोष नहीं दिया जाये क्योंकि आखिरकार वे खुद एक ऐसी संस्कृति का उत्पाद हैं जो यूनिवर्सिटी को लाभ कमाने वाला एक धंधा, एक प्रोफ़ेसर को जन संपर्क एजेंट और छात्र अथवा अभिभावक को एक संभावित ग्राहक की तरह लेता है।

भले ही गलगोटिया यूनिवर्सिटी फिलहाल खबरों में है, लेकिन सच तो यह है कि एक यूनिवर्सिटी को 'ब्रांड' के तौर पर बेचने का यह काम अब आम बात है। और शिक्षा के इस किस्म के सरेआम व्यवसायीकरण को 'रैंकिंग' की राजनीति




और आगे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करती है। सड़क किनारे लगे बिलबोर्ड या चमकदार पत्रिकाओं एवं अख़बारों में दिए भव्य विज्ञापन देखिए, तो आप आसानी से गौर कर सकते हैं कि कैसे इन सभी संस्थानों को 'टॉप रैंकिंग यूनिवर्सिटी' के तौर पर पेश किया जा रहा है। और ऐसी रैंकिंग एजेंसियों की कोई कमी नहीं है जिनकी सेवाएं ये यूनिवर्सिटियां निरंतर लेती रहती हैं और आमंत्रित करती हैं। और इन यूनिवर्सिटी की यत्नपूर्वक गढ़ी गई छवि अक्सर इनकी उपलब्धियों और सबसे बढ़कर, इनके 'प्रोडक्ट' (छात्रों) को, गूगल, इंफ़ोसिस, विप्रो, अमेज़न वगैरह से मिलने वाले 'पैकेज' के बारे में हर तरह के बढ़ा-चढ़ाकर किए गए दावों से भरी होती हैं। समझ नहीं आता कि हंसा जाये या रोया जाये, जब पाते हैं कि कोई यूनिवर्सिटी इस किस्म के शानदार विज्ञापन से खुद को 'दुकान' के तौर पर बेच रही होती है, मसलन, 'यूनिवर्सिटी ने वर्ल्ड क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स' एशिया 2026 में हासिल किया एक और मील का पत्थर... दक्षिणी एशिया में 116वें और पूरे एशिया में 454वें पायदान पर रखा गया है... डिग्री लेने वाले 98 प्रतिशत विद्यार्थियों ने टॉप की कंपनियों में नौकरी पाई; 5.4 लाख रूप औसत सालाना पैकेज; और उच्चतम वेतन 1.5 करोड़ रुपये वार्षिक '। इस किस्म के माहौल में, कोई प्रोफेसर सच की तलाश करने वाला नहीं हो सकता; उसे भी उस यूनिवर्सिटी की 'ब्रांड वैल्यू' के बारे में झूठे या बढ़ा-चढ़ाकर दावे करने पड़ते हैं जिसने उसे नौकरी पर रखा है। प्रोफेसर नेहा सिंह की मानसिक उलझन समझी जा सकती है।

इसके अलावा, ज़िंदा रहने के लिए, इन तमाम शिक्षा दुकानों को लगातार सत्तारूढ़ सरकार को संतुष्ट करना पड़ता है। यह मत भूलिए कि गलगोटिया यूनिवर्सिटी को, जैसा कि खबरें बताती हैं, एआई प्रदर्शनी हॉल में चार आईआईटी को कुल मिलाकर मिले बूथ से भी बड़ा बूथ मिला था। और विशेष तौर पर जब हमें बताया जाता है कि भारत को 'विश्वगुरु' होने के नाते आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस में पीछे नहीं रहना चाहिए- यह तकनीकी-आदर्शवाद का नवीनतम ब्रांड है जिसे कॉर्पोरेट अरबपति बेचने के लिए बेकरार हैं- तो शायद गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने सत्तारूढ़ सरकार को खुश करने के लिए सारी हदें पार कर दीं और, विडंबना यह कि सरकार को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। वास्तव में, यह देश में राजनीति और शिक्षा की हालत पर एक दु:खद टिप्पणी है। इसी प्रकार, मान लीजिए, एक चीनी रोबोटिक श्वान को भारतीय आविष्कार के तौर पर दिखाने की यह अजीब इच्छा यह भी दर्शाती है कि हम भारत को एक नकलची देश में बदलने में कभी शर्म महसूस नहीं करते। शायद, हम अभी तक अपनी चेतना को औपनिवेशिक काल की मानसिकता से उबार पाने में सफल नहीं हो पाए। आज़ादी के बाद के भारत में भी, 'विकसित' पश्चिम हमारे लिए सकरात्मक मानक बिंदु के तौर पर था। मसलन, अपनी विशिष्ट शिक्षा संस्कृति को बेहतर बनाने और अपने संस्थान उनके जैसे बनाने, जो आत्मविश्वास से भरपूर हों और स्थानीय ज़रूरतों एवं चुनौतियों के मुताबिक काम करें, इसकी बजाय हम ऑक्सफ़ोर्ड, कैम्ब्रिज, हार्वर्ड या प्रिंसटन को अपने लिए बतौर रोल मॉडल देखते रहते हैं।

मुझे सच में दुख होता है जब मैं देखता हूं कि भारत में एक अच्छे कॉलेज,यूनिवर्सिटी को पूर्व का 'ऑक्सफ़ोर्ड' कहा जाता है! इसके अलावा, हमें यूरोपियन/अमेरिकन फैशन की नकल करना पसंद है; बॉलीवुड निर्माता और निर्देशक को सफल पश्चिमी फिल्मों की नकल करते देखना कोई अजीब बात नहीं है, और, जैसा कि कहा जाता है, हमारी ज़्यादातर तकनीकी/व्यावसायिक इनोवेशन मूल रचना होने की बजाय चीनी या पश्चिम के रूपांतरण हैं। क्या यह कहना पूरी तरह गलत होगा कि फ्लिपकार्ट, अमेज़न की निम्नस्तरीय नकल है या ज़ोमैटो, डोरडैश की कॉपी कर रहा है? और यह कॉपी-पेस्ट संस्कृति, अंदरूनी जानकारी रखने वाले हर किसी को मालूम है, शिक्षा जगत में यह आम हो चला है-जिस तरह से रिसर्च पेपर तैयार किए जाते हैं, और, मान लीजिए, मानविकी और सामाजिक विज्ञान विषयों में, हर कोई जूडिथ बटलर और मिशेल फूको की शब्दावली की नकल करने लगता है। वास्तव में, गलगोटिया यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ने जो किया, उससे पता चलता है कि किसी नकलची देश के लिए मूल खोजकर्ता बनना आसान नहीं है।

# परीक्षा आपकी उपयोगिता की 'कसौटी'



अनिरूद्ध सिंह 'कुसुम'

लेखक, पत्रकार

परीक्षा यही वो शब्द है जो आपके द्वारा अर्जित ज्ञान को परखता है, आप उसमे कितने पारंगत है, परीक्षा उसी की परख है। और सही मायने में परीक्षा ही तय करती है कि आप कितने उपयोगी हैं अपने लिए और समाज के लिए। हमें यहां एक बात समझने की आवश्यकता है कि ज्ञान अर्जित करना और ज्ञान का उपयोग में एक महत्वपूर्ण कड़ी है साहस आप ज्ञान तो अपने प्रयास से अर्जित कर सकते हैं लेकिन उपयोग के लिए साहस आवश्यकता होती है, आपमें जो हुनर है उसे प्रदर्शन के लिए साहस चाहिए, और हुनर का प्रदर्शन किए बगैर आप वो सम्मान नहीं प्राप्त कर सकते जो चाहते हैं, और परीक्षाएं आप में वही साहस जगाती हैं, या सरल शब्दों में कहें आप के अन्दर के डर को समाप्त करती हैं और आप निडर होकर अपने हुनर को दुनिया के सामने रखते हैं और बदले में वो सब आपको मिलता है जिसके आप हकदार हैं। परीक्षा से आप बचिए मत क्योंकि आपके ना चाहते हुए भी आपको हर दिन परीक्षा के दौर से गुजरना ही होता है, और जीवन में आपको जो भी मिलता है वो आपके प्रतिदिन की परीक्षा में आपके प्रदर्शन और प्रयास का प्रसाद है। परीक्षा हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है,।


**ज्ञान और कौशल का मूल्यांकन**- परीक्षाएं हमें अपने ज्ञान और कौशल का मूल्यांकन करने में मदद करती हैं।

**आत्म-मूल्यांकन**- परीक्षाएं हमें अपनी कमजोरियों और मजबूतियों को पहचानने में मदद करती हैं। परीक्षा जीवन में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, निश्चित तौर पर यही जीवन का एकमात्र उद्देश्य नहीं है। परीक्षाएं हमें अपने ज्ञान और कौशल का मूल्यांकन करने का अवसर प्रदान करती हैं, जिससे हमें अपनी कमजोरियों और मजबूती को पहचान सकें। परीक्षा के निरंतर दौर से गुजरते हुए वो हमें कई तरह से निखारती है , जिससे हमारे व्यक्तित्व और व्यवहार में अमूलचूल परिवर्तन आते हैं

1. **संकल्प और दृढ़ता**- परीक्षाएं आपको संकल्प और दृढ़ता की ताकत सिखाती हैं। जब आप परीक्षाओं के लिए तैयारी करते हैं, तो आप अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं और अपने संकल्प को मजबूत बनाते हैं।

2. **समय प्रबंधन**- परीक्षाएं आपको समय को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने की क्षमता सिखाती हैं। जब आप परीक्षाओं के लिए तैयारी करते हैं, तो आप अपने समय को व्यवस्थित करने और अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए योजना बनाते हैं।

3. **आत्म-मूल्यांकन**- परीक्षाएं आपको अपने ज्ञान और कौशल का मूल्यांकन करने का अवसर प्रदान करती हैं। जब आप परीक्षाओं में बैठते हैं, तो आप अपनी कमजोरियों और मजबूतियों को पहचानते हैं और अपने प्रदर्शन में सुधार करने के लिए काम करते हैं।



4. **संचार कौशल**- परीक्षाएं आपको अपने विचारों और भावनाओं को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने की क्षमता सिखाती हैं। जब आप परीक्षाओं में बैठते हैं, तो आप अपने ज्ञान और कौशल को स्पष्ट और संक्षिप्त रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास करते हैं।

5. **तनाव प्रबंधन**- परीक्षाएं आपको तनाव को प्रबंधित करने की क्षमता सिखाती हैं। जब आप परीक्षाओं के लिए तैयारी करते हैं, तो आप तनाव को कम करने के तरीकों का विकास करते हैं और अपने मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए काम करते हैं।

6. **आत्म-विश्वास**- परीक्षाएं आपको आत्म-विश्वास को बढ़ाने में मदद करती हैं। जब आप परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो आप अपने आप में अधिक विश्वास करने लगते हैं और अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अधिक प्रेरित होते।

परीक्षा के दौर से गुजरते हुए, हमे जीवन की चुनौतियों से निपटने के बेहतर तरीके और साहस आता है, आसपास के सामाजिक ताने को ना सिर्फ़ बेहतर समझ विकसित होती है बल्कि बेहतर निभाने की अकलियत भी आती है यहां तक की हमारे शौक के प्रति भी हमारा नज़रिया भी और बेहतर हो जाता है।

**व्यक्तिगत विकास**- जीवन में व्यक्तिगत विकास के लिए बहुत अवसर होते हैं।

**सामाजिक संबंध**- जीवन में सामाजिक संबंध बहुत महत्वपूर्ण होते हैं।

**शौक और रुचियां**- जीवन में शौक और रुचियों के लिए समय निकालना बहुत जरूरी है।

बहरहाल एक बात तो तय है कि परीक्षा सिर्फ़ प्रश्नों के उत्तर कागज़ पर लिखने भर का नाम नहीं है, बल्कि हमारे जीवन की कठिनाइयों निपटने का साहस भी पैदा करती है। परीक्षा से हमारे भीतर कितना साहस और नज़रिया विकसित होता है ये हमारे परीक्षा देने के तरीके के प्रति हम कितने ईमानदार रहें ये इस पर निर्भर करता है। परीक्षा के मामले में एक बेहद महत्त्वपूर्ण बात ये है कि परीक्षा में हमे घबराना नहीं है, क्योंकि घबराने से हमे आती हुई चीज़ भी भूल जाते हैं। आपको जो विषय से संबंधित आता है उसे पूरे विश्वास से लिखिए। अंतिम और महत्त्वपूर्ण बात परीक्षा में फेल और पास मायने नहीं रखता आपने अपनी कमजोरियों को कितना पहचाना ये मायने रखता है, और अगली बार उस कमजोरी में कितना सुधार किया ये परीक्षा मे महत्वपूर्ण है। परीक्षा की यही कसौटी आपको हुनर में निपुण बनाती है, और आपको वो सम्मान दिलाती है, जिसकी आप उम्मीद रखते हैं।

# चढ़े न दूजा रंग

वे बड़े ही होलियाना जोश में नेताजी पर रंग लगाने के लिए आगे बढ़े थे, लेकिन ठिठक गए। अब वे उन पर क्या रंग लगाते। नेताजी तो पहले से काले रंग से सने थे। भ्रष्टाचार की कालिख उन पर इतनी पुती थी कि उस पर काला, पीला, हरा, लाल... कोई भी रंग क्या चढ़ता? चलिए, चेहरा न सही, उनके झक सफेद कुर्ते पर कीचड़ क्यों न उड़ेल दिया जाए। कलफ लगे दमकते सफेद कुर्ते पर कीचड़ क्या खूब जमेगा! पर नेताजी उसके लिए भी सहर्ष तैयार थे। उन्होंने जीवनभर 'दाग अच्छे हैं' की फिलोसॉफी को अपनाया था। यानी कालिख के साथ दागों से भी लिपे-पुते थे। वैसे भी कीचड़ उछालने और कीचड़ में घसीटने का काम पूरे साल चलता रहता है। नेताजी इसके अभ्यस्त थे।




उनकी हालत देखकर मन में आया कि काले रंग को छोड़ सफेद रंग उन पर डाला जाए। कोशिश की तो कालिख इतनी जगह निकली कि उस पर व्हाइट वॉश करते-करते सफेद रंग भी नहीं बचा। जब काले पर सफेद नहीं चढ़ रहा तो कौन-सा रंग लगाया जाए। नेताजी पर रंग लगाना चैलेंज सरीखा हो गया। लेकिन होली पर किसी नेता का मुंह काला नहीं किया तो क्या खाक मनी होली! यही तो अवसर होता है, जब नेताजी बुरा नहीं मानते। कहते, 'भई, मल दो... कैसा भी रंग मल दो... बुरा क्या मानना। होली जो है...।' यहां तो कमबख्त ऐसा मुंह मिलना मुश्किल हो गया है, जिस पर रंग मला जा सके।

'क्या हुआ महाशय... किस सोच में पड़ गए... रंग नहीं लगाओगे...।' नेताजी ने चेहरे पर व्यंग्यभरी मुस्कान लाते हुए कहा। वे अचकचा गए। नेताजी के साथ होली मनाने का सारा उत्साह ठंडा पड़ गया। किसी के रंग और कीचड़ तो जबर्दस्ती लगाएं, तभी मजा आता है। यहां तो नेताजी स्वयं आगे होकर आमंत्रण दे रहे हैं कि रंग लगाओ...। वे तो बिल्कुल भी प्रतिरोध नहीं कर रहे। भांग की लस्सी नेताजी ने पी हुई थी। चक्कर उस भले मानुष को आ रहे थे, जो उन पर रंग लगाने आया था।

'तुम्हारी बारी खत्म हुई। अब रंग लगाने की बारी मेरी है,' नेताजी गुजिया की प्लेट आगे कर ठठाकर हंसते हुए बोले।

'बुरा न मानो होली है...' कहते हुए नेताजी ने वो रंग फेंका कि महाशय ऊपर से नीचे तक कालिख में नहा गए। गए थे नेताजी को रंगने, खुद रंगे गए। हर साल नेताजी इसी तरह होली मनाते। कोई रंग लगाने की कोशिश करता उसके मुंह पर काला रंग लगा देते। काले को सफेद करने का गुर वे ही जानते थे। होली मनाने की कला कोई नेताओं से सीखे।

**- मनीष कुमार चौधरी**

# तकनीक के जोखिम: बच्चों के लिए सुरक्षित हो एआई का उपयोग



मधुरेन्द्र सिन्हा

वरिष्ठ पत्रकार

इस सदी में हमने जिस तकनीकी उत्पाद का अभूतपूर्व विकास देखा वह है मोबाइल फोन। भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल फोन उत्पादक ही नहीं बल्कि सबसे ज्यादा लोगों के पास इसके होने का गौरव रखता है। भारत में सस्ते स्मार्टफोन के आगमन और दुनिया की तीसरी सबसे सस्ती इंटरनेट सेवा होने के कारण घर-घर में कई-कई मोबाइल फोन दिखते हैं। लेकिन यहीं पर समस्या है और वह यह है कि नन्हे बच्चे जो कल तक खिलौनों से खेलते थे, आज मोबाइल फोन से चिपके हैं। मां-बाप बच्चों से पीछा छुड़ाने के लिए उन्हें स्मार्टफोन पकड़ा देते हैं। लाखों बच्चे तो ऐसे हैं जो फोन हाथ में लिये बिना खाना नहीं खाते या फिर हंसते-गाते नहीं। वे वर्चुअल वर्ल्ड से इतना जुड़ गये हैं कि उसके अलावा कुछ सोच नहीं पा रहे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की धमाकेदार एंट्री के बाद हालात और बदल गये। यह एक आधुनिक और तत्काल रिजल्ट देने वाली तकनीक है जिसके पास अपार संभावनाएं हैं। यह काफी कुछ कर सकता है, पलक झपकते ही आपके प्रश्नों का जवाब दे सकता है, लेख लिख सकता है व ड्राइंग भी बना सकता है। यानी यह सब कुछ कर सकता है जो एक बच्चा चाहेगा। और यहीं गंभीर समस्या आ सकती है। उस बच्चे को कैसे यह समझ में आयेगा कि क्या सही है और क्या गलत?

इंटरनेट ने बच्चों को उम्र से पहले परिपक्व बनाना शुरू कर दिया है। अब एआई की बारी है जो उन्हें वहां पहुंचा सकती है जिसके बारे में हमने सोचा तक नहीं। हाल में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन के दौरान फिक्की-यूनिसेफ की संयुक्त कार्यशाला में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय सूद ने कहा कि भारत में डिजिटल पैठ तेजी से बढ़ रही है और बच्चे एआई संचालित प्लेटफॉर्म्स की ओर खिंचे जा रहे हैं। अब जरूरी है कि एक समग्र और सशक्तीकरण करने योग्य फ्रेमवर्क तैयार किया जाये ताकि बच्चों का समुचित विकास हो। एआई अब सीखने के पैटर्न को एक आकार दे रहा है। हमें देखना होगा कि बच्चे क्या सूचना पाना चाहते हैं और एआई इस्तेमाल करने के बाद उनका व्यवहार कैसा रहता है। इस पर सभी भागीदारों यानी अभिभावकों, स्कूलों, शिक्षकों वगैरह को ध्यान देना होगा। यह भी देखना होगा कि जो बच्चे एआई की मदद से पढ़ाई कर रहे हैं या करेंगे उनका दीर्घकालीन विकास कैसा होता है। बच्चों के विकास पर समय के साथ एआई का क्या प्रभाव पड़ता है उसका अध्ययन करना होगा।



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को दोधारी तलवार यूं ही नहीं कहा जा रहा। अगर यह बच्चों के विकास में बहुत बड़ा सहयोगी बनता है तो साथ ही उन्हें नुकसान भी पहुंचा सकता है। इसलिए जरूरी है कि इसके जोखिमों को समझा जाये और उसकी धार कुंद की जाये। यह किस तरह के अवसर प्रदान करता है उन्हें भी देखना होगा। यह भी कि बच्चों की एआई तक पहुंच कितनी हो। यह भी जान लेना जरूरी है कि एआई पर अत्यधिक निर्भरता बच्चों के स्वतंत्र रूप से सोचने की ताकत और सरल बुद्धिमत्ता को कमजोर न कर दे।


देश में इसके लिए कई तरह की पहल की हैं ताकि एआई पर लगाम लगाई जा सके। लेकिन केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी सचिव एस कृष्णा का मानना है कि इसी को देखते हुए एआई इंपैक्ट समिट आयोजित किया गया था। इसका थीम यही तो है कि मानव जाति, पृथ्वी और विकास के लिए एआई का लाभ उठाया जा सके। अगली पीढ़ी के पास व्यापक आधार वाली टेक्नोलॉजी हो ताकि विकास की श्रृंखला बन सके। उन्होंने यह भी कहा कि एआई को भय की दृष्टि से देखने की जरूरत नहीं बल्कि यह सोचकर इसे देखना-परखना चाहिए कि यह बच्चों के भविष्य में बदलाव ला सके। लेकिन यह भी कहा कि शासन द्वारा ऐसा मेकेनिज्म तैयार करना चाहिए जिससे बच्चों के भविष्य में बदलाव हो सके। जिससे उन्हें कई तरह के अवसर मिलते रहें ताकि उनका और विश्व का भविष्य संवरे।

एआई अब चूंकि शिक्षा, स्वास्थ्य के अलावा खेलकूद में भी तेजी से आ रहा है और बच्चों की दुनिया बदल रहा है। बच्चों की परफॉर्मेंस भी वही सेट करने लगा है। भारत के एडटेक इंडस्ट्री के लिए यह एक वरदान साबित हो रहा है और आधुनिकतम शिक्षा प्रदान कर रहा है। एआई दुनिया भर के बच्चों को जोड़ रहा है। यहां पर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं क्योंकि हर देश दूसरे से अलग है और उसकी परंपराएं-संस्कार अलग हैं। ऐसे में बच्चों को सही मार्गदर्शन की जरूरत है। वे गलत राह न जायें, इसकी भी व्यवस्था करनी होगी। दुनिया के 184 देशों के 54,000 बच्चों और किशोरों की एक सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई डिजाइनिंग, उनके इस्तेमाल और संचालन में बच्चों को केन्द्र में रखना चाहिए। ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है कि इससे तेजी से विकसित हो रहे एआई टूल्स को नियंत्रित किया जा सके जो युवा पीढ़ी खासकर बच्चों के लिए हानिकारक है। बच्चों और किशोरों की इस मामले में उपेक्षा एक सुरक्षित प्रणाली और व्यवस्था तैयार करने में बाधा पहुंचायेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारों को एआई को मॉनिटर करने वाले संगठनों या विभागों को मजबूत करना चाहिए चाहे वे प्राइवेट सेक्टर में क्यों न हो। इनके सदस्यों को बच्चों के अधिकारों, शिक्षा, डेटा सुरक्षा वगैरह में सिद्धहस्त होना चाहिए ताकि वे आसानी से अपनी भूमिका निभा सकें। कुल मिलाकर बच्चों और किशोरों के सामने एआई एक सच्चाई है जो उन्हें ज्ञान-विज्ञान सभी कुछ दे तो सकता है लेकिन उसके अपने खतरे हैं। इसके लिए सरकारों तथा स्वयंसेवी संगठनों को भी खड़ा होना चाहिए और बच्चों को खतरे से आगाह करते रहना चाहिए।

# खामेनेई की मौत : कहीं खुशी-कहीं गम


तेहरान/नई दिल्ली

ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आने के बाद पूरे देश में हलचल मच गई। बताया जा रहा है कि तेहरान में उनके दफ्तर पर किए गए हमले में उनकी जान गई। जैसे ही यह खबर फैली, कई शहरों में लोगों की भीड़ सड़कों पर उतर आई। राजधानी तेहरान के पास करज में लोगों ने गाड़ियां निकालकर हॉर्न बजाए और खुशी मनाई। तेहरान के कई इलाकों में लोग अपने घरों की बालकनी से तेज संगीत बजाते और पटाखे छोड़ते नजर आए। फुलादशहर में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए और हाथ उठाकर नारे लगाए। बोराजजान और ममासानी में लोगों ने झंडे लहराए और नाचते हुए जश्न मनाया। शिराज और आबादान में देर रात तक लोग सड़कों पर रहे। कई लोग इसे लंबे समय बाद बदलाव की शुरुआत मान रहे हैं। उनका कहना है कि करीब पांच दशक से चल रहे शासन के बाद अब देश एक नए दौर में प्रवेश कर सकता है। हालांकि, सभी लोग इस घटनाक्रम से खुश नहीं हैं। देश के कुछ हिस्सों में डर और अनिश्चितता का माहौल भी है। विदेशों में रह रहे ईरानियों ने भी अलग-अलग तरह से प्रतिक्रिया दी। लॉस एंजिल्स में सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे और ईरान तथा अमेरिका के झंडे लहराए। कुछ लोगों ने नए ईरान की उम्मीद जताई। वहीं लंदन, बर्लिन



और मेडरिड जैसे शहरों में भी लोगों ने खुशी जताई। इसके साथ ही कुछ जगहों पर युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन भी हुए। लोगों ने कहा कि किसी भी देश में हिंसा समाधान नहीं है। ईरान के भीतर स्थिति अभी पूरी तरह साफ नहीं है। एक ओर जश्न का माहौल है, तो दूसरी ओर भविष्य को लेकर चिंता भी बनी हुई है। आने वाले दिनों में देश की दिशा क्या होगी, इस पर सबकी नजर टिकी है। ईरान के सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की इजरायल-अमेरिका के हमलों में उनके दफ्तर में मौत हो गई। इससे पहले अमेरिकी और इजरायली अधिकारियों ने उनके मारे जाने का दावा किया था। रविवार को आई आधिकारिक पुष्टि से पहले ईरान की तस्नीम और मेहर न्यूज एजेंसियों ने कहा था कि खामेनेई मैदान की कमान संभाले हुए डटे हुए हैं। इधर, लखनऊ में अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद शिया समुदाय में गहरा शोक है। इस सिलसिले में शहर में तीन दिन के शोक की अपील की गई है। समुदाय के प्रमुख धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने लोगों से इस दौरान अपने-अपने स्तर पर शोक मनाने और एकजुटता दिखाने की अपील की है। जारी की गई अपील में कहा गया है कि शोक के इन तीन दिनों के दौरान सभी घरों, इमामबाड़ों और धार्मिक स्थलों पर काले परचम लगाए जाएं। इसे शोक का प्रतीक माना जा रहा है। साथ ही शहर के दुकानदारों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों से भी अनुरोध किया गया है कि वे अपने प्रतिष्ठान बंद रखें, ताकि एकजुटता के साथ शोक व्यक्त किया जा सके।

## अलीरेजा अराफी ने संभाली कमान



अमेरिका-इजराइल हमलों में अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अलीरेजा अराफी को ईरान की लीडरशिप काउंसिल में नियुक्त किया गया है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, सीनियर ईरानी नेता अलीरेजा अराफी को रविवार को ईरान की लीडरशिप काउंसिल का ज्यूरिस्ट मेंबर बनाया गया है। अलीरेजा अराफी को लीडरशिप काउंसिल का ज्यूरिस्ट मेंबर बनाने का मतलब है कि अराफी तब तक सुप्रीम लीडर की भूमिका निभाएंगे, जब तक असेंबली नए लीडर का चुनाव नहीं कर लेती। अमेरिका और इजरायल ने साथ मिलकर ईरान पर हमला किया है। ईरान में कई जगह मिसाइलों से हमले किए गए। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। खामेनेई की मौत के बाद ईरान में 40 दिनों के शोक का एलान किया गया है। अलीरेजा अराफी एक मौलवी और गार्डियन काउंसिल के मेंबर हैं। प्रेसिडेंट मसूद पेजेशकियन और चीफ जस्टिस गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई के साथ काउंसिल में शामिल हो गए हैं, जो तब तक सुप्रीम लीडर के काम संभालती है, जब तक कि एक्सपर्ट्स की असेंबली उनका उत्तराधिकारी नहीं चुन लेती।



## हमें घर पहुंचाओ

### जंग में फंसे आईपीएल स्टार ने प्रधानमंत्री से लगाई गुहार

**अबू धाबी।** एक स्टार क्रिकेटर अपनी टीम के साथ अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध में फंस गया। उन्होंने इसे लेकर अपने देश के प्रधानमंत्री से मदद की गुहार लगाई है। इंग्लैंड का यह स्टार क्रिकेटर आईपीएल में भी खेल चुका है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब क्रिकेट पर भी साफ दिखाई देने लगा है। पाकिस्तान शाहीन्स और इंग्लैंड लायंस के बीच 1 मार्च को खेला जाने वाला दूसरा 50 ओवर का मुकाबला रद्द कर दिया गया। यह फैसला इलाके में बिगड़ते सुरक्षा हालात को देखते हुए लिया गया। इसके बाद आईपीएल खेल चुके जॉनी बेयरस्टो ने यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर से गुहार लगाई है। जॉनी बेयरस्टो अभी अबू धाबी में इंग्लैंड लायंस के साथ हैं और टीम के लिए कोचिंग/ मेंटरिंग की भूमिका में दिख रहे हैं। जॉनी मौजूदा हालात के बीच टीम की सुरक्षित वापसी को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री कीर स्टारम से सोशल मीडिया पर अपील करते हुए लिखा- क्या आप हमें घर पहुंचा सकते हैं? इंग्लैंड की यह टीम इस समय अबू धाबी में ठहरी हुई है, जहां हाल के दिनों में तेज धमाकों की आवाजें सुनी गईं। स्थानीय स्तर पर लोगों के मोबाइल फोन पर अलर्ट जारी किए गए, जिनमें संभावित मिसाइल खतरे को देखते हुए सुरक्षित इमारतों में शरण लेने और खिड़कियों से दूर रहने की सलाह दी गई। इस घटनाक्रम ने खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के बीच चिंता बढ़ा दी है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि टीम और स्टाफ की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि वह सुरक्षा विशेषज्ञों और सरकार के लगातार संपर्क में है तथा सभी आधिकारिक सलाह का पालन किया जा रहा है। इसी कारण पाकिस्तान के खिलाफ निर्धारित मैच को रद्द करने का निर्णय लिया गया। बोर्ड ने संकेत दिए हैं कि आगे का कार्यक्रम हालात की समीक्षा के बाद ही तय किया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में दिखा पाकिस्तानी ड्रोन भारतीय सेना ने बरसाईं गोलियां



**जम्मू।** रविवार सुबह जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में लाइन ऑफ कंट्रोल पार से भारतीय सीमा में घुसे एक पाकिस्तानी ड्रोन को गिराने के लिए सेना के जवानों ने फायरिंग की। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन दिगवार इलाके में थोड़ी देर मंडराने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में लौट गया। तीन दिनों में यह दूसरी बार था जब सीमा पार से ड्रोन की हलचल देखने के बाद सैनिकों ने फायरिंग की। अधिकारियों ने बताया कि एक फॉरवर्ड पोस्ट पर तैनात सैनिकों ने सुबह करीब 6.10 बजे दुश्मन के ड्रोन को देखा और उसे गिराने के लिए एक दर्जन से ज्यादा राउंड फायरिंग की। हालांकि, ड्रोन गोलियों से बच गया और तुरंत वापस लौट गया। अधिकारियों ने बताया कि यह पक्का करने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया कि ड्रोन से कोई हथियार या नशीले पदार्थ तो नहीं गिराए गए। 27 फरवरी को भी सैनिकों ने इसी इलाके में एक पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग की थी।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बनेगा एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस हब

ग्रेटर नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस का केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दौरान जेवर में एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस सुविधा विकसित करने के लिए एसआइए इंजीनियरिंग कंपनी ने रुचि दिखाई है। प्रदेश सरकार की योजना जेवर में एयरक्राफ्ट की मेंटेनेंस, रिपेयर एवं ओवर हालिंग (एमआरओ) के अलावा एविएशन उद्योग स्थापित करने की है। ताकि बोइंग और एयरबस आदि व उनके पुर्जों का निर्माण भी यहां हो सकेगा।

सिंगापुर और जापान दौरे के दौरान यीडा क्षेत्र में निवेश को लेकर सबसे अधिक आकर्षण रहा है। यीडा क्षेत्र में एयरकार्गो से लेकर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, लाजिस्टिक, टाउनशिप आदि को लेकर सिंगापुर की कंपनियों के साथ एमओयू

### सिंगापुर की कंपनी ने दिखाई रुचि




हुए हैं। जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक 1365 हे. जमीन एमआरओ की सुविधा विकसित करने के लिए अधिगृहीत की गई है। मुख्यमंत्री के साथ सिंगापुर व जापान दौरे पर गए यीडा सीईओ आरके सिंह ने बताया कि सिंगापुर की एसआइए इंजीनियरिंग कंपनी ने एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस सुविधा विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। इससे यहां रोजगार व निवेश दोनों होगा। एआई सैट्स ने कार्गो हब के लिए एमओयू किया है।

इसके अतिरिक्त सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी व ग्रुप हाउसिंग के लेकर भी अनुबंध हुए हैं। मैपल ट्री लाजिस्टिक ने यीडा क्षेत्र में लाजिस्टिक सेक्टर में निवेश के लिए एमओयू किया है। इन प्रस्तावों को धरातल पर उतरने के लिए कार्रवाई को जल्द आगे बढ़ाया जाएगा। जापान में भी यीडा क्षेत्र में जापानी सिटी के विकास के लिए एमओयू हुए हैं। जापानी एक्सटर्नल ट्रेड आर्गेनाइजेशन के जरिये जापानी सिटी में एमएसएमई उद्योग को विकसित किया जाएगा। यीडा क्षेत्र में निवेश को लेकर जापानी कंपनियों का रुख सकारात्मक है। दौरे के दौरान कुबोटा, होंडा, मिंडा स्पार्क, डेंसो, देबू, सुजुकी मोर्टस के प्रतिनिधियों के साथ ही निवेश को लेकर बैठक हुई हैं। कंपनियों के प्रतिनिधि यीडा क्षेत्र में निवेश के लिए दौरा करेंगे।

# दुबई एयरपोर्ट के पास धमाका?

### पीवी सिंधू ने साझा किया खौफनाक अनुभव, बताया- कोच को तुरंत भागना पड़ा

दुबई

भारत की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू ने दुबई एयरपोर्ट के पास हुए एक धमाके को लेकर अपना भयावह अनुभव साझा किया है। क्षेत्र में ईरान से जुड़े हमलों के कारण हालात पहले से ही तनावपूर्ण थे, इसी बीच एयरपोर्ट के पास विस्फोट होने से अफरा-तफरी मच गई। सिंधू और उनकी टीम उस समय एयरपोर्ट पर फंसी हुई थी। अचानक हुए धमाके ने वहां मौजूद सभी लोगों को हिला कर रख दिया। सिंधू ने बताया कि स्थिति हर घंटे के साथ और ज्यादा डरावनी होती जा रही है। सिंधू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने अनुभव को साझा करते हुए लिखा, यह संकट लगातार बढ़ता जा रहा है और हर घंटे हालात और भी भयावह हो रहे हैं। कुछ




घंटे पहले एयरपोर्ट पर जहां हम रुके हुए थे, उसके पास एक धमाका हुआ। मेरे कोच को तुरंत उस जगह से भागना पड़ा क्योंकि वह धुएं और मलबे के सबसे करीब थे। वह हम सभी के लिए बेहद तनावपूर्ण और डरावना पल था। इस घटना के बाद पूरे दल में घबराहट फैल गई। हालांकि, सभी ने धैर्य बनाए रखा और सुरक्षा निर्देशों का पालन किया। सिंधू ने आगे बताया कि अब सभी को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है। उन्होंने दुबई एयरपोर्ट प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों के त्वरित सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने लिखा, अब हम सभी सुरक्षित हैं और हमें अधिक सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। दुबई एयरपोर्ट स्टाफ और दुबई प्रशासन के अथक प्रयासों के लिए हम आभारी हैं। साथ ही दुबई स्थित भारतीय उच्चायोग का विशेष धन्यवाद, जिन्होंने लगातार हमारी मदद की और हमारी सुरक्षा सुनिश्चित की। फिलहाल हम आराम करने की कोशिश कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही हालात सामान्य होंगे। पीवी सिंधू के पिता रमण ने हैदराबाद से फोन पर बातचीत में बताया, मैंने आज सुबह करीब तीन बजे अपनी बेटी से बात की। उसने बताया कि भारतीय दूतावास उसका ध्यान रख रहा है और उसे एक होटल में ठहराया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि मौजूदा हालात के बाद प्रशासन की ओर से पूरी मदद दी जा रही है। इससे पहले भी सिंधू ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाकर दुबई एयरपोर्ट के हालात बताए थे। उन्होंने भीड़ का वीडियो साझा किया था और बताया कि भीड़ बढ़ती ही जा रही है और लोग परेशान हैं। सिंधू ने लिखा था, मैं सुरक्षित हूं। मुझे मैसेज करने और हालचाल पूछने वाले सभी लोगों का धन्यवाद, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। उन्होंने आगे कहा, ऊपर से हो रही गतिविधियों की आवाजें सुनना और हालात को रियल टाइम में बिगड़ते देखना मानसिक रूप से समझ पाना मुश्किल है। दुबई एयरपोर्ट पर स्थिति बेहद अव्यवस्थित है, कई परिवार फंसे हुए हैं। हम सभी बस यही उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही यह मुश्किल समय गुजर जाए। प्रभावित सभी लोगों की शांति और सुरक्षा के लिए प्रार्थना कर रही हूं। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू बर्मिंघम में होने वाले प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन में हिस्सा लेने जा रही थीं। यह टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू होना था और दुबई उनका ट्रांजिट स्टॉप था। लेकिन क्षेत्र में तेजी से बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण हवाई सेवाएं अचानक रोक दी गईं।

# दिल्ली पुलिस का साइबर ठगों पर बड़ा एक्शन

### 11 राज्यों में छापेमारी, 27 आरोपी पकड़े

नई दिल्ली



पश्चिम जिला साइबर सेल ने जालसाजों के खिलाफ देशव्यापी कार्रवाई करते हुए 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सप्ताहभर चले इस विशेष अभियान में 11 राज्यों में एक साथ छापेमारी की और पुलिस ने करीब 10 बड़े मामलों का खुलासा किया है। इन मामलों में डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की ठगी सामने आई है, जबकि आरोपियों के बैंक खातों में करीब 13.91 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन का पता चला है। जिला पुलिस उपायुक्त दरादे शरद भास्कर ने बताया कि साइबर सेल की टीम ठगी के मामलों की जांच कर रही थी। तकनीकी जांच करने के बाद पुलिस ने आरोपियों की पहचान की और फिर जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न राज्यों में एक साथ दबिश दी।

गिरफ्तार आरोपियों का संबंध निवेश ठगी, एपीके फाइल ठगी, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के जरिए ठगी, क्रेडिट कार्ड जालसाजी सहित अन्य ठगी से है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 25 मोबाइल फोन, 28 सिम कार्ड, 20 बैंकिंग कार्ड, एक पीओएस मशीन, एक बाइक, कई बैंक दस्तावेज और खाता किट बरामद किए हैं।



# आने वाले समय में व्यक्ति की पहचान उसके काम से होगी: सुभाष घई

सोशल मीडिया पर बॉलीवुड के दिग्गज फिल्मकार सुभाष घई ने एक विशेष पोस्ट के माध्यम से अपने काम को लेकर गहरी बात कही। उन्होंने पोस्ट में अपनी कई प्रसिद्ध फिल्मों के शीर्षक राम-लखन, सौदागर, खलनायक, नायक, परदेस और ताल के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में किसी भी व्यक्ति की पहचान उसकी बातों से नहीं, बल्कि उसके काम से होगी। उनका मानना है कि ऐसा काम करो जो खुद बोले, जिसके लिए व्यक्ति की उपस्थिति भी जरूरी न पड़े। सुभाष घई ने लिखते हुए जोर दिया कि किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता ही पहचान बनाती है, इसलिए युवाओं को चाहिए कि वे अपने काम को इतना बेहतर बनाएं कि वह दूसरों के लिए प्रेरणा बन जाए। उन्होंने कहा कि दर्शक हमेशा फिल्म को याद रखते हैं, फिल्म बनाने वाले को नहीं।
इसलिए किसी भी फिल्मकार या क्रिएटर की कोशिश यही होनी चाहिए कि वह निरंतर सीखता रहे और अपनी कला को बेहतर बनाता रहे। उनकी नज़र में सफलता का सबसे बड़ा रास्ता सीखते रहने और समय के साथ खुद को विकसित करने में है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि नई तकनीकों से डरने के बजाय उन्हें अपनाना चाहिए। खासतौर पर एआई को उन्होंने एक तीसरी आंख बताया, जो नई सोच,



नए विचार और नई दिशाओं को देखने में मदद कर सकती है। उनकी राय में एआई को दुश्मन नहीं, बल्कि एक सहायक टूल के रूप में देखना चाहिए, जो क्रिएटिविटी को और मजबूत बनाता है।
सिनेमा में शानदार योगदान देने वाले सुभाष घई की कई फिल्में आज भी दर्शकों के दिलों में जगह बनाए हुए हैं। उनका संदेश साफ है, लगातार सीखो, विकसित हो और ऐसा काम करो, जो आने वाले समय में खुद तुम्हारी पहचान बन जाए। हालांकि लंबे समय से उनकी कोई नई फिल्म बड़े पर्दे पर नहीं आई है, लेकिन वे पूरी तरह सक्रिय हैं और अपने प्रतिष्ठित फिल्म शिक्षण संस्थान व्हीस्टलिंग वूडस इंटरनेशनल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यहां उन्होंने कई नई प्रतिभाओं को दिशा दी है और इंडस्ट्री को योग्य कलाकार दिए हैं।

## महिने भर में 7 किलो वजन कम कर चौकाया था आमिर खान ने

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने सिर्फ एक महीने में 7 किलो वजन घटाकर सभी को चौका दिया था। यह खुलासा फिल्ममेकर अमित शर्मा ने एक इंटरव्यू में किया, जिन्होंने आमिर के साथ एक हेल्थ प्रोडक्ट के विज्ञापन में काम किया था। शर्मा ने बताया कि जब वे क्लाइंट के साथ आमिर खान से स्क्रिप्ट पर चर्चा करने पहुंचे, तो आमिर ने स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद अपनी बढ़ी हुई चर्बी, खासतौर पर डबल चिन की तरफ इशारा करते हुए कहा कि फिलहाल शूटिंग टालनी पड़ेगी। उन्होंने टीम से एक महीने का समय मांगा और हैरान कर देने वाला दावा किया कि वह 30 दिनों में 7 किलो वजन घटा लेंगे। आमिर का यह आत्मविश्वास सुनकर टीम चौंक गई कि आखिर इतनी तेजी से इतना वजन कम कैसे संभव है।

## खुशी में वादे न करो, दुख में फैसला न करो : भाग्यश्री



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री भाग्यश्री ने अपने इंस्टाग्राम पर एक प्रेरक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने संतुलित तरीके से जीने के आसान सूत्र बताए। उन्होंने कैप्शन में लिखा जिंदगी के आसान फंडे- खुशी में वादे न करो, दुख में फैसला न करो, गुस्से में जवाब न दो और किसी के दर्द का कारण न बनो। उनके मुताबिक ये साधारण लगने वाले उसूल जीवन को बेहतर दिशा देने में बेहद कारगर साबित होते हैं। भाग्यश्री ने अपने पोस्ट में यह भी उल्लेख किया कि कई बार हम सरल चीजों को भी जटिल बना देते हैं क्योंकि हम उन्हें ज़रूरत से ज़्यादा करने की कोशिश करते हैं। वे कहती हैं कि किसी भी काम को करते समय मन का शांत और संतुलित होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि जीवन में असली मजबूती और खुशी बाहरी दिखावे से नहीं, बल्कि अंदर की शांति और विचारों की स्पष्टता से आती है। इसलिए इंसान को पहले स्वयं के भीतर स्थिरता लानी चाहिए, तभी वह सही निर्णय ले सकता है। उनका यह प्रेरक संदेश सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। फैंस ने कमेंट कर उनकी बातों से सहमति जताई और उन्हें सकारात्मकता फैलाने के लिए धन्यवाद दिया। भाग्यश्री अक्सर इसी तरह के पोस्ट शेयर करती रहती हैं, जिनमें मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और संतुलित जीवनशैली के महत्व को समझाया जाता है।

## अनिल कपूर को आज भी पत्नी से मांगनी पड़ती है पॉकेट मनी

अपनी आने वाली फिल्म सूबेदार के ट्रेलर लॉन्च पर बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर ने खुलासा किया कि उनके घर में कोई भी उनका फैन नहीं है और उन्हें आज भी पॉकेट मनी अपनी पत्नी सुनीता से मांगनी पड़ती है। अनिल कपूर ने मजाकिया अंदाज में बताया कि उनके लिए घर में सबकुछ आम ही है। उन्होंने कहा, मेरे घर में कोई भी मेरा फैन नहीं है। आज भी घर से निकलते वक्त जब मैंने कहा कि ट्रेलर लॉन्च पर जा रहा हूं, तो सुनीता ने पूछा कौन सी फिल्म? उसे मेरी प्रोफेशनल लाइफ का जरा भी आइडिया नहीं होता। अनिल ने हंसते हुए यह भी जोड़ा कि कभी-कभी शूट पर जाने से पहले उन्हें सुनीता से 10ङ्क15 हजार रुपये नकद तक मांगने पड़ते हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उनकी सफलता के पीछे पत्नी सुनीता का सबसे बड़ा योगदान है। अनिल कपूर के मुताबिक, सुनीता ने उनके करियर को स्थिर रखने के लिए अपने जीवन में कई बलिदान दिए हैं। वह उनके काम को समझती हैं और उनके पागलपन को भी सहन करती हैं, इसलिए उन्हें सबसे ज्यादा क्रेडिट मिलना चाहिए। फिल्म 'सूबेदार' के बारे में बात करते हुए अनिल कपूर ने बताया कि इस फिल्म में उन्होंने अपने निजी रिश्तों से जुड़ी भावनाओं को चरित्र में उतारा है। अपनी



बेटियों सोनम, रिया और उनके बीच ऐसा गंभीर पिता-पुत्री वाला रिश्ता नहीं है, बल्कि वे एक-दूसरे के दोस्त जैसे हैं। लेकिन फिल्म में राष्ट्रप्रेम, जिम्मेदारी और त्याग की भावना को दर्शाना चुनौतीभरा था। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। 'सूबेदार' में अनिल कपूर के साथ राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, फैजल मलिक और मोना सिंह नजर आएंगे। यह फिल्म 5 मार्च को अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है, और अनिल कपूर इसे अपने करियर के सबसे चैलेंजिंग किरदारों में से एक बताते हैं। बता दें कि बॉलीवुड के 'झक्कास' स्टार अनिल कपूर 45 साल से ज्यादा समय से इंडस्ट्री में सक्रिय हैं और उनका स्टारडम आज भी कम नहीं हुआ है। उनकी एक झलक पाने को फैन्स बेताब रहते हैं, लेकिन उनके घर का माहौल बिल्कुल अलग है।

**पर्यावरण संरक्षण की दिशा में राज्य सरकार की अनूठी पहल**

# इस साल लकड़ी नहीं गौ-काष्ठ से जलाई जाएगी होलिका

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देशों के परिपालन में प्रदेशभर में इस वर्ष होली का पर्व पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन के अनुरूप प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे होलिका दहन में बहुमूल्य लकड़ियों को जलाने के स्थान पर गौ-काष्ठ (गोबर की लकड़ी) और गोबर के कंडों (उपलों) का अधिकतम उपयोग करें। शासन की इस पहल का मुख्य उद्देश्य पेड़ों को कटने से बचाना और पर्यावरण को प्रदूषित होने से रोकना है। मुख्यमंत्री ने अपील की है कि जनसहयोग और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से होलिका दहन में प्राकृतिक विकल्पों को बढ़ावा दिया जाए।



## जिले में उपलब्ध है गौ-काष्ठ एवं कंडे

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया ने बताया कि जिले की सभी गौशालाओं में गोबर के कंडे उपलब्ध हैं।

साथ ही जिले की चार गौशालाएं जहां से नागरिक गौ-काष्ठ भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विकासखंड नरसिंहपुर अंतर्गत के अंतर्गत आने वाली गौशाला बहोरीपार के श्री अजय दादा पटेल का मोबाइल नंबर 7974516006 व श्री नवनीत उमरे का मोबाइल नंबर 9752392958, आदर्श गौशाला केंद्रीय जेल नरसिंहपुर के विद्या मिश्रा के मोबाइल नंबर 7024549115, करेली विकासखंड अंतर्गत आने वाली केरपानी की गौशाला में श्री पालिमकर महाराज के मोबाइल नंबर 7517811650 और गाडरवारा विकासखंड अंतर्गत आने वाली दयोदय गौशाला के श्री राजीव जैन के मोबाइल नंबर 9425419699 व श्री राजकुमार जैन के मोबाइल नंबर 9424327956 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला प्रशासन ने सभी जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे आज ही अपनी नजदीकी गौशाला से संपर्क करें। इसके साथ ही ऐसे पशुपालक जिनके यहां कंडे बनाए जाते हैं, उनसे भी कडों के लिए संपर्क कर आप होलिका दहन में उपयोग कर सकते हैं। इस पावन पर्व को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मनाएं।



# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जिले में विभिन्न दूध डेयरी एवं मिष्ठान दुकानों का किया निरीक्षण

## खाद्य के कुल 22 नमूनो को संग्रहीत कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिले में विभिन्न दूध डेयरी एवं मिष्ठान दुकानों का खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य के कुल 22 नमूनो को संग्रहीत कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। कलेक्टर के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सारिका दुबे एवं श्रीमती कविता राठौर ने गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा एवं गोटेगांव में विभिन्न दूध डेयरी एवं मिष्ठान दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पनीर, खोवा, दही, घी, कलाकंद, अंजीर बर्फी, छैना के रसगुल्ला इत्यादि खाद्य पदार्थों के कुल 22 नमूने लिए गए। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। निरीक्षण के दौरान समस्त खाद्य विक्रेताओं को सख्त निर्देशित किया गया कि वे गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का ही विक्रय करें। साथ ही खाद्य पदार्थों का स्वच्छतापूर्वक निर्माण करें। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



# बताई गई रेलवे कर्मचारियों की समस्याएं

नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मज़दूर संघ की स्थाई वार्ता तंत्र का आयोजन जबलपुर के डी.आर.एम. ऑफिस के सभा गृह में किया गया । जिसमें कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा के साथ वरिष्ठ मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मधुर वर्मा , वरिष्ठ मुख्य परिचालन प्रबंधक प्रिंस विक्रम, ए.डी.आर.एम. सुनील टेलर, वरिष्ठ मुख्य पर्सनल अधिकारी वरुण सिन्हा ,डी.एन. साउथ आलोक कुमार उपस्थित थे।

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मज़दूर संघ के सचिव डी.पी. अग्रवाल ने कर्मचारियों की अनेक समस्याओं का तुरंत निदान करवाया। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मज़दूर संघ के अध्यक्ष एस.एम.शुक्ला ने कर्मचारियों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से रखा। इटारसी से जबलपुर तक की समस्याओं के लिए जिला सचिव सुनील जाट ने भाग लिया एवं नरसिंहपुर में 5 करोड़ 20 लाख की लागत से एक सामुदायिक भवन निर्माण की अनुमति दिलवायी एवं कर्मचारियों को एक रेफरल अस्पताल का भी प्रपोज़ल रखा। इस अवसर नम्रता सोलंकी,पार्वती कहार और पुनीत वर्मा, हर्ष वर्मा, मोहम्मद समशाद, आर.ए.सिंह एवं अन्य कर्मचारी नेता उपस्थित रहे ।

# काया जनकल्याण समिति द्वारा छात्राओं हेतु एक दिवसीय नि :शुल्क फिटनेस वर्कशॉप आयोजित

नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।

काया जनकल्याण समिति द्वारा छात्राओं के शारीरिक और मानसिक विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से स्थानीय सच्चिदानंद आश्रम में एक दिवसीय निशुल्क फिटनेस वर्कशॉप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आश्रम की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य के आधुनिक व पारंपरिक गुर सीखे कार्यशाला के मुख्य सत्र का संचालन च्इंटरनेशनल काया योग स्टूडियो की संस्थापिका एवं अंतरराष्ट्रीय योग मास्टर सुश्री इंदु सिंह द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने छात्राओं को योग की सूक्ष्म क्रियाओं के महत्व को समझाते हुए उनका अभ्यास कराया। सत्र के दौरान विशेष रूप से एकाग्रता और याददाश्त बढ़ाने के लिए ब्रेन



योग तो शरीर के विभिन्न ऊर्जा केंद्रों को सक्रिय करने के लिए क्लेप थेरेपी तथा मानसिक शांति और तनाव मुक्ति के लिए ध्यान व प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। योग के शांत वातावरण के बाद जूम्बा प्रशिक्षक कीर्ति प्रजापति ने अपने ऊर्जावान सत्र से कार्यशाला में उत्साह भर दिया। छात्राओं ने जुम्बा के माध्यम से कार्डियो एक्सरसाइज का आनंद लिया, जिससे न केवल उनका शारीरिक व्यायाम हुआ बल्कि वे काफी प्रफुल्लित भी नजर आईं। कार्यशाला के दौरान छात्राओं को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय योग मास्टर सुश्री इंदु सिंह ने कहा - योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक अनुशासित कला है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और पढ़ाई के तनाव के बीच छात्राओं के लिए मानसिक स्पष्टता और आत्म-अनुशासन अनिवार्य है। काया जनकल्याण समितिज् का लक्ष्य है कि योग की इन सूक्ष्म क्रियाओं, ब्रेन योग और प्राणायाम के माध्यम से बेटियां न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनें, बल्कि उनका आत्मविश्वास और एकाग्रता भी नई ऊंचाइयों को छुए। आश्रम के संचालक फादर एन्टो ने काया जनकल्याण समिति के इस सेवाभावी प्रयास की करते हुए कहा- छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक फिटनेस और मानसिक शांति अत्यंत आवश्यक है। सुश्री इंदु सिंह और उनकी टीम द्वारा दी गई यह ट्रेनिंग छात्राओं के लिए जीवनोपयोगी सिद्ध होगी। इस तरह के आयोजनों से छात्राओं में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होता है। उन्होंने सुश्री इंदु सिंह और उनकी पूरी टीम का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया तथा कहा कि, इस प्रकार के आयोजन छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित होते हैं। कार्यशाला के समापन पर आश्रम की छात्राओं की तरफ से आभार व्यक्त किया गया।

# आबकारी नीति 2026-27 के तहत मदिरा दुकानों के समूहों का ई-टेंडर से होगा निष्पादन

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** राज्य शासन की वर्ष 2026-27 की आबकारी नीति के अंतर्गत जिले की फुटकर कम्पोजिट मदिरा दुकानों के समूहों का निष्पादन 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिए ई-टेंडर (ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन) के माध्यम से किया जाएगा। यह प्रक्रिया कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला समिति द्वारा संपन्न कराई जाएगी। जिले की सभी मदिरा दुकानें कम्पोजिट शॉप के रूप में संचालित होंगी, जहां देशी एवं विदेशी दोनों प्रकार की मदिरा उपलब्ध रहेगी। किसी भी मदिरा दुकान पर बैठकर मदिरापान की अनुमति नहीं होगी। ई-टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने के लिए इच्छुक आवेदकों-व्यक्ति, सोल प्रोपराइटर, कंपनी, फर्म, लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप (एलएलपी) अथवा कंसोर्टियम- को अनिवार्य रूप से ई-आबकारी पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्य://ष्ठुड्डद्बद्मड्डह्लद्ध.द्वश्च.द्द्य1.द्बठ्ठ पर कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल के अंतर्गत पंजीयन एवं अनुमोदन कराना होगा। वर्तमान अनुज्ञप्तिधारी तथा पूर्व में पंजीकृत आवेदकों को भी वर्ष 2026-27 के लिए पुनः पंजीयन कराना आवश्यक होगा। अनुमोदित पंजीयन के बिना आवेदक ई-टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगे। ई-टेंडर की विस्तृत प्रक्रिया, शर्तें एवं निर्बंधन एनआईसी के पोर्टल तथा पंजीयन संबंधी जानकारी मप्र आबकारी विभाग की वेबसाइट अथवा कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, नरसिंहपुर से प्राप्त की जा सकती है।

# सुरक्षित नरसिंहपुर, स्वस्थ नरसिंहपुर: एंटी-रेबीज अभियान के तहत कुल 432 श्वानों का हुआ टीकाकरण

## अभियान के दूसरे दिन 189 श्वानों को लगाया एंटी रेबीज के टीके

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** शहर को रेबीज मुक्त बनाने की दिशा में नगरपालिका और पशु चिकित्सा विभाग द्वारा चलाया जा रहा विशेष टीकाकरण अभियान सफलता के नए आयाम गढ़ रहा है। अभियान के दूसरे दिन टीमों ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुल 189 डॉग्स को एंटी-रेबीज के टीके लगाए गए। नरसिंहपुर शहर में चलाए गए दो दिवसीय अभियान में अब तक कुल 432 पालतू और आवारा श्वानों का टीकाकरण कराया गया। इस को लेकर कलेक्टर श्रीमती



रजनी सिंह और सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने पूरी टीम को बधाई देते दी। दो दिन चले इस अभियान में पशु चिकित्सा विभाग के गोटेगांव, नरसिंहपुर, करेली ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी शामिल। इसके अलावा अतिरिक्त उपसंचालक नरसिंहपुर डॉ. प्रवीण पटेल, एबीपीओ डॉ. एमपी तिवारी, डॉ. संजय मांझी, डॉ. भूपेंद्र ठाकुर, डॉ. दीपक लाल कुम्हार, डॉ. श्रेया दुबे, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी डॉ. बीएल प्रधान, हरिहर बुनकर सहित अन्य कर्मचारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी अहम भूमिका निभाई। अभियान के दूसरे दिन शनिवार को यशोदा मैरिज गार्डन, झिरना रोड, गिरिराज स्कूल, गांधी चौक, किसानी वार्ड, तलापार, नरसिंह मंदिर एवं गणेश मंदिर, किसानी वार्ड, गुलाब चौराहा, पराड़कर हॉस्पिटल, एसएनपीएस स्कूल, संजय वार्ड, सिंहपुर चौराहा और बरगी कॉलोनी के क्षेत्रों में श्वानों को एंटी रेबीज के टीके लगाए गए।

उपसंचालक डॉ. सुनील बृजपुरिया ने बताया कि नागरिकों के बीच बढ़ते उत्साह और अभियान की उपयोगिता को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगरपालिका श्री नीलम चौहान ने इस अभियान को दो दिन और बढ़ाने का निर्णय लिया है।



# ई-औषधि पोर्टल ऑनबोर्ड कराए जाने के लिए आयुष विभाग का प्रशिक्षण सम्पन्न

**नरसिंहपुर,** 01 मार्च 2026. संचालनालय आयुष विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार आयुष विभाग नरसिंहपुर के अधीन संचालित सभी संस्थाओं को ई-औषधि पोर्टल पर ऑनबोर्ड कराने के उद्देश्य से हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 26 एवं 27 फरवरी को ई-दक्ष केन्द्र नरसिंहपुर में आयोजित हुआ। जिला आयुष अधिकारी नरसिंहपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग के अधीन संचालित सभी संस्थाओं के कुल 61 प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार साहू एवं डॉ. नीलेश साहू द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को पोर्टल संचालन एवं औषधि प्रबंधन की ऑनलाइन प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

# 84 मरीजों का हुआ नि:शुल्क उपचार, निशुल्क मिली दवाइयां



गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।

साई धामं मंदिर समिति कान्हरगाव के युवाओं द्वारा भगवान सत्य साई बाबा के बताये हुए मार्ग मानव सेवा ही माधव सेवा है।को चरितार्थ करते हुये। माह के प्रथम रविवार को साई सेवा केन्द्र साई धाम मंदिर (कान्हरगाव) में निशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन हर माह के पहले रविबार को किया जाता है।जिसमें इस रविबार 79 वें कैम्प का आयोजन किया गया।जिसमें शहरों एंव अनेक गावों के लगभग 84 मरीजों ने अपना उपचार करवाया।साथ ही युवाओं द्वारा निशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया। वही मेडीकल केंप को पालिथिन मुक्त रहां सभी मरीजों को कागज के पाकिट एंव कपड़े के थेले में दवाईयां वितरित कि गयी।मेडीकल कैम्प में,डाक्टर स्वाती कुरचानिया,डाक्टर संजय मोदी,डाक्टर,अरूण दोहरे,डाक्टर दुर्गेश पटेल,डाक्टर करूणा मालवीय, सहयोगी,राहुल गिरी गोस्वामी,नीलेश कुशवाहा,प्रशात सोनी,आकाश रजक, सहित साई धांम मंदिर सेवा समिति के युवाओं ने अपनी सेवायें प्रदान कि। मेडीकल कैम्प में ब र ेल ी , ि च ि र ंय ा महगवां,ढाना,धनौरा,इमलिया,कठ ौतिया,महलबाड़ा,साईखेड़ा,बम्होर ी,चीचली,सलैया,गाडरवारा, कान्हरगाव सहित अनेक गावों के मरीज उपस्थित रहे।

## नरसिंहपुर में भिक्षावृत्ति में संलग्न बच्चों के चिन्हांकन के लिए चलाया गया विशेष अभियान

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में भिक्षावृत्ति में संलग्न एवं सड़क पर निवासरत बच्चों के चिन्हांकन के लिए रेलवे स्टेशन नरसिंहपुर में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत रेलवे स्टेशन, ब्रिज तथा बस स्टेंड आदि स्थानों पर स्ट्रीट चाइल्ड अथवा भिक्षावृत्ति में संलग्न बच्चों का सर्वेक्षण किया गया। सर्वे दल में जिला बाल संरक्षण इकाई के श्री अंकुर नेमा, विदिशा सामाजिक कल्याण संगठन के श्री हरिशंकर पटेल, विशेष किशोर पुलिस इकाई के श्री भोपाल पटेल एवं श्री रघुनाथ ठाकुर, सिंहपुर चौकी से श्री विजय कुमार धुर्वे तथा रेलवे पुलिस बल व थाना नरसिंहपुर के श्री पुष्पेन्द्र नामदेव शामिल रहे। अभियान के दौरान बाल कल्याण समिति नरसिंहपुर के अध्यक्ष श्री शिवकुमार रैकवार, समिति सदस्य श्री महेश नेमा, श्रीमती दिव्या नेमा एवं श्रीमती प्रिया चौहान भी उपस्थित रहीं। सर्वेक्षण के दौरान गोसलपुर जिला जबलपुर के निवासी 10 बच्चे चिन्हित किए गए। उक्त बच्चे एवं उनके परिजन अस्थायी रूप से जिले में निवासरत पाए गए।

# रंगों-पिचकारियों की दुकानों से सज गया होली का बाजार

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

नगर में होली पर्व को लेकर रंग पिचकारी की दुकानों बाजार गुलजार हो रहा है रंगों का त्योहार होली के कुछ दिन ही बचे हुए है नगर में मुख्य बाजार में होली रौनक दिखाई देने लगी है । नगर में रंगों, पिचकारियों और अन्य आकर्षक सामानों से दुकानें सजी हुई है । बच्चे हों या बड़े, हर कोई होली की तैयारियों में जुटता दिखाई दे रहा है । दुकानदारों ने होली के लिए खास तौर पर अलग ही प्रकार के रंग, पिचकारी गुलाल और हर्बल रंग बेचने के लिए लाये हुए है । इस वर्ष होली पर खास बात यह है कि पर्यावरण के अनुकूल और त्वचा के लिए सुरक्षित लिक्विड हर्बल रंग बिकने आयें है। साथ ही, अलग-अलग डिज़ाइनों और साइज़ की पिचकारियां भी बाज़ारों की रौनक बढ़ा रही हैं। छोटी रंगीन पिचकारियों से लेकर बड़ी टैंक वाली पिचकारी बाजार में उपलब्ध है । होली सामग्री विक्रेता संदीप तपा व ओर भी दुकानदारों ने बताया कि इस साल उन्होंने नई



डिज़ाइन की पिचकारियां मंगवाई हैं जो लोगो आकर्षित कर रही है जिनमें कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारी इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग ऑटोमेटिक पिचकारी टैंकर पेटी 25 लीटर तक की बच्चों को बहुत पसंद आयेगीं । इसके साथ ही गुलाल और सूखे रंगों के भी कई शेड्स उपलब्ध हैं। टोपी, मास्क और अन्य फनी एक्सेसरीज़ भी हैं। इस वर्ष दुकानदार अच्छे व्यापार की उम्मीद लगाए हुए हैं और ग्राहकों को लुभाने के लिए कई तरह के ऑफर्स भी हैं। एस डी एम कलावती ब्यारे ने आमजनों से गौकाष्ठ (गाय के गोबर) से बनी लकड़ी से होलिका दहन करने की अपील की है।

स्थानीय दयोदय पशुशाला में लगभग 500 किवंटल गौ काष्ठ से बनी लकड़ी निर्माण किया है। दयोदय पशु शाला के अध्यक्ष राजीव जैन थाला वालों जानकारी दी है कि गौ काष्ठ से बनी लकड़ी का भाव 500 प्रति किवंटल निर्धारित किया है और लकड़ी से सस्ती रहती है। यह पर्यावरण के लिए लाभदायक होती है। मूर्तिकारों द्वारा लगभग ढाई फीट की मिट्टी की होलिका बनाई गई है । इनकी कीमत 500 रुपया से लेकर 700 रुपया तक आंकी जा रही है । नगर में अनेको स्थानों पर होलिका दहन किया जाता है होली समितियां अपनी-अपनी तैयारियों में जुड़ गई हैं । पुलिस प्रशासन द्वारा भी होली एवं पंचमी पर पॉइंट बनाकर अलग-अलग स्थान पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

# स्वास्थ्य योजनाओं में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं

## कलेक्टर ने अधिकारियों को चेताया, जवाबदेही की तय

कटनी (स्वतंत्रमत)।

जिले में स्वास्थ्य और महिला बाल विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिकारियों की जिम्मेदारी तय रहेगी और किसी भी कोताही पर कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव, नियमित जांच और कुपोषित बच्चों की पहचान में कोई भी चूक स्वीकार्य नहीं है।



पोषण पुनर्वास केंद्रों में कम बेड ऑक्यूपेंसी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने तुरंत बच्चों की भर्ती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शहरी क्षेत्रों में पंजीयन में कमी को लेकर डिप्टी कलेक्टर ज्योंति लिल्ल्हारे को फार्मेट तैयार कर निजी नर्सिंग होम से डाटा हर 15 दिन में पोर्टल पर अपडेट करने का जिमा सौंपा गया। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का विवरण पोर्टल में तीन दिन के भीतर दर्ज करना अनिवार्य होगा। टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग और चिन्हित मरीजों को फूड पैकेट वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने और बहोरीबंद तथा ढीमरखेड़ा के प्रसव केंद्रों को क्रियाशील बनाने का निर्देश भी जारी किया।

बैठक में सीईओ हर सिमरन कौर प्रीत ,जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा पांडेय, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा और सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने बैठक में साफ कहा कि स्वास्थ्य लक्ष्यों में किसी भी कमी या कोताही सीधे अनुशासनात्मक कार्रवाई में बदल सकती है।

# 135 लीटर अवैध देशी शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं डीएसपी हेडक्वाटर रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना बड़वारा पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर सघन कार्यवाही की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अवैध शराब माफियाओं पर निगरानी रखते हुए क्षेत्र में लगातार भ्रमण किया जा रहा था।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भगनवारा के आगे बछौली रोड किनारे बने एक मकान के पीछे स्थित लैट्रिंग रूम में अवैध शराब बड़ी मात्रा में विक्रय हेतु छिपाकर रखी गई है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर



पहुंचकर गवाहों की उपस्थिति में दबिश दी गई। मौके पर उपस्थित संदेही से नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम अतुल मेहरा पिता गिरानी मेहरा, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम कुर्रो पिपरिया, थाना खितौला, जिला जबलपुर बताया। संदेही की उपस्थिति में गवाहों के समक्ष तलाशी लेने पर कुल 135 लीटर अवैध देशी शराब, अनुमानित कीमत लगभग 75,000/- बरामद की गई। आरोपी के कब्जे से अवैध रूप से अधिक मात्रा में शराब पाए जाने पर नियमानुसार जप्ती की कार्यवाही की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया तथा जेआर पर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

इस सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. कृष्ण कुमार पटेल, सउनि महेश प्रताप सिंह, सउनि विक्रम सिंह, प्रआर. पवनराज, आरक्षक दीपक सिंह एवं सुरेन्द्र ठाकुर की विशेष सराहनीय भूमिका रही।



# सिद्धचक्र महामंडल विधान सानंद सम्पन्न


कटनी (स्वतंत्रमत)।

अष्टकर्मों का क्षय करके अविनाशी अविकार अमरपद प्राप्त करने वाले अनंत सिद्ध परमात्माओं की आराधना का महापर्व सकल जैन समाज द्वारा आयोजित श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन सिद्ध परमात्मा का स्मरण करते हुए 1024 अर्घ समर्पित किए गए अंतिम दिवस की बेला में आराधना के हेतु उत्तम पात्रों मे मैना सुंदरी श्रीपाल, सोधर्मेंद्र, ईशान इंद्र, सनत इंद्र, महेंद्र, ब्रह्मेंद्र, ब्रह्म उत्तर इंद्र यज्ञ नायक ध्वजारोहण कर्ता विधि नायक आदि पात्र द्वारा भक्ति भाव के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर प्रात: अभिषेक शांतिधारा सामूहिक पूजन आदि के कार्यक्रम भक्ति भाव के साथ संपन्न किए गए नरेंद्र सिंघई, मनोज मोदी, पवन मोदी, अजय अहिंसा, ड़ा सुबोध जैन, आनंद जैन, वीरेंद्र सिंघई, अनिल मोदी, सौरभ साहूकार, अजय, अशोक सिधई, गिरीश सिघई, अनिल मोदी, सौरभ साहूकार, विनीत सिधई, प्रखर जैन, दिनेश जैन, केसियर मुकेश कुमार जैन, रमेश चंद जैन, सुनील मोदी, विमल सिंघई, अभय जैन, प्रमोद मोदी, अरविंद सिंघई, विजय सिंघई, नितेश जैन, कैलाश चंद जैन, राजेंद्र सिंघई शिखर चंद जैन, विजय सिंघई, मुकेश जैन, मनोज जैन, पीपूश जैन सहित बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबियों की उपस्थिति रही।

## समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर करें कार्य

कटनी (स्वतंत्र मत)।

कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, आम आदमी की आवाज़ राहुल गांधी एवं म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की मंशा अनुरूप, कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद यादव, राष्ट्रीय समन्वयक रमेश कुमार मौर्य व अजय हतेवार की सहमति से आपको प्रभारी शहडोल संभाग ओबीसी विभाग नियुक्त किया जाता है। हमें पूर्ण आशा एवं विश्वास है कि आप कांग्रेस पार्टी की रीति-नीतियों में विश्वास रखते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। आप सभी समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर उन्हें पार्टी की मुख्यधारा से जोड़ने में अपना सक्रिय योगदान प्रदान करेंगे। आपके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल हतु अनतं शभुकामनाएँ।



# सीबीएसई द्वारा लाइफ स्किल्स पर एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला

कटनी (स्वतंत्र मत)।

आधुनिक शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को जीवन की वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार करना ही असली शिक्षण है। इसी उद्देश्य के साथ, दिल्ली पब्लिक स्कूल, कटनी में सीबीएसई के कौशल शिक्षा विकास विभाग द्वारा लाइफ स्किल्स जीवन कौशल विषय पर एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यशाला का भव्य शुभारंभ सीबीएसई विषय समन्वयक सोनल जयशिखर व अंजना गोस्वामी, विद्यालय की प्राचार्या सीमा दुबे एवं उपप्राचार्या शबनम अख्तर द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि जीवन कौशल वह मानसिक क्षमता है जो छात्रों को सामाजिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाती है। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने संवादात्मक व्याख्यान, समूह चर्चा और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। सत्र में विशेष रूप से निम्नलिखित जीवन कौशलों पर ध्यान केंद्रित किया गया आलोचनात्मक सोच, छात्रों में



जानकारी का विश्लेषण करने और क्यों व कैसे पूछने की क्षमता विकसित करना। प्रैक्टिकल नॉलेज और टीमवर्क, सहानुभूति और आत्म-जागरूकता, शिक्षकों को बताया गया कि कैसे वे छात्रों को अपनी शक्तियों को पहचानने और दूसरों की भावनाओं का सम्मान करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

समस्या समाधान, कठिन परिस्थितियों में शांति से हल निकालने की कला विकसित करना। प्राचार्या सीमा दुबे एवं उपप्राचार्या शबनम अख्तर ने सत्र में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए इसे छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए एक अनिवार्य कदम बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक अब एक इंफॉर्मेशन प्रोवाइडर के बजाय एक फैसिलिटेटर मार्गदर्शक की भूमिका निभाएंगे।

विद्यालय की निर्देशिका जूही जैन ने कहा कि इस प्रकार के इनोवेटिव प्रशिक्षण से न केवल शिक्षकों का पेशेवर कौशल बढ़ता है, बल्कि उन्हें यह भी समझ आता है कि कैसे वे क्लासरूम में एक सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण बना सकते हैं। इस प्रशिक्षण का सीधा लाभ छात्रों को उनके बेहतर भविष्य निर्माण और मानसिक सुदृढ़ता के रूप में मिलेगा।



# जलासुर के बच्चों का होली उत्साह दोगुना, समाजसेवकों की स्नेहभरी पहल

### रंगए गुलाल और पिचकारी से खिल उठे चेहरे, सुरक्षित होली खेलने का संदेश

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** कटनी विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम जलासुर में इस होली पर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के चेहरे पर खुशियों की झिलमिल चमक देखी गई। समाजसेवकों ने बच्चों को रंग, गुलाल, पिचकारी और होली टोपी भेंट की, साथ ही उन्हें प्यार और सुरक्षा के साथ मिल-जुलकर होली खेलने की नसीहत दी। समाजसेवी कुशलप्रकाश मिश्र, मयूर खंडेलवाल, संदीप कुशवाहा और फूल सिंह विश्वकर्मा बच्चों के साथ मौजूद रहे और उनके उत्साह को दोगुना किया। इस पहल से बच्चों ने न केवल होली का आनंद उठाया, बल्कि यह संदेश भी मिला कि त्योहार केवल रंगों और खेल तक सीमित नहीं, बल्कि प्यार, सुरक्षा और सामूहिक खुशी में भी बसता है। ग्रामीणों ने इसे समाज में संवेदनशीलता और बच्चों के कल्याण की प्रेरक मिसाल बताया। कुछ बच्चों के लिए यह रंगों भरा दिन सिर्फ होली नहीं, बल्कि स्नेह और उम्मीद का उजियारा बन गया।

# मास्टर्स पैदल चाल प्रतियोगिता का समापन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कटनी जिला मास्टर्स एथलेटिक्स संघ कदमा के सचिव अलोक कुमार जूडराज जोसफ से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मास्टर्स एथलेटिक्स संघ कटनी द्वारा एवं कटनी पर्यावरण संधारण समीति जागृति पार्क कटनी के सहयोग व संदीप प्रसाद जायसवाल विधायक मुड़वारा जिला- कटनी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए कटनी शहर के नागरिकों के लिए मास्टर्स वर्ग की 5000 मी. पैदल चाल प्रतियोगिता का आयोजन 1 मार्च दिन रविवार को प्रात: 7 बजे जागृति पार्क माधव नगर कटनी में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता मे 35 वर्ष से लेकर 75 वर्ष तक के लगभग 50 महिला एवं पुरुषों ने विभिन्न आयु वर्ग मे भाग लिया। परिणाम इस प्रकार रहे- पुरुष वर्ग 35 वर्ष से अधिक प्रथम शरद कुमार मेहरा, 40 वर्ष से अधिक प्रथम कन्हैया लाल यादव, द्वितीय राजाराम यादव, तृतीय स्वपनेष गुप्ता, महिला वर्ग प्रथम दिया पोपटानी, 45 वर्ष से अधिक पुरुष वर्ग प्रथम अमरपाल सिंह, द्वितीय भरत कुमार हल्दकार, महिला वर्ग प्रथम दिशा आसरानी, द्वितीय कनिका आसरानी, तृतीय पलक जैसवानी, 50 वर्ष से अधिक पुरुष वर्ग प्रथम संजय आसरानी, द्वितीय विमल जैसवानी, महिला वर्ग प्रथम अनुपमा ओछानी,



55 वर्ष से अधिक पुरूष वर्ग प्रथम परमानंद मखीजा, द्वितीय डॉ. राजेंद्र कुमार गुप्ता तृतीय प्रवीण कुमार चक्रवर्ती, महिला वर्ग प्रथम कृष्णा ओछानी, 60 वर्ष से अधिक पुरूष वर्ग प्रथम अशोक जैसवानी, द्वितीय राम नरेश, तृतीय डॉ. अनिल वसंत वाटवे, 65 वर्ष से अधिक पुरूष वर्ग प्रथम वीरेंद्र कुमार पांडे, द्वितीय संजय कुमार खंडेलवाल, तृतीय गोपाल कृष्ण अग्रवाल व मनोहर लाल मंगलानी, महिला वर्ग प्रथम शशि शुक्ला, 70 वर्ष से अधिक पुरूष वर्ग प्रथम टॉप बहादुर थापा, द्वितीय पुन्नू लाल नामदेव, तृतीय अशोक राव, 75 वर्ष से अधिक पुरुष वर्ग प्रथम राजकुमार कांचकार। सभी पदक विजेताओं को मुख्य अतिथि डॉ. उमा निगम अध्यक्ष जागृति संस्था, विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल वसंत वाटवे, डॉ. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता व निरंजन पंजवानी सचिव कटनी पर्यावरण संधारण समीति द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

अनिल नेमा द्वारा सभी प्रतिभागियों को मिल्क शेक वितरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में होली मिलन समारोह के पश्चात कटनी मास्टर्स एथलेटिक्स संघ कदमा के सचिव अलोक कुमार जूडराज जोसफ ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, जागृति संस्था, कटनी पर्यावरण संधारण समिति, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग व विशिष्ट सहयोगी फारूक अंसारी, जगत सिंह बिष्ट, देवी सिंह डब्बू, सत्येंद्र शर्मा सतीश पिल्ले, नारायण विश्वकर्मा को धन्यवाद प्रेषित किया।



# होली के पहले पुलिस एक्टिव मोड पर

### संभाला मोर्चा, होटल ढाबों में दबिश, बाजार में पैदल मार्च

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** होली पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एनकेजे पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। एनकेजे थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत एवं उनकी टीम ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एनकेजे मुख्य बाजार में पैदल मार्च किया, इसके साथ ही बाजार एवं उसके आसपास मौजूद होटल और ढाबों की जांच की। थाना प्रभारी राजपूत ने बताया कि पर्व को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा विशेष एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके चलते एनकेजे पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में पेट्रोलिंग करते हुए हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। देर शाम एनकेजे मुख्य बाजार में पुलिस टीम ने पैदल भ्रमण करते हुए आमजन से शांतिपूर्ण पर्व मनाने एवं किसी भी तरह की अवैध गतिविधि होने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को देने की अपील की। शराब के अवैध विक्रय एवं पीने पिलाने की गतिविधियों पर नजर रखने के उद्देश्य से क्षेत्र के होटल और धर्मों की जांच भी की गई। बदमाशों की धर पकड़ करने के लिहाज से मुख्य मार्गों पर टीम लगाकर आने जाने वाले लोगों से पूछपरख की जा रही है।

# आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर जिला स्तरीय आयोजन संपन्न

**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ पीके जैन के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ जिसका विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्यवक्ता साहित्यकार नरेंद्र दुबे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रभावी भाषण कला, तार्किक क्षमता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजगता को युवाओं के लिए अनिवार्य बताया। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. इंदिरा जैन ने संसदीय लोकतंत्र में संवाद, विचारों की गुणवत्ता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवाओं में राजनीतिक जागरूकता लोकतंत्र की स्थिरता का आधार है। विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने प्रभावशाली एवं तथ्यपरक विचार प्रस्तुत किए।जिसमें प्रथम संजना पटेल, द्वितीय प्रतिभा शर्मा, तृतीय सौम्या पांडे, चतुर्थ सतीश अहिरवार और पांचवां स्थान अजय कुशवाहा का रहा। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रथम चयनित पांच प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया, जिन्हें आगामी चरण के लिए भेजा जाएगा। संचालन डॉ. राहुल दुबे द्वारा और आभार प्रदर्शन एनएसएस जिला संगठक डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद सुशील नामदेव, सहायक प्राध्यापक डॉ. मंगल सिंह अहिरवार, बीडी रैकवार, इरफान खान, विनोद साहू, नाजनीन बेगम, दीपा पांडे, सिद्धार्थ जाउरकर, डॉ अनिल जैन सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

## राजस्व वसूली में उदासीनता बर्दाश्त नहीं

### निगमायुक्त ने दो कर्मचारियों को दिया कारण बताओ नोटिस, अनुशासनात्मक कार्रवाई का अलर्ट



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर निगम में राजस्व वसूली कार्य में लगातार ढील बरतने पर निगमायुक्त तपस्या परिहार ने कड़ा रुख अपनाया है। समीक्षा बैठक में निर्देश देने के बावजूद लापरवाही पाए जाने पर राजस्व शाखा के दो कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस किसे जारी हुआ। वार्ड 19 और 20 के सहायक राजस्व निरीक्षक और वार्ड 3 के वसूलीकर्ता को नोटिस भेजकर तीन दिन में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। विगत सप्ताह भी वसूली में लापरवाही पर 6 कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई हुई थी। समयावधि में संतोषजनक जवाब न मिलने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। वित्तीय वर्ष समाप्ति को देखते हुए निगमायुक्त द्वारा वसूली कार्य की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि लापरवाही या शिथिलता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी।

# वार्डों में पहुंचकर महापौर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

## सड़क व जलनिकासी व्यवस्था के शीघ्र एवं स्थायी निराकरण का दिया आश्वासन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शहर के विभिन्न वार्डों में नागरिकों द्वारा उठाई जा रही मूलभूत समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी ने शनिवार को रफी अहमद किदवई वार्ड एवं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड का दौरा किया। दौरे के दौरान महापौर जागृति कॉलोनी पहुंचीं, जहां उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। स्थानीय रहवासियों ने सड़क निर्माण एवं जलनिकासी व्यवस्था के अभाव से उत्पन्न गंभीर परेशानियों से अवगत कराया। कीचड़, जलभराव और आवागमन में बाधा जैसी समस्याओं को लेकर नागरिकों ने चिंता व्यक्त की। महापौर ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएंगे और मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के चरणबद्ध एवं स्थायी निराकरण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को भविष्य में ऐसी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इसी क्रम में महापौर



ने तिलक कॉलेज के पीछे स्थित गटागट मार्ग एवं आसपास की गलियों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से प्रस्तावित नाली निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी ली। महापौर ने बताया कि नाली निर्माण पूर्ण होने से जलनिकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित होगी, जिससे क्षेत्रवासियों को स्थायी राहत मिलेगी। महापौर ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में समान विकास सुनिश्चित करना उनका संकल्प है।

जनसमस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान ही प्रशासन की प्राथमिकता है और इसी भावना के साथ नगर निगम निरंतर सक्रियता से कार्य कर रहा है। इस दौरान उपयंत्री जे.पी. सिंह बघेल, समाजसेवी अनिरुद्ध सोनी सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# पहले यूथ डेल्फिक गेम्स में भाग लेगा भारत

## भारतीय दल में शामिल होंगे 41 युवा कलाकार

नई दिल्ली (वार्ता)।

भारत बिश्केक, किर्गिजस्तान में आयोजित पहले यूथ डेल्फिक गेम्स में भाग लेगा। भारतीय दल में 41 युवा कलाकार शामिल होंगे - जिसमें 21 दिल्ली से ,10 हिमाचल प्रदेश से, चार कर्नाटक से और एक-एक उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड और हरियाणा से शामिल हैं। भारतीय दल 22 मार्च को बिश्केक के लिए रवाना होगा।

आधुनिक पाइथियन गेम्स के संस्थापक बिजेन्दर गोयल ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी देते हुए कहा, मैं इतिहास में पहली बार, आधिकारिक रूप से संगठित राष्ट्रीय युवा कलाकारों की टीम को पहले यूथ डेल्फिक गेम्स (एससीओ सदस्य देशों) में भाग लेने के लिए भेज रहा है।




यह कोई सामान्य सांस्कृतिक यात्रा नहीं है। यह भारत की वैश्विक सांस्कृतिक प्रतियोगिता के मंच पर औपचारिक एंट्री है-ठीक वैसे ही जैसे खेलों में हमारी टीमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने कहा, जहाँ ये खेल कला और रचनात्मकता का उत्सव मनाते हैं, वहीं मॉडर्न पाइथियन गेम्स एक कदम आगे बढ़कर कला, संस्कृति, मार्शल आर्ट्स और पारंपरिक खेलों-ऑनलाइनऔर ऑफलाइन-सबको एक ही वैश्विक मंच पर लाते हैं।

यह मंच सबको अवसर देने के लिए बनाया गया है, जहाँ भागीदारी का अधिकार सबसे अहम है। यह गर्व की बात है कि भारत ने इन प्राचीन सांस्कृतिक खेलों को आधुनिक रूप में फिर से जीवित करने की वैश्विक पहल की है, जिसे आज हम मॉडर्न पाइथियन गेम्स के नाम से जानते हैं। गोयल ने कहा, एक और महत्वपूर्ण बात मैं साझा करना चाहता हूँ। रूस के साथ, इंटरनेशनल डेल्फिक कमेटी, मॉस्को के माध्यम से हमारा औपचारिक सहयोग और समझौता ज्ञापन हुआ है।

इस साझेदारी से मॉडर्न पाइथियन गेम्स को वैश्विक पहचान मिली है और भारत एक नए अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक ढांचे के केंद्र में आया है। यह पहचान सिर्फ पाइथियन गेम्स के लिए नहीं, बल्कि दुनिया में भारत की सांस्कृतिक नेतृत्व भूमिका के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक कला और संस्कृति वैश्विक स्तर पर बिखरी हुई रहीं।

### लाखों कलाकारों के लिए अवसर

मॉडर्न पाइथियन गेम्स के माध्यम से हम एक संगठित, पारदर्शी और समावेशी सांस्कृतिक व्यवस्था बना रहे हैं- ऑनलाइन और ऑफलाइन- जहाँ कलाकारों को सम्मान, अवसर और वैश्विक मंच मिलता है। गोयल ने कहा, आने वाले वर्षों में मॉडर्न पाइथियन गेम्स लाखों कलाकारों के लिए अवसर पैदा करेंगे, आर्थिक मूल्य बनाएँगे और भारत को वैश्विक सांस्कृतिक कैलेंडर में स्थायी स्थान दिलाएँगे-जैसे ओलंपिक ने खेलों के लिए किया।

### सांस्कृतिक दूत हैं भारत के युवा

बिजेन्दर गोयल ने कहा, हमारे युवा कलाकार भारत का प्रतिनिधित्व संगीत, नृत्य, गायन, लोक कलाओं, दृश्य कला, कला एवं शिल्प, पियानो और कई अन्य रचनात्मक विधाओं में करेंगे। ये सिर्फ कलाकार नहीं हैं, बल्कि भारत के युवा सांस्कृतिक दूत हैं। डेल्फिक गेम्स की प्रेरणा प्राचीन ग्रीस के पाइथियन गेम्स से मिली है, जो दुनिया के सबसे पुराने सांस्कृतिक खेल माने जाते हैं।



# ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से किया क्लीन स्वीप

## एलिसा हीली ने 98 गेंदों पर बनाए 158 रन

**होबार्ट (वार्ता)।** एलिसा हीली ने अपनी आखिरी इनिंग्स में रविवार को 98 गेंदों पर शानदार 158 रन बनाकर वनडे क्रिकेट को एक परीकथा जैसा अलविदा कहा, जबकि बेथ मूनी ने नाबाद सेंचुरी बनाई, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने होबार्ट में भारत के खिलाफ 7 विकेट पर 409 रन का जबरदस्त स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 45.1 ओवर में 224 रन पर ढेर कर मुकाबला 185 रन से जीत लिया और सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। हीली को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की तरफ से स्नेह राणा ने सर्वाधिक 44 और जेमिमा रोड्रिग्स ने 42 रन बनाये। ओपनर प्रतीका रावल ने 27, दीप्ति शर्मा ने 29 और कप्तान करमनप्रीत कौर ने 25 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अलाना किंग ने 33 रन पर चार विकेट और जॉर्जिया वेयरहम ने तीन रन पर दो विकेट लिए। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। हीली, जो अपनी पारी के दूसरे हाफ में पिंडली की समस्या से जूझ रही थीं, ने अपने शानदार करियर की किसी भी सबसे अच्छी पारी के बराबर एक शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 27 चौके और दो छक्के लगाए और वनडे में दो 150 से ज़्यादा रन बनाने वाली छठी महिला और दूसरी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गईं, और 95 गेंदों पर दूसरा सबसे तेज 150 रन बनाया। भारत के खिलाफ कहीं भी सबसे बड़ा स्कोर, और वह जोहमारी लोगटेनबर्ग के साथ उनके आखिरी वनडे में शतक बनाने वाली एकमात्र दूसरी महिला खिलाड़ी बन गईं। मूनी ने हीली के साथ 145 रन की पार्टनर की भूमिका निभाई, आखिरी ओवर में 82 गेंदों पर अपना छठा शतक पूरा किया ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी 10 ओवरों की शुरुआत में 37 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे, लेकिन निकोला कैरी ने 15 गेंदों पर नाबाद 34 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को 400 के पार पहुंचाने में मदद की।

# टोक्यो मैराथन में फेंग पेयौ ने तोड़ा पुरुषों का नेशनल रिकॉर्ड




**टोक्यो (वार्ता)।** चीनी रनर फेंग पेयौ ने रविवार को टोक्यो मैराथन में 2:05:58 का समय निकालकर पुरुषों का मैराथन नेशनल रिकॉर्ड फिर से बनाया। साफ आसमान और अच्छे तापमान के साथ, फेंग 11वें स्थान पर रहे, एलीट पुरुषों की रेस में सभी एशियाई रनर्स में पहले स्थान पर रहे, उन्होंने घरेलू पसंदीदा सुगुरु ओसाको और केंगो सुजुकी को हराया।

फेंग ने 2024 वूशी मैराथन में हे जी के बनाए 2:06:57 के पिछले नेशनल रिकॉर्ड में सुधार किया, और फुल मैराथन में दो घंटे और छह मिनट से कम समय में दौड़ने वाले पहले चीनी एथलीट बन गए। इथियोपिया के तादेसे ताकेले ने 2:03:37 में पुरुषों का टाइटल सफलतापूर्वक बचाया, केन्या के जेफ्री टोरोइटिच और अलेक्जेंडर मुटिसो को पीछे छोड़ा। केन्या की ब्रिगिड कोसगेई ने महिलाओं की रेस 2:14:29 में जीतकर नया कोर्स रिकॉर्ड बनाया, जबकि इथियोपिया की बर्टुकन वेल्डे और हवी फेयसा क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। चीन की लू यिंग ने 2:26:35 के पर्सनल बेस्ट टाइम के साथ 12वां स्थान हासिल किया, उनके बाद ली झिक्सुआन 2:26:53 के साथ 13वें स्थान पर रहीं, क्योंकि कई चीनी रनर्स ने ढाई घंटे के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। व्हीलचेयर रेस में, चीन के लुओ जिंगचुआन ने पुरुषों के इवेंट में सिल्वर मेडल जीता, जबकि झोउ झाओकियान महिलाओं की रेस में तीसरे स्थान पर रहीं।



### मीनाक्षी और नेहा ने मुहामेट मालो कुश्ती टूर्नामेंट में जीते रजत पदक

**तिराना(अल्बानिया)।** भारतीय पहलवान मीनाक्षी और नेहा सांगवान ने मुहामेट मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 53किग्रा और 57किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में रजत पदक जीते। शनिवार को खेले गये मुकाबले में महिलाओं के 53किग्रा वर्ग में, जो नॉर्डिक सिस्टम के तहत लड़ा गया था, मीनाक्षी ने न्यूट्रल एथलीट नतालिया मालिशेवा, जो 2025 यूरोपियन चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

# एमसीए ने महिला टी-20 मुंबई लीग शुरू की

### तीन टीमों को 4 करोड़ रुपये से ज़्यादा मिले

मुंबई (वार्ता)।

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने अपनी आने वाली महिला टी20 लीग के लिए तीन फ्रेंचाइजी बेच दी हैं, जिसे पुरुषों की टी20 मुंबई लीग की तरह ऑर्गनाइज़ किया जाएगा, जो आईपीएल की तरह एक फ्रेंचाइजी-बेस्ड कॉम्पिटिशन है। तीन टीमों की बिक्री से एमसीए के खजाने में 4 करोड़ रुपये से ज़्यादा जुड़ गए हैं। टेंटेटिवली, एसोसिएशन आईपीएल खत्म होने के तुरंत बाद, 1 से 15 जून तक पुरुषों के टूर्नामेंट के साथ महिला लीग कराने का प्लान बना रहा है। हालांकि छोटी-छोटी बातें अभी तय नहीं हुई हैं, लेकिन सात मैचों की विमेंस लीग में तीन आइकॉन खिलाड़ी- जेमिमा रोड्रिग्स, साइमा ठाकोर और सायाली सतघरे होंगी, जो बेशक उनकी अवेलेबिलिटी पर निर्भर करेगा। यह लीग खास तौर पर मुंबई की विमेंस क्रिकेटरों के लिए होगी, जहां दूसरे राज्यों के उलट, करीब 55 एफिलिएटेड क्लब हैं। एमसीए एक ऑक्शन करने का भी प्लान बना रहा है। एमसीए प्रेसिडेंट अजिंक्य नाइक ने कहा, टी20 मुंबई विमेंस लीग के लिए बिडिंग प्रोसेस को मिला ज़बरदस्त रिस्पॉन्स मुंबई में विमेंस क्रिकेट को ऊपर उठाने के हमारे विजन का एक मजबूत सपोर्ट है। जाने-माने कॉर्पोरेट ग्रुप्स का हिस्सा लेना विमेंस गेम में बढ़ते कमर्शियल कॉन्फिडेंस को दिखाता है। हम एक कॉम्पिटिटिव और प्रोफेशनली मैनेज्ड लीग बनाने के लिए कमिटेड हैं जो उभरते हुए टैलेंट के लिए एक मजबूत प्लेटफॉर्म दे।



# शीर्ष 9 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटा

**मुंबई (वार्ता)।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही भारी गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल नौ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 2,18,902 करोड़ रुपये घट गया जबकि हिंदुस्तान यूनीलिवर को एमकैप में फायदा हुआ है। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का एमकैप सबसे ज्यादा 55,852 करोड़ रुपये घट गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 37,580 करोड़ रुपये और विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का 34,846 करोड़ रुपये घट गया। बजाज फाइनेंस को एमकैप में 20,316 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस को 18,181 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सार्वजनिक क्षेत्र के एलआईसी का एमकैप 14,990 करोड़ रुपये कम हुआ। निर्माण एवं अभियांत्रिकी कंपनी एलएंडटी का बाजार पूंजीकरण 13,715 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का 13,061 करोड़ रुपये घट गया। आईसीआईसीआई बैंक को एमकैप में 10,360 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। एफएमसीजी कंपनी एचयूएल का एमकैप 5,463 करोड़ रुपये बढ़ा। बाजार पूंजीकरण के मामले में 18,86,833 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम है।

# फरवरी में भी खूब बिके यात्री वाहन



**नई दिल्ली (वार्ता)।** वस्तु एवं सेवा कर में कटौती के बाद वाहनों की बिक्री में शुरू हुई दमदार तेजी फरवरी महीने में भी जारी रही। खास बात यह रही कि फरवरी में देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी की घरेलू बिक्री में मामूली वृद्धि हुई जबकि अन्य कंपनियों की बिक्री में तेज वृद्धि दर्ज की गयी। मारुति सुजुकी ने रविवार को बताया कि घरेलू बाजार में उसकी कुल बिक्री 1,64,130 इकाई रही। हालांकि निर्यात में 56.49 प्रतिशत की अच्छी बढ़ोतरी के कारण उसकी कुल बिक्री में 7.32 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गयी है। माह के दौरान कंपनी ने कुल 39,155 वाहनों का निर्यात किया और उसकी कुल बिक्री 2,13,995 इकाई हो गयी। इसमें दूसरी कंपनी सुजुकी के बेचे गये 10,710 वाहन भी शामिल हैं। घरेलू बाजार में कंपनी के यात्री वाहनों की बिक्री 1,61,000 इकाई और हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री 3,130 इकाई पर रही। यात्री वाहनों में कार, उपयोगी वाहन और वैन शामिल हैं। टाटा समूह की कंपनी टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल की घरेलू बिक्री 34 प्रतिशत बढ़कर 62,329 इकाई रही। कंपनी ने 1,002 वाहनों का निर्यात किया जो सालाना आधार पर 167 प्रतिशत की वृद्धि दिखता है। इस प्रकार उसकी कुल बिक्री 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 63,331 इकाई दर्ज की गयी। साथ ही उसके इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 57 प्रतिशत बढ़कर 8,385 इकाई पर पहुंच गयी। समूह की वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स की कुल बिक्री 32 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 42,940 इकाई पर रही।

# चावल और चीनी में तेजी, दालों में घटबढ़

नई दिल्ली (वार्ता)।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गये। चावल के साथ चीनी में भी तेजी रही। गेहूं की कीमत नरमी देखी गयी जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 16 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं 23 रुपये सस्ता होकर 2,834 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटा की कीमत भी 18 रुपये गिरकर 3,310 रुपये प्रति क्विंटल हो गयी। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में भी उतार-चढ़ाव रहा। सरसों तेल औसतन 27 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल 227 रुपये और सूरजमुखी तेल 80 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत 79 रुपये और पाम ऑयल की 67 रुपये बढ़ी। सोया तेल 54 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गये। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

# फरवरी में 8.1 प्रतिशत बढ़ा सकल जीएसटी संग्रह




**नई दिल्ली (वार्ता)।** वस्तु एवं सेवा कर के तहत सकल संग्रह फरवरी 2026 में 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1,83,609 करोड रुपये पर पहुंच गया। वित्त मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में जीएसटी का घरेलू संग्रह 5.3 प्रतिशत बढ़ा जबकि सीमा शुल्क संग्रह में 17.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी। सकल घरेलू संग्रह 1,35,772 करोड़ रुपये पर रहा। सीमा शुल्क का कुल संग्रह 47,837 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। जीएसटी के तहत फरवरी में कुल 22,595 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया जो सालाना आधार पर 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इस प्रकार शुद्ध जीएसटी संग्रह फरवरी 2025 के मुकाबले 7.9 प्रतिशत बढ़कर 1,61,014 करोड़ रुपये पर रहा। इसके अलावा सरकार ने उपकर के रूप में 563 करोड़ रुपये प्राप्त किये जबकि एक साल पहले यह राशि 13,481 करोड़ रुपये थी। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में फरवरी तक सकल जीएसटी संग्रह 8.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20,27,033 करोड़ रुपये हो गया है। इस दौरान 2,70,261 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया जिससे शुद्ध जीएसटी संग्रह 17,56,772 करोड़ रुपये रहा। रिफंड में 18.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है जबकि शुद्ध जीएसटी संग्रह 6.9 प्रतिशत बढ़ा है। पूरे वित्त वर्ष में अब तक 99,215 करोड़ रुपये का उपकर प्राप्त हुआ है जबकि पिछले वित्त वर्ष में इसी अवधि के दौरान 1,36,656 करोड रुपये के उपकर की प्राप्ति हुई थी।

### एफपीआई ने फरवरी में की 37,847 करोड़ रुपये की लिवाली

**मुंबई (वार्ता)।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में भारतीय पूंजी बाजार में 37,847 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की। शुद्ध लिवाली लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी है। अक्टूबर 2025 के बाद यह पहला मौका है जब एफपीआई ने इक्विटी में शुद्ध रूप से लिवाली की है। डेट में भी उनका निवेश 18,791 करोड़ रुपये बढ़ा है। वहीं, हाइब्रिड उपकरणों से उन्होंने 3,896 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। म्यूचुअल फंड में उनका शुद्ध निवेश 337 करोड़ रुपये रहा है। इससे पहले जनवरी में उन्होंने भारतीय पूंजी बाजार में 29,071 करोड़ रुपये और दिसंबर 2025 में 38,721 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की थी।

# भू-राजनैतिक स्थिति से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**मुंबई (वार्ता)।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेश धारणा पर सबसे ज्यादा असर पश्चिम एशिया में सप्ताहांत में बनी भू-राजनैतिक स्थितियों का रहेगा। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी की सुबह संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान पर हमला कर दिया। इसके उत्तर में ईरान ने भी इजराइल और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकाने वाले कई देशों पर हमले किये। निवेशकों की नजर अब इस बात पर रहेगी कि क्षेत्र में परिस्थितियां किस प्रकार बदलती हैं और इन हमलों का क्या असर होता है। पूरी दुनिया के साथ भारतीय शेयर बाजारों पर भी आने वाले सप्ताह में इसका असर दिखेगा। साथ ही 27 फरवरी को जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों का असर भी बाजार पर दिखेगा। इसके अलावा आने वाले सप्ताह में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के फरवरी के पीएमआई आंकड़े, जनवरी के औद्योगिक उत्पादन के सरकारी आंकड़ें और वाहनों की बिक्री के आंकड़े जारी होने हैं। इन सभी कारकों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। बीएसई का सेंसेक्स गत सप्ताह कुल 1,527.52 अंक (1.84 प्रतिशत) टूटकर शुक्रवार को 81,287.19 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 392.60 अंक यानी 1.54 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ 25,178.65 अंक पर आ गया। मझौली और छोटी कंपनियों में अपेक्षाकृत कम गिरावट रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.87 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.43 प्रतिशत टूट गया। सप्ताह के दौरान इटरनल का शेयर सबसे अधिक 8.37 प्रतिशत टूटा। टेक महिंद्रा में 6.86 प्रतिशत, भारती एयरटेल में 4.95, ट्रेंट में 4.61 और इंफोसिस में 3.90 प्रतिशत की गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 3.90 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 3.26, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस दोनों के 3.17, एचडीएफसी बैंक का 2.69, एलएंडटी का 2.28 और एशियन पेंट्स का 2.15 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। टीसीएस का शेयर 1.87 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.81, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.44, भारतीय स्टेट बैंक का 1.16 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.04 प्रतिशत फिसल गया।



# वन्य-जीव संरक्षण और संवर्धन हमारी प्राथमिकताः मुख्यमंत्री

## डॉ. मोहन यादव ने कूनो नदी में रिलीज किये घड़ियाल और कछुए

भोपाल (स्वतंत्र मत)



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में घड़ियाल और कछुओं का संरक्षण एवं संवर्धन किया जा रहा है। विलुप्त होते जीवों के संरक्षण के संकल्प के साथ मध्यप्रदेश सरकार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर शुरू हुआ चीता प्रोजेक्ट निरंतर सफलता की ओर आगे बढ़ रहा है। इससे प्रदेश में चीतों की संख्या बढ़कर 48 हो गयी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो नेशनल पार्क स्थित कूनो नदी में घड़ियाल और कछुओं को रिलीज करने के बाद यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस वर्ष मध्यप्रदेश आने वाले सैलानियों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो नेशनल पार्क स्थित कूनो नदी में 53 घड़ियाल और 25 कछुए नदी में रिलीज किये। गेवेलियस गेंगेटिक्स नाम के छोड़े गये 53 घड़ियाल में से 28 नर एवं 25 मादा शामिल हैं। इसी प्रकार 25 कछुए थ्री स्ट्रिप्ड रूफ टर्टल प्रजाति के हैं, जिनका वैज्ञानिक नाम वाटागुरु डोगोका है। इस अवसर पर वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत, सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष तुरसनपाल बरिया, उपाध्यक्ष सीताराम आदिवासी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डीबाई आदिवासी, विधायक बृजराज सिंह चौहान, प्रमुख सचिव वन संदीप यादव, कमिश्नर सुरेश कुमार, डीआईजी सचिन अतुलकर, कलेक्टर अर्पित वर्मा, संचालक राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य, डीएफओ हरीश बघेल, कूनो डीएफओ आर. थिरुकुराल और जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य देवरी मुरैना की ओर से स्मृति-चिन्ह भेंट किये गये।

### विश्व में बढ़ी मध्यप्रदेश की साख

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के वन, जैव विविधता की दृष्टि से निरंतर समृद्ध हो रहे हैं। केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा शनिवार को बोत्सवाना अफ्रीका से लाए गए 9 चीते कूनो नेशनल पार्क में छोड़े गए हैं। इस महत्वपूर्ण कदम ने वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में मध्यप्रदेश की साख और बढ़ाई है वन्यजीवों को लेकर भारत का नाम विश्व में स्थापित हुआ है। एशिया से जो चीता विलुप्तप्राय हुआ था, आज उसकी प्रजाति पुनः आबाद हो रही है। प्रदेश में अब चीतों की कुल संख्या 48 हो गई है। साथ ही मध्यप्रदेश, देश में सर्वाधिक टाइगर, सर्वाधिक चीतों वाला राज्य हो गया है। घड़ियाल के मामले में भी मध्यप्रदेश, देश में नंबर वन है। गत दिनों गिद्धों की गणना के अनुसार भी प्रदेश जैव विविधता में समृद्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह जानकारी ग्वालियर विमानतल पर मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज भी कूनो नदी में दुर्लभ प्रजाति के कछुए और घड़ियाल छोड़े जा रहे हैं। यह राज्य सरकार की जलचरों को बढ़ावा देने की योजना का हिस्सा है। वन्य-प्राणियों के संरक्षण से बढ़ती जैव विविधता से प्रदेश में पर्यटन के अवसर निर्मित हो रहे हैं, जिससे रोजगार के नए मौके भी लोगों को मिल रहे हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि इन गतिविधियों का लाभ सभी को मिले।

### 33 कछुए और 53 घड़ियाल छोड़े

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में जैव विविधता के संरक्षण की दिशा ऐतिहासिक कदम आगे बढ़ाते हुए आज दुर्लभ प्रजाति के 33 कछुए और 53 घड़ियाल कूनो नदी में छोड़ रहे हैं। जिन कछुओं को नदी में छोड़ा जा रहा है वे मुरैना के कछुआ केन्द्र बरहई से लाए गए हैं। तेंतीस में से 25 कछुए तीन पट्टीदार छत वाले और 8 भारतीय फ्लेप शेल कछुआ हैं। देवरी घड़ियाल केन्द्र से लाकर 53 घड़ियालों को कूनो नदी में छोड़ा जा रहा है, ये कछुए ढोंगोंका और घड़ियाल, गंगा एवं ब्रह्मपुत्र नदी क्षेत्रों में पाई जाने वाली दुर्लभ जलीय प्रजातियां हैं। जो, जैव विविधता की अनमोल धरोहर हैं और नदियों के प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन प्रजातियों को अंतरराष्ट्रीय संस्था इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजनर्वेशन ऑफ नेचर की रेड लिस्ट में संकटग्रस्त श्रेणी में रखा गया है। राज्य सरकार इनके संरक्षण के लिए सार्थक प्रयास कर रही है।



# गुलाब स्टोरी आने वाले समय में प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी

## उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल पुष्प प्रदर्शनी के समापन कार्यक्रम में हुए शामिल

भोपाल (स्वतंत्र मत)

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल मानस भवन गुना में आयोजित संभाग स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी एवं कृषक कार्यशाला में शामिल हुए।उन्होंने संभाग के विभिन्न जिलों से आए कृषकों द्वारा लगाए गए स्टॉलों एवं पुष्प प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उनसे संवाद कर खेती की उन्नत तकनीकों की जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गुलाब की यह कहानी आने वाले समय में प्रदेश और देश के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी। आधुनिक तकनीक और प्राकृतिक खेती के समन्वय से किसान आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गुलाब की खेती से एक एकड़ में सालाना लगभग 14 लाख रुपये तक की आय संभव है, जो पारंपरिक फसलों की तुलना में अधिक है। यह मॉडल अन्य किसानों के लिए भी मार्गदर्शक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि ऑर्गेनिक उत्पाद न केवल स्वाद और गुणवत्ता में बेहतर होते हैं, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी सुरक्षित हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने 'किंग ऑफ रोज' का पुरस्कार श्री अनिमेष श्रीवास्तव को उनकी 'रिवाइवल' किस्म के लिए प्रदान किया। श्री गोपाल अग्रवाल को उनकी 'टॉप सीक्रेट' किस्म के लिए 'क्वीन ऑफ रोज' का पुरस्कार दिया गया। गुलाब की ये उन्नत एवं आकर्षक किस्में प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण रहीं। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, उपसंचालक उद्यानिकी केपीएस किरार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

### हर बेटी को सुरक्षा कवच से जोड़ें

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्वास्थ्य जागरूकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं में स्तन कैंसर के बाद सर्वाइकल कैंसर दूसरा प्रमुख कैंसर है। इससे बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। प्रथम चरण में 14-15 वर्ष की बालिकाएं अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर पहचान पत्र के साथ एक दिन में लगने वाली यह वैक्सीन अवश्य लगवाएं। उन्होंने समाज से अपील की कि इस अभियान को जनआंदोलन बनाकर हर बेटी को सुरक्षा कवच से जोड़ें।

## होली पर 4 मार्च को सार्वजनिक अवकाश

**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 4 मार्च को भी निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट-1881 के अधीन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा होली के पावन पर्व पर पूर्व में 3 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जा चुका है।

## यात्री बसों की हड़ताल स्थगित

**दमोह।** प्रदेश सरकार के मुखिया माननीय मोहन यादव एवं परिवहन प्रमुख सचिव मनीष सिंह के साथ प्रदेश यूनियन के पदाधिकारियों की एक बैठक भोपाल में आयोजित हुई जिसमें दमोह जिला अध्यक्ष शंकर राय द्वारा दमोह से भी एक प्रतिनिधिमंडल भोपाल भेजा गया। करन सिंह परिहार, बंटी राय, उपाध्यक्ष अमजद खान, एवं शमीम कुरैशी सचिव बस यूनियन दमोह ने सहभागिता निभाते हुए अपनी बात रखी चर्चा के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हमारी दोनों मांगे 24.12.2026 का गजट नोटिफिकेशन एवं 29.1.2026 मे बढ़ाया हुआ टैक्स होल्ड पर रखने की घोषणा की। वहीं दूसरी ओर प्रदेश यूनियन ने मुख्यमंत्री का आभार जताया एवं 2 मार्च से अपनी प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल को स्थगित करने की घोषणा की। अब मध्यप्रदेश में प्राइवेट बस सेवाएं यात्रियों के लिए निरंतर जारी रहेगी।

# पत्थर मारकर 5 साल के बच्चे की हत्या

दमोह (स्वतंत्र मत)



दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र के कुलुवा पट्टी गांव में शनिवार शाम एक 5 वर्षीय बालक की सिर पर पत्थर पटक कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार कुलवा पट्टी निवासी देवेंद्र पिता भगत सिंह 5 वर्ष शाम के समय खाना खाने के बाद गांव में एक चबूतरे के पास खेल रहा था। इसी दौरान सतीश नामक युवक ने उसके सिर पर पत्थर से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल बच्चे को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे के शव को जिला अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है जिसका पोस्टमार्टम रविवार सुबह किया गया और फिर परिजनों को सौंपा गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली टीआई मनीष कुमार जिला अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने पूछताछ में बताया कि बच्चे पर हमला सतीश नामक युवक ने किया था। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है और कई स्थानों पर चेकिंग अभियान चला रही है। घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है कि आखिर आरोपी ने इस वारदात को क्यों अंजाम दिया। मृतक के दादा रूप सिंह ने बताया कि उन्हें भी नहीं पता कि आरोपी सतीश ने उनके पोते को क्यों मारा। उन्होंने बताया कि देवेंद्र गंभीर हालत में पड़ा मिला था।

# हिंदी और बुंदेली भाषा से समाहित नाटक का हुआ मंचन

दमोह (स्वतंत्र मत)

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से जिले की अग्रणी नाट्य संस्था युवा नाट्य मंच के द्वारा नगर के अस्पताल चौक स्थित मानस भवन में आयोजित किए जा रहे 21वें 5 दिवसीय नाट्य समारोह के चतुर्थ दिवस भोपाल की स्ट्रीट फैक्ट कल्चरर एंड वेलफेयर सोसायटी के कलाकारों द्वारा बुंदेली और हिंदी भाषा से समाहित नाटक लछिया का मंचन किया गया। यह नाटक समाज में जति, धर्म, वर्ग के आधार पर मानवीय स्वभाव और उनकी सोच से समाज में आने बाले प्रभाव को दिखाता है। नाटक का मुख्य पात्र मानवीय व्यवहार के उस महीन रेखा को भी दिखाता है, जिसे सामान्य मनुष्य या तो नजर अंदाज कर देता है या देखता नहीं है। कहानी का मुख्य पात्र भोला उर्फ लछिया एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो ना तो पूरा पुरूष है और ना पूरी महिला। ऐसे में वह समाज से प्रेम और सम्मान पाने से तो बंचित है, लेकिन समाज के बनाए गए नियम और बाध्यताएं उसे माननी होती है। हालातों से जूझते और प्रेम और सम्मान के लिए तरसता लछिया एक दिन अपने ही बनाए एक माटी के पुतले से प्रेम करने लगता है और उस पुतले के प्रेम में वह इतना खो जाता है कि आखिरकार अपनी पहचान ही बदल लेता है। इस दौरान समाज के व्यवहार, उनकी नाराजगी और उसके मन की पीड़ा दर्शकों के मन में भी एक विचार देती है कि आखिर जिन मान्यताओं और व्यवहार को हम अपने साथ जोड़े है, वह ईश्वर ने बनाए है या हमने। नाटक के लेखक रंगकर्मी वसीम खान और जैकी भावसार है और निर्देशन और मुख्य पात्र की जिम्मेवारी भी इन्होने ही संभाली है। ऐसे में यह कहानी को पूर्ण रूप से दर्शकों के सामने रखने में सफल हुए है। नाटक की कहानी के साथ सबसे ज्यादा प्रभावी है पात्रों का अभिनय। मुख्य पात्र जैकी भावसार भोला से शुरू होकर लछिया के पात्र में नाटक के अंत तक खुद को लछिया में ऐसे समाहित कर लेते है कि पात्र और लछिया में अंतर नहीं रह जाता। सूत्रधार के रूप में वसीम अली, देवकी बनी कीर्ति सिन्हा, दिदिया प्रिया भदौरिया परिहार, मुंशी राजेंद्र सोनी, रागी विजय सोनवाने और अंश पायन सिन्हा, पंडित संदीप पाटिल, सविता शिवानी कटेरिया, औरतों के रूप में मोनिका राठौर अंजलि चौहान ने अपना अभिनय पूरी शिद्दत के साथ किया है। ननकू बने प्रदीप डोंगरे स्वयं, शिव व लठेत की भूमिका में शोएब अंसारी और रोहित कुशवाह और दिलीप, लठेत 2 के पात्र में देवराज जोशी ने पात्रों के साथ न्याय किया है। वहीं नाटक की मंडली में देवराज जोशी, प्रदीप डोंगरे, अंजलि चौहान, विजय सोनवाने, पात्र में रमे नजर आते है। नाटक का संगीत अत्यंत कर्णप्रिय है और पारंपरिक वाद्ययंत्रों का उपयोग संगीत के लिए किया गया है जो उसे प्रभावी बनाता है। वाद्ययंत्रों में लक्ष्मी नारायण शर्मा की ढोलक, अनिल संसारे का हारमोनियम के साथ गायन पक्ष नाटक के अनुरूप है।



## संस्कार भवन में मासिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ

**दमोह।** असाटी वार्ड संस्कार भवन में असाटी महिला समिति द्वारा फाल्गुन माह के पावन पर्व पर श्रीमती वर्षा सौरभ असाटी द्वारा मासिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ राम दरबार की पूजा करके सुंदरकांड का गान किया गया। समस्त पदाधिकारी गण संरक्षक मंडल मार्गदर्शक मंडल के सभी सदस्यों के साथ-साथ समाज की अधिक संख्या में बहनों की भरपूर उपस्थित रही, सभी बहनों ने मिलकर पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। इसके बाद सामूहिक आरती के साथ सभी ने फाल्गुन माह की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए सुंदर-सुंदर भजनों का गायन किया, जिससे माहौल भक्तिमय एवं आनंदमय बन गया। वहीं आयोजक द्वारा समाज की सभी बहनों को प्रसाद वितरित कर जलपान कर कार्यक्रम का समापन किया।

## युवक ने खेत में लगाई फांसी

**हटा।** थाना क्षेत्र के चैनपुरा में एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जानकारी अनुसार गुलाब पिता बलराम सींग 31 निवासी चैनपुरा अपने घर से काम का कहकर निकला था जब वह नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। गांव के पास एक बबूल के पेड़ पर अपनी ही शर्ट से फंदा लगाए हुए था। घटना की सूचना हटा पुलिस को दी गई। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम कराया एवं शव परिजनों को सौंपा।

# लीनेस क्लब ने पिछड़ी बस्तियों में बांटे सेनेटरी पैड

## महिला स्वास्थ्य जागरूकता अभियान संपन्न

दमोह (स्वतंत्र मत)



शहर की पिछड़ी बस्तियों में सामाजिक संस्था लीनेस क्लब द्वारा महिला स्वास्थ्य जागरूकता एवं सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध कराना, साथ ही कार्यक्रम के दौरान क्लब की सदस्यों ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को सेनेटरी पैड के सही उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। उन्हें समझाया गया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इस दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। जागरूकता सत्र में यह भी बताया गया कि इस्तेमाल किए गए सेनेटरी पैड का सुरक्षित एवं स्वच्छ तरीके से निपटान कैसे किया जाए, ताकि संक्रमण और पर्यावरण प्रदूषण से बचाव हो सके। कार्यक्रम के अंत में बड़ी संख्या में सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। उपस्थित महिलाओं एवं किशोरियों ने इस सराहनीय पहल के लिए क्लब के प्रति आभार व्यक्त किया। लीनेस अध्यक्ष रजनी खरे ने अपने संबोधन में कहा कि यह अभियान न केवल महिला स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास भी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने परिवार के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य और स्वच्छता का भी उतना ही ध्यान रखना चाहिए क्योंकि यदि महिला स्वयं स्वस्थ नहीं होगी तो परिवार की देखभाल प्रभावित होगी।

# 3 एकड़ में अवैध अफीम की खेती पकड़ी गई

## अक्षयेंद्रनाथ सूर्यवंशी की सतर्कता से खुलासा, एसडीओपी अर्चना अहीर स्वयं पहुंचीं मौके पर

दमोह (स्वतंत्र मत)



जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। दमोह जिला के तेजगढ़ थाना अंतर्गत पुलिस चौकी इमलिया घाट क्षेत्र के ग्राम मुरेड़ी, ग्राम पंचायत सुहेला में लगभग 5 एकड़ भूमि पर अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती का भंडाफोड़ किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन में की गई जिसमें पुलिस की सजगता और सक्रियता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी अक्षयेंद्रनाथ सूर्यवंशी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम मुरेड़ी में एक आदिवासी की निजी भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध अफीम के पौधे लगाए गए हैं। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी सूर्यवंशी ने बिना समय गंवाए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और एक विशेष टीम का गठन किया गया। योजनाबद्ध तरीके से मौके पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में अफीम के हरे-भरे पौधे पाए गए जिन्हें तत्काल प्रभाव से जप्त किया गया। इस गंभीर मामले को देखते हुए अर्चना अहीर एसडीओपी तेंदूखेड़ा स्वयं मौके पर पहुंचीं और संपूर्ण घटनास्थल का निरीक्षण किया। उनके नेतृत्व में पुलिस टीम ने आवश्यक पंचनामा कार्रवाई कर साक्ष्य संकलित किए तथा आगे की जांच प्रारंभ की। इस अभियान में अरविंद सिंह लोधी थाना प्रभारी तेजगढ़ सहित समस्त पुलिस स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही। खेतों में लगे अफीम के पौधों को नियमानुसार उखाड़कर जप्त किया गया और संबंधित धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार अवैध अफीम की खेती न केवल कानूनन अपराध है बल्कि समाज में नशे की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने वाला गंभीर कृत्य भी है। ऐसे मामलों पर कठोर कार्रवाई करना आवश्यक है ताकि युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाया जा सके और क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे। चौकी प्रभारी अक्षयेंद्रनाथ सूर्यवंशी की सतर्कता और त्वरित निर्णय क्षमता इस पूरी कार्रवाई में प्रमुख रही। उनकी सक्रियता के कारण ही इतनी बड़ी मात्रा में अवैध अफीम की खेती का समय रहते खुलासा हो सका। स्थानीय नागरिकों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है और इसे अपराध के विरुद्ध एक सशक्त कदम बताया है।

पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन में जिले भर में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार जारी है। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि दमोह पुलिस अपराध और अवैध गतिविधियों के प्रति पूरी तरह सतर्क है तथा किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस अवैध खेती के पीछे और कौन-कौन लोग संलिप्त हैं। आने वाले दिनों में इस मामले में और खुलासे होने की संभावना है। दमोह पुलिस की यह कार्रवाई निश्चय ही समाज में सकारात्मक संदेश देने वाली है कि कानून के हाथ लंबे हैं और अवैध कार्यों में लिप्त लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# सावधानः संदिग्ध महिलाओं की गैंग कर रही बच्चों के अपहरण का प्रयास

## गोसलपुर क्षेत्र में हफ्ते भर में सामने आई दूसरी वारदात

## आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

सिहोरा (स्वतंत्र मत)

गोसलपुर क्षेत्र में स्थित शंकर कॉलोनी में विगत शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां पर एक महिला द्वारा दिनदहाड़े मासूम बच्ची का अपहरण की कोशिश के मामले में दहश का माहौल पैदा हो गया। बताया जा रहा है कि विगत शाम शंकर कॉलोनी निवासी 6 वर्षीय बालिका अपनी बड़ी बहन के साथ घर के पास स्थित बैंक के सामने वाली डेयरी पर दूध लेने जा रही थी। दोनों बहनें अभी रास्ते में ही थीं कि अचानक एक अज्ञात महिला ने छोटी बच्ची को जबरन अपने कब्जे में ले लिया और उसे साथ ले जाने का प्रयास करने लगी। अचानक हुए इस हमले से बच्चे सहम गए, लेकिन बड़ी बहन ने हिम्मत नहीं हारी। अपहरणकर्ता की गिरफ्त से अपनी छोटी बहन को बचाने के लिए बड़ी बहन ने तत्काल शोर मचाना शुरू कर दिया। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और राहगीर तुरंत मौके की ओर दौड़े जनसैलाब को अपनी ओर आता देख और पकड़े जाने के डर से आरोपी महिला घबरा गई और बच्ची को छोड़कर गलियों के रास्ते फरार होने में कामयाब रही।



### लाल रंग की साड़ी, नाक में सोने की बड़ी नथ

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, संदिग्ध महिला ने लाल रंग की साड़ी पहन रखी थी और उसकी नाक में सोने की एक बड़ी नथ थी। महिला की एक विशेष पहचान उसके गाल पर मौजूद मसा (तिल) बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया की गोसलपुर बस्ती में एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी घटना है। इसके पूर्व गोसलपुर खेरमाता बड़ी बढ़िया के पीछे रहने गुलाम हुसैन की पांच साल की बालिका का भी कुछ द्वारा अपहरण करने की कोशिश की जा रही थी। शोर गोल मचाने पर नवयुवक फरार हो गए घटना की गंभीरता को देखते हुए गोसलपुर पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों से बात कर महिला के हुलिए के आधार पर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस मामले में गोसलपुर थाना प्रभारी गाजीबती कौसाम का कहना है कि पुलिस द्वारा संदिग्ध महिला की तलाश की जा रही है।

# लाइन कर्मियों पर तानाशाहीपूर्ण रवैया अपना रहे सिटी सर्किल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विद्युत वितरण कंपनी के लाइन कर्मियों का मूल कार्य एफओसी और विद्युत तंत्र का रखरखाव है, राजस्व वसूली लाइन कर्मियों का मूल कार्य नहीं है, इसके बाद भी अधिकारी बाकी सभी कार्य रोक कर लाइन कर्मियों से राजस्व वसूली करा रहे हैं। इतना ही नहीं राजस्व वसूली में मामूली कमी भी रह जाये तो सीधे सस्पेंड कर दिया जाता है। उक्त बांते कहते हुए मप्र तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने जबलपुर सिटी सर्किल के अधीक्षण अभियंता की तानाशाहीपूर्ण कार्यशैली की निंदा करते हुए कहा कि फरवरी महीने का राजस्व लक्ष्य 64.5 करोड़ रुपये थे, इसके एवज में लाइन कर्मियों ने 66 करोड़ रुपये का संग्रहण किया। इसके बावजूद कार्यपालन अभियंता अपनी लचर कार्यप्रणाली को छिपाने के लिए लाइन कर्मियों का निशाना बनाया जा रहा है। हरेंद्र श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि अधीक्षण अभियंता द्वारा तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाते हुए कर्तव्यनिष्ठ लाइन कर्मियों को सस्पेंड किया जा रहा है और अपने इस कृत्य की वाहवाही लूटी जा रही है। संघ के एसके मौर्य, केएन लोखंडे, एसके सिंह, एसके शाक्य, मदन पटेल आदि ने कहा कि सस्पेंड लाइन कर्मियों को तत्काल बहाल किया जाए और कंपनी प्रबंधन से मांग की है कि तानाशाही करने वाले अधीक्षण अभियंता से चालू प्रभार वापस लिया जाए।

# शिक्षक की लापरवाही से छूटी छात्र की परीक्षा, सीएम से लगाई गुहार

## परीक्षा फार्म में भर दिया अन्य विषय, परीक्षा केंद्र से लौटाया



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

बरेला स्थित सांदीपनि विद्यालय में एक शिक्षक की लापरवाही के कारण छात्र का परीक्षा वर्ष संकट में आ गया है। दरअसल पीड़ित छात्र शरद विश्वकर्मा ने इस संबंध में मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाते हुए बताया कि विद्यालय के शिक्षक ओम प्रकाश तिवारी ने परीक्षा फॉर्म भरते समय उसकी चुनी हुई विषय संस्कृत के स्थान पर अंग्रेजी विषय भर दिया। इस त्रुटि के कारण प्रवेश पत्र में संस्कृत की जगह अंग्रेजी विषय अंकित हो गया। छात्र शरद विश्वकर्मा ने बताया कि उसने कक्षा 9वीं में भाषा विषय के रूप में संस्कृत का चयन किया था। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा प्रणाली के अनुसार, विद्यार्थियों को भाषा के तीन विषयों में से दो का चयन करना होता है और उन्हीं विषयों की परीक्षा देनी होती है। फॉर्म में बदलाव के कारण वह निर्धारित विषय की परीक्षा नहीं दे सका।

***कमिश्नर, कलेक्टर से कर चुका शिकायत***- छात्र के अनुसार जब उसने इस त्रुटि की जानकारी अपने शिक्षक को दी, तो उसे समस्या के समाधान का आश्वासन मिला था।

हालांकि, 19 फरवरी को जब वह परीक्षा देने केंद्र पहुंचा, तो उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी गई और बाहर कर दिया गया। इस पूरे मामले की जानकारी छात्र द्वारा स्कूल प्राचार्य, कलेक्टर और कमिश्नर को भी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। ऐसे में छात्र ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने और उसका एक वर्ष खराब होने से बचाने की मांग की है।

# सड़क हादसे में किशोर की मौत




जबलपुर (स्वतंत्र मत)। भेड़ाघाट थाने में ब्रजेश सोनी उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम बिलखरवा ने सूचना देकर बताया कि वह मजदूरी करता है । ग्राम सहजपुर में मजदूरी करने गया था । गांव का सत्यम पटेल आकर बताया कि विकास का ट्रैक्टर से एक्सीडेंट हो गया, जिससे विकास के सीना पैर तथा सोनी ठाकुर को वायें पैर में साधारण चोट आई, विकास को उपचार हेतु रविन्द्र पटेल और परिवार जन मेडिकल कॉलेज लेकर गये हैं तो वह मेडिकल कॉलेज जाकर देखा तो डॉक्टर ने उसके बेटे विकास गौड़ उम्र 14 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पाटन में सौरभ साहू निवासी साहू मोहल्ला तेंदुखेड़ा जिला दमोह ने सूचना देकर बताया कि वह व्यापार करता है। विगत दिवस वह मोहल्ले के साथी व्यापारी मनोज साहू के साथ मोटरसाइकिल में पाटन रंग गुलाल खरीदने पाटन आया था। पाटन से रंग गुलाल खरीदकर मनोज साहू के साथ मनोज की मोटरसाइकिल में पीछे बैठकर वापस तेंदुखेड़ा जा रहा था। जैसे ही बगदरी बाटरफाल मोड़ ब्रेकर के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे ट्रेक्टर के चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उनकी मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। घटना में मनोज साहू के उपर ट्रेक्टर का पहिया चढ़ जाने से गर्दन पैर में चोटें आईं। जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# जबलपुर में होगा पोत्तनूर जंक्शन-बरौनी जंक्शन स्पेशल ट्रेन का ठहराव

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों होली पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में दक्षिण रेलवे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 06021/06022 पोत्तनूर जंक्शन-बरौनी जंक्शन-पोत्तनूर जंक्शन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतब्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 06021 पोत्तनूर जंक्शन से बरौनी जंक्शन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 02 एवं 09 मार्च को पोत्तनूर जंक्शन स्टेशन से भोर 04.30 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए अगले दिन इटारसी दोपहर 15.10 बजे, जबलपुर शाम 1.15 बजे, सतना रात 21.45 बजे पहुंचकर और तीसरे दिन दोपहर 14.00 बजे बरौनी जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06022 बरौनी जंक्शन से पोत्तनूर जंक्शन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 05 एवं 12 मार्च को बरौनी जंक्शन स्टेशन से दोपहर 13.15 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए अगले दिन सतना प्रातः 05.25 बजे, जबलपुर 08.10 बजे, इटारसी दोपहर 14.00 बजे और तीसरे दिन रात 23.30 बजे पोत्तनूर जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी। 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में तिरुप्पूर, ईरोड जंक्शन, सेलम जंक्शन, जोलारपेट्टै जंक्शन, काटपाडी जंक्शन, पेरम्बूर, गूडूर जंक्शन, नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जंक्शन, विजयवाड़ा जंक्शन, खम्मम, वारंगल, रामागुंडम, सिरपुर कागजनगर, बल्लारशाह जंक्शन, चन्द्रपुर, नागपुर जंक्शन, बैतूल, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, सतना जंक्शन, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, चुनार जंक्शन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जंक्शन एवं शाहपुर पटोरी स्टेशनों पर रुकेगी।



## कोटा-जबलपुर होली एक्सप्रेस में जोड़े गए 5 अतिरिक्त कोच

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। होली पर्व के अवसर पर अतिरिक्त यात्रीभार को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा संचालित गाड़ी संख्या 09806, कोटा-जबलपुर-कोटा होली एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन में यात्रियों की सुविधा हेतु कोचों की स्थायी वृद्धि की गई है। यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए इस स्पेशल ट्रेन में 05 अतिरिक्त कोच जोड़े गए हैं, जिनमें 03 शयनयान श्रेणी, 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी तथा 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी सह द्वितीय श्रेणी कोच शामिल हैं। कोच वृद्धि के पश्चात अब इस स्पेशल ट्रेन में 6 सामान्य श्रेणी, 5 शयनयान श्रेणी, 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी सह द्वितीय श्रेणी तथा 02 बैठक श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 17 कोचेस उपलब्ध रहेंगे।

# कांग्रेस जलाएगी जन समस्याओं की होली

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जन समस्याओं की होली (होलिका दहन) एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि आम जनता की समस्याओं को प्रतीकात्मक रूप से प्रदर्शित करते हुए आज 2 मार्च को रात्रि 8 बजे रसल चौक चौराहे पर जन समस्याओं की होली कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दौरान बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अन्य जन समस्याओं के विरोध में प्रतीकात्मक रूप से होलिका दहन किया जाएगा। इसके बाद 4 मार्च 2026 को दोपहर 12बजे से 3 बजे तक कांग्रेस कार्यालय, रसल चौक में कांग्रेस का होली उत्सव आयोजित किया गया है। कांग्रेस परिवार ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से कार्यक्रमों में उपस्थित होने की अपील की है।

# 37 मृत पेंशनधारियों के खातों से बैंक कर्मचारी ने हड़प ली लाखों की राशि

## सीबीआई की विशेष अदालत ने आरोपी को सुनाई 4 साल की सजा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सतना स्थित इलाहाबाद बैंक में आउटसोर्स कर्मचारी रहे एक शख्स ने ऐसा फर्जीवाड़ा किया कि जांच एजेंसी भी हैरान रह गई। मृत लोगों की पेंशन निकालने के मामले में 28 फरवरी को सीबीआई की विशेष अदालत ने आरोपी ब्रजेश तिवारी को 4 साल की सजा सुनाई और 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। दरअसल जस्टिस रुपेश गुप्ता की अदालत में चले इस मामले की जांच 2017 में जबलपुर सीबीआई ने शिकायत के आधार पर शुरू की थी। जांच में सामने आया कि आरोपी ने मृत खाताधारकों के खाते से करीब 27.55 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए थे। सबूतों के अभाव में 3 बैंक अधिकारियों को बरी कर दिया गया।

### ये है पूरा मामला

सतना के इलाहाबाद बैंक में सैकड़ों खातों, खासकर पेंशन खातों में गड़बड़ी की शिकायत 2017 में सीबीआई को मिली थी। जांच में खुलासा हुआ कि जिन लोगों की मौत हो चुकी थी, उनके नाम पर 2011 से 2015 के बीच लगातार पेंशन निकाली जाती रही। पड़ताल के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ बुजुर्गों की करीब 30 हजार रुपए की पेंशन ट्रेजरी फीड के जरिए उनके खातों से निकाल ली गई। इसके बाद सीबीआई ने मामला दर्ज कर गुप्त जांच शुरू की। इलाहाबाद बैंक में सैकड़ों खातों के बीच जब किसी खाताधारक की मृत्यु हो जाती थी, तो हेड ऑफिस से जोनल ऑफिस को सूचना भेजी जाती थी कि अब संबंधित व्यक्ति की पेंशन बंद की जाए। यह पूरा डाटा आरोपी ब्रजेश तिवारी के पास पहुंचता था। वह इसी जानकारी का फायदा उठाकर मृत व्यक्तियों के खाते नंबर ट्रेजरी फीड के जरिए बदल देता था, जिससे पेंशन की राशि उसके खाते में ट्रांसफर हो जाती थी।



### सीबीआई को मिली थी गुप्त शिकायत

जांच में सामने आया कि 2011 से 2015 के बीच उसने करीब 37 खातों की पेंशन रकम अपने खाते में डलवाई, जिनकी राशि 30 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक थी। सतना निवासी आरोपी ब्रजेश तिवारी को साल 2005 में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में नौकरी मिली थी। नौकरी के दौरान उसने कई बैंक मैनेजरों के साथ काम किया। ग्रेजुएशन तक पढ़े ब्रजेश ने 2011 से ही फर्जीवाड़े का खेल शुरू कर दिया था। 2017 में जबलपुर सीबीआई को एक गुप्त शिकायत मिली कि मृत लोगों के नाम पर भी बैंक से लाखों रुपए की पेंशन निकाली जा रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीबीआई ने जांच शुरू की, जिसमें बड़ा खुलासा हुआ।

### 2019 में हुई थी चार्जशीट पेश

जबलपुर सीबीआई की टीम ने शिकायत के बाद जांच करना शुरू कर दिया। 2019 में सीबीआई कोर्ट में चार्जशीट पेश की गई। जांच चलती रही और आखिरकार 2026 फरवरी को पेंशन घोटाला से संबंधित केस का निर्णय आया। हालांकि कोर्ट ने साक्ष्य के आधार पर बैंक अधिकारी बादल पटेल, सचिन दुबे और ए.के गुलाटी को आरोपों से बरी कर दिया। सीबीआई ने मुख्य आरोपी ब्रजेश तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज किया। सीबीआई अधिवक्ता अंकित गोयल ने बताया कि 2011 से 2015 के बीच जब आरोपी इलाहाबाद बैंक सतना की मुख्य शाखा में पदस्थ था, उसी दौरान उसने माह दर माह यह घोटाला किया। जांच के दौरान यह भी पता चला कि इसने बैंक अधिकारियों की आंखों में धूल झोंकते हुए यह फर्जावाड़ा किया। आरोपी ने करीब 27 लाख 55 हजार का घोटाला किया था, जिसके चलते सीबीआई कोर्ट ने उसे सजा सुनाई।

# हितकारिणी डेंटल कॉलेज की टीम ने जांचे सैकड़ों लोगों के दांत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सामुदायिक भवन, बाई का बगीचा, घमापुर में विगत एक मार्च को पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया के जन्मदिन के उपलक्ष्य में निःशुल्क महा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग से डॉक्टरों की टीम उपस्थित रही। जिनके द्वारा 324 से अधिक संख्या में लोगों के दांतो का परीक्षण एवं उपचार और दांत का इलाज किया गया। साथ ही लोगों को तंबाकू का सेवन न करने एवं उसे छोड़ने की सलाह के साथ दांतो की उचित देखभाल, सही खान पान एवं ब्रश करने के सही तरीकों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। यह शिविर विधायक लखन घनघोरिया एवं श्री रिंकू की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ.रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में हितकारिणी डेंटल कॉलेज से पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ई. श्रीकांत, डॉ.अविनाश बोस, डॉ. वैभव सिंह ठाकुर एवं अन्य डॉक्टरों का योगदान रहा।



# पुलिस की गिरफ्त में फरार इनामी तस्कर



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पनागर थाने की पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 4 हजार रुपए का इनाम घोषित था। उसे शनिवार शाम को सटीक सूचना के आधार पर पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दमोह जिले के जबेरा निवासी मनीष प्रधान के रूप में हुई है। मनीष पनागर थाने में साल 2024 में दर्ज एक गंभीर मामले में मुख्य आरोपी था। घटना के बाद से ही वह लगातार फरार चल रहा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि मनीष प्रधान एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी चार अन्य मामले दर्ज हैं। पुलिस अधिकारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि आरोपी पिछले लगभग ढाई साल से कानून की गिरफ्त से बचने का प्रयास कर रहा था। फिलहाल, मनीष प्रधान पुलिस रिमांड में है। पुलिस उससे सख्ती से पूछताछ कर रही है ताकि नशीले पदार्थों के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य अपराधियों और उनके स्त्रोतों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई जा सके।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**